▸▸ वर्ष 73 ▸▸ अंक 104 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 11 जनवरी, 2026
▸▸ माघ कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

खेती करना मनुष्य का सबसे महत्वपूर्ण श्रम है। जब खेती शुरू होती है, तो अन्य सभी कलाएं और कार्य अपने आप विकसित होते हैं। इसलिए किसान ही सभ्यता के वास्तविक संस्थापक हैं।
- डैनियल वेब्स्टर

इम्पैक्ट फीचर

## कृषि क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल व्यवस्था सुनिश्चित कर प्रदेश के उत्पादों की राष्ट्रीय और वैश्विक उपस्थिति की जाएगी सुनिश्चित



# कृषि वर्ष-2026 में 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' के लक्ष्य को करेगी साकार : मुख्यमंत्री



मध्यप्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जो कहते हैं वह करके दिखाते भी हहै। किसान पुत्र डॉ. यादव ने भाजपा के उस संकल्प को पूरा करने का ताना-बाना बुन लिया जिसमें प्रदेश के किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात कही गई थी। मुख्यमंत्री कई बार कह चुके कि विकसित भारत बनाने के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का होना जरूरी है और ये आत्मनिर्भरता गांव के विकास से ही संभव है:। गांवों के विकास के लिए किसानों का समृद्ध होना आवश्यक है, इसी सोच को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026 को कृषि और किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लिए गये निर्णय अनुसार वर्ष-2026 को प्रदेश में कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में विविध जलवायु जोन, पर्याप्त सिंचाई सुविधा, बेहतर रोड नेटवर्क उपलब्ध है। इसका लाभ लेकर किसानों की आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन के उद्देश्य आधारित गतिविधियां संचालित कर प्रदेश में 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' के लक्ष्य को साकार किया जाएगा।



## किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन को प्रमुखता से लिया जाएगा

कृषि वर्ष-2026 में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां तीन साल का लक्ष्य निर्धारित कर संचालित की जाएंगी। किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए कृषि यंत्रीकरण, कृषकों के क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, उद्यानिकी विस्तार, एफपीओ निर्माण आधारित गतिविधियों को प्रमुखता दी जाएगी। इसके साथ ही सस्ती ब्याज दरों पर ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए माइक्रो इरीगेशन, बेहतर बाजार नेटवर्क, किसानों को उनके उत्पाद का वाजिब मूल्य दिलवाने, पशुपालन तथा मछली पालन जैसी गतिविधियों के लिए कृषकों को प्रेरित करने जैसे प्रयास किए जाएंगे। कृषि वर्ष में जलवायु के अनुकूल कृषि प्रबंधन, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, श्रीअन्न उत्पादन के प्रोत्साहन और जैव विविधता तथा परम्परागत कृषि ज्ञान के संरक्षण और प्राकृतिक और जैविक खेती के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। कृषि क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल व्यवस्था सुनिश्चित कर उनकी राष्ट्रीय और वैश्विक उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

## किसानों को कृषि में उन्नत राज्यों और देशों की यात्रा करायेंगे

कृषि वर्ष में कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में अन्य राज्यों में हो रहे सफल नवाचारों की जानकारी से किसानों को रू-ब-रू कराएंगे। इसके साथ ही किसानों को कृषि में उन्नत राज्यों और इजराइल तथा ब्राजील जैसे कृषि के क्षेत्र में नवाचार करने वाले देशों की यात्रा कराया जाएगा। समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए किसान कल्याण, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास तथा सिंचाई विभाग परस्पर समन्वय से कार्य करेंगे।

## प्रदेश के सभी जिलों में फूलों की खेती को करेंगे प्रोत्साहित

भोपाल में होने वाले गुलाब महोत्सव को पुष्प महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों में उत्पादित होने वाले अन्य फूलों को भी शामिल किया जाएगा तथा सभी जिलों में फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। वर्ष-2028 का 'इंटरनेशनल रोज़ कॉम्पीटिशन' भोपाल में होना प्रस्तावित है। सिंहस्थ : 2028 को देखते हुए उज्जैन जिले के 100 एकड़ क्षेत्र में फूलों की खेती को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में पराली निष्पादन के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। एफपीओ को दुग्ध उत्पादन गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा। सहकारिता और कृषि क्षेत्र में आरंभ स्टार्ट अप को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

### आरई पॉलिसी एवं क्रियान्वयन योजनाएं

- मध्यप्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा नीति-2025
- मध्यप्रदेश पंप हाईड्रो स्टोरेज परियोजना क्रियान्वयन योजना 2025
- मध्यप्रदेश बायोमास परियोजना क्रियान्वयन योजना 2025

### प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान घटक-स

- लगभग 14500 मेगावाट के 550 प्रस्ताव प्राप्त
- लगभग 4500 मेगावाट का क्रियान्वयन शुरू
- रू.2.40 से 2.85 के बीच प्राप्त दर भारत की डीआरई न्यूनतम दरों में
- ग्रिड प्रबंधन व दिन के समय सस्ती बिजली प्रदाय के लिए अनेक नवाचार

### शासकीय भवनों में सोलर रूफटॉप

- प्रदेश के सभी जिलों में सोलर रूफटॉप स्थापित करने का लक्ष्य
- 47 जिलों के 1500 शासकीय भवनों में 70 मेगावाट क्षमता का कार्य प्रारंभ

### प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना

- 76000 घरों में 292 मेगावाट स्थापित
- मध्यप्रदेश देश में छठवें स्थान पर

## दो वर्ष में 7.31 लाख हैक्टेयर सिंचाई क्षेत्र का हुआ विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गत दो वर्ष में 7.31 लाख हैक्टयर क्षेत्र में नई सिंचाई क्षमता विकसित हुई है। प्रदेश की सिंचाई क्षमता में वर्ष 2026 तक 8.44 लाख हैक्टयर की वृद्धि होगी। प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र 100 लाख हैक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल का प्रयोग कर की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पार्वती-काली-सिंध और चम्बल अंतर्राज्यीय लिंक परियोजना, केन-बेतवा अंतर्राज्यीय लिंक परियोजना की स्वीकृति और केंद्र सरकार के सहयोग को राज्य की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए राज्य में भी विभिन्न नदियों को जोड़ने के लिए नदी जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। राज्य में नदी जोड़ो परियोजना अंतर्गत उज्जैन जिले में कान्ह-गंभीर, मंदसौर, नीमच और उज्जैन में कालीसिंध-चंबल,



सतना जिले में केन और मंदाकिनी, सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिले में शक्कर पेंच और दूधी तामिया, रायसेन जिले में जामनेर नेवन और नेवन-बीना नदियों का सर्वेक्षण किया गया है। इस सभी के क्रियान्वयन से कुल 5 लाख 97 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी। इनकी अनुमानित लागत 9870 करोड़ रुपए होगी। सात जिलों के हजारों किसान इन योजनाओं से लाभान्वित होंगे। राज्य की नदियों में बाढ़, जल प्रबंधन, जल के समुचित उपयोग नदी कछारों में पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से राज्य की नदियों को आपस में जोड़ने के लिए तकनीकी दल का गठन 13 नवम्बर 2024 को किया गया था । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल की झील की प्राचीन तकनीक का अध्ययन कर इस तर्ज पर कम लागत में सुरक्षित जलाशय एवं बांध निर्माण की अवधारणा पर कार्य करने के निर्देश दिए।

## नवकरणीय ऊर्जा में नए पायदानों की ओर अग्रसर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में, मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर नए पायदानों को छू रहा है। मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्ष 2030 तक प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा भारत राष्ट्र के लिये निर्धारित 500 गीगावॉट के लक्ष्य को पाने के लिये राज्य पूर्ण रूप से तत्पर है। नवकरणीय ऊर्जा आज केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन चुकी है। मध्यप्रदेश ने इस क्षेत्र में बीते वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। प्रदेश में वर्ष 2012 में कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में नवकरणीय ऊर्जा का योगदान मात्र 5 प्रतिशत था। सतत और नियोजित प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2025 तक यह बढ़कर लगभग 28 से 30 प्रतिशत हो गया है। पिछले 12 वर्षों में प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में लगभग 21 गुना वृद्धि हुई है। 2012 में जहाँ यह क्षमता 438 मेगावॉट थी, वहीं वर्ष 2025 तक यह बढ़कर लगभग 9,508 मेगावॉट के स्तर तक पहुँच चुकी है।



इसमें सौर ऊर्जा से लगभग 5,781 मेगावॉट, पवन ऊर्जा से लगभग 3,448 मेगावॉट, बायोमास से 155 मेगावॉट और लघुजल विद्युत से 124 मेगावॉट का योगदान शामिल है।? विगत 2 वर्षों में प्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। नवंबर 2023 से नवंबर 2025 के बीच प्रदेश की कुल नवकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में लगभग 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में सौर ऊर्जा सबसे तेज़ी से उभरने वाला क्षेत्र रहा, जहाँ क्षमता 3,169 मेगावॉट से बढ़कर 5,781 मेगावॉट हो गई, इसमें लगभग 82 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। पवन ऊर्जा में 21 प्रतिशत और बायोमास तथा स्मॉल हाइड्रो में भी निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है।

### नवीन नीतियों ने तैयार किया निवेश अनुकूल माहौल

प्रदेश सरकार द्वारा नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए 3 नवीन नीतियां लागू की गईं। इनमें मध्यप्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा नीति - 2025, मध्यप्रदेश पंप हाइड्रो परियोजना क्रियान्वयन योजना - 2025 और मध्यप्रदेश बायोमास परियोजना क्रियान्वयन योजना 2025 शामिल हैं। निवेश-अनुकूल और दूरदर्शी नीतियों ने एक मजबूत आधार प्रदान किया है। इन नीतियों के माध्यम से निवेशकों को स्पष्ट नीति ढांचा, सरल प्रक्रियाएँ और दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान की गई है, जिससे प्रदेश में निजी निवेश, परियोजना विकास और रोजगार सृजन को नई गति मिली है। निवेश अनुकूल नीतियों को लागू करने से प्रदेश ने जीआईएस-2025 में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। मध्यप्रदेश सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु सरल नीतियाँ, पूंजीगत सब्सिडी, कर-छूट, भूमि आवंटन में सुगमता तथा पम्प स्टोरेज एवं बायो-फ्यूल परियोजनाओं हेतु विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए हैं। इसी का परिणाम है कि 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि रही। इस समिट में 299 निवेशकों द्वारा लगभग 5.72 लाख करोड़ रुपये के 'इन्टेन्ट-टू-इन्वेस्ट' प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 1.85 लाख नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। विशेष रूप से नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 31 निवेशकों द्वारा लगभग 2.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावित किए गए हैं, जिनके लिए संबंधित कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 1.78 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। पंप स्टोरेज नीति के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 8,450 मेगावॉट की परियोजनाएँ पंजीकृत हो चुकी हैं तथा 7,200 मेगावॉट की परियोजनाएँ पंजीकरण की प्रक्रिया में हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश में लगभग 78,153 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जो ऊर्जा भंडारण, ग्रिड स्थिरता और रोजगार सृजन-तीनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मध्यप्रदेश के 'अन्नदाता' अब बनेंगे 'ऊर्जादाता'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में किये जा रहे अनेक कल्याणकारी कार्यों से प्रदेश में अन्न उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। किसानों को खेती के लिये खाद बीज की सहज उपलब्धता के साथ सिंचाई के संसाधन भी उपलब्ध कराये जा रहे है। इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में 52 हजार किसानों के खेत में सोलर पंप स्थापित करने की योजना प्रारंभ की गई है। सोलर पंप स्थापित हो जाने से अब प्रदेश का किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनेगा। अब प्रदेश के किसान सूरज से खेती करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस अभिनव पहल के तहत 34 हजार 600 इकाइयों को लेटर ऑफ अवार्ड जारी कर 33 हजार कार्यदेश जारी किए जा चुके हैं। किसान



के खेत में सोलर पम्प स्थापित होने से अब उन्हें विद्युत प्रदाय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। बिजली बिल पर व्यय होने वाली यह राशि अब उनके पास बचत के रूप में रहेगी। इसके अतिरिक्त सोलर पम्प से उत्पादित अतिरिक्त ऊर्जा को किसान सरकार को बेच कर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकेंगे। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा लगातार किसानों को सोलर प्रोजेक्ट लगाने के लिए विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान कर सक्षम बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 52 हजार किसानों के खेतों में सोलर पम्प लगाने का अभिनव नवाचार किया है।

### ▸▸ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता का होगा व्यापक परीक्षण ▸▸ स्वच्छ पेयजल के लिए नागरिकों को किया जाएगा प्रोत्साहित

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया 'स्वच्छ जल अभियान' का आगाज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रांत व्यापी 'स्वच्छ जल अभियान' का शुभारंभ हुआ है। यह अभियान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ शुरू किया गया है। अभियान में नगरीय निकायों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ पंचायत एवं ग्रामीण, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के राज्य एवं जिला के अधिकारी भी अभियान का हिस्सा बनाए गए हैं।



### अभियान का मुख्य उद्देश्य

अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता का व्यापक परीक्षण करना है। साथ ही जल आपूर्ति प्रणाली में लीकेज, दूषित जल की पहचान कर समय पर सुधार करना, जिससे जल-जनित बीमारियों से बचाव हो सके। स्वच्छ जल के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित और जांच प्रक्रिया में सहभागिता के लिए जागरूक करना, जिससे आमजन स्वयं ही पानी की गुणवत्ता पर ध्यान दें और समय रहते प्रशासन को अवगत करा सकें।

### अभियान का संचालन

प्रदेश में अभियान का संचालन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। अभियान का दूसरा चरण एक मार्च से प्रारंभ होकर 31 मई तक चलेगा। अभियान अन्तर्गत प्रदेश स्तर पर समस्त सतही और भू-जल पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता का परीक्षण, समस्त जल शोधन संयंत्र, पेयजल संग्रहण की टंकी, वितरण प्रणाली से प्रदाय किये जाने वाले जल की गुणवत्ता का परीक्षण, समस्त जल शोधन संयंत्र, पेयजल टंकियों की सफाई, निकाय क्षेत्र के समस्त वार्ड, समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थान, प्रत्येक आंगनवाडी, विद्यालय, महाविद्यालय, सामूहिक भवन और घर-घर जाकर जल की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। इस कार्य में स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएँ, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग की होगी।

### अभियान के तीन प्रमुख पहलू

#### 1 जल सुरक्षा



- पानी की सेम्पलिंग एवं टेस्टिंग।
- समस्त हैंडपंप तथा ग्रामीण क्षेत्र के स्त्रोतों का सेनेटरी सर्वेक्षण करना।
- समस्त क्रियाशील हैंडपंपों तथा नलजल योजना के स्त्रोतों का डिसइंफेक्शन करना।
- खुले कुओं में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से ब्लीचिंग पाउडर डालकर डिसइंफेक्शन कराना।
- समस्त टंकियों की सफाई।
- बोरवेल संधारण-मरम्मत/डोजिंग।
- आवश्यक मैनपावर केमिस्ट, मैकेनिक और प्लंबर।
- अमृत मित्र का प्रशिक्षण।
- प्रदूषित जल के स्रोत की पहचान एवं जल स्रोत का संरक्षण।
- ग्रामीण नलजल योजना के स्त्रोतों को गंदगी से बचाव हेतु आवशयक प्रोटेक्शन कार्य।
- जल शोधन संयंत्र का प्रबंधन।
- एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का प्रबंधन।
- जल गुणवत्ता गुणवत्ता निगरानी एवं सर्विलांस।
- ग्राम पंचायतों को त्वरित जल गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रशिक्षित करना।
- ज़िला स्तर पर प्रयोगशाला की स्थापना।

#### 2 जल संरक्षण



- सुधारात्मक कार्यवाही-लीकेज को चिन्हित कर दुरुस्त करना।
- पाइप लाइन के आस-पास ट्रैवर्स कर लीकेज की पहचान करना।
- साधारण मरम्मत के कार्य (माइनर रिपेयर वोल्व एवं जॉइंट्स)
- पेयजल वितरण प्रणाली के हर डिस्चार्ज पॉइंट पर IOT Sensors के माध्यम से रेसिडुअल क्लोरीन (residual chlorine) की जाँच की जाएगी।
- जल वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण।
- जल भंडारण एवं जलाशय प्रबंधन।
- हैंडपंप के प्लेटफार्म एवं निकास नाली की मरम्मत।
- अपशिष्ट जल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।
- जन जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता।

#### 3 जल सुनवाई



- प्रत्येक निकाय में कॉल सेंटर की स्थापना।
- समस्त निकायों में हेल्पलाइन नंबर (181) उपलब्ध कराना।
- हर मंगलवार की जिलावार जनसुनवाई में नागरिक जल सम्बंधित शिकायतें ले जा सकते हैं जिसकी त्वरित सुनवाई की जाएगी।
- यदि नागरिक जनसुनवाई में दूषित जल सैंपल लेकर आते हैं, तो उसके टेस्ट रिजल्ट 48 घंटे में बता दिए जाएंगे।
- पंचायत स्तर पर हर मंगलवार को जल सुनवाई की जाएगी।
- शिकायत निवारण प्रणाली।
- स्वच्छ जल का डेटा एकत्रित करना।
- मोहल्ला / वार्ड समिति का सबलीकरण तथा नियमित बैठक का आयोजन।
- IEC के माध्यम से जागरूकता।

D-16140/25

वर्ष 73 ▸ अंक 104 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 11 जनवरी, 2026
माघ कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण Sunday

www.dainikjagranmpcg.com





### ईरानः हिंसक प्रदर्शनों का दायरा बढ़ा, अब तक 217 मौतों का दावा

# सेना बोली- बच्चों को दूर रखें गोली लगे तो शिकायत न करें

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई बड़े शहरों में सरकार विरोधी प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक कम से कम 217 लोगों की मौत होने का दावा किया जा रहा है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डॉक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के केवल छह अस्पतालों में ही 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें से अधिकांश की मौत गोली लगने से हुई।

इधर, रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सरकारी टीवी पर बयान देते हुए माता-पिता को चेतावनी दी कि वे अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें- अगर गोली लगती है तो शिकायत न करें। इस बयान ने सरकार के सख्त और दमनकारी रुख को और स्पष्ट कर दिया।

इस बीच ईरान के पूर्व शाह के बेटे और क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने घोषणा की है कि वे देश लौटकर प्रदर्शनों में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। करीब 50 साल से निर्वासन में रह रहे 65 वर्षीय पहलवी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वे 'राष्ट्रीय क्रांति की जीत के समय ईरान की महान जनता के साथ खड़े होना चाहते हैं।' शनिवार को युवाओं ने तीखे प्रदर्शन किए। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में महिलाएं ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और 1979 की इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला खुमैनी की तस्वीरें जलाती और उनसे सिगरेट सुलगाती नजर आईं। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान नरम रुख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके कई मंत्री सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं। ईरान की अर्थव्यवस्था काफी हद तक तेल निर्यात पर निर्भर है।




### सरकार ने इंटरनेट बंद किया, विरोध रोकने के लिए पूरी ताकत झोंकी

रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती दिनों में खुद सुरक्षा एजेंसियां असमंजस में थीं कि सरकार किस स्तर तक जाएगी। लेकिन सामने आई खूनी तस्वीरों और कड़े बयानों के बाद साफ हो गया कि अब पूरी ताकत झोंकी जा रही है। सरकार ने देशभर में इंटरनेट और फोन सेवाएं लगभग बंद कर दीं, ताकि प्रदर्शनकारियों के बीच समन्वय न हो सके।

#### महंगाई व बेरोजगारी से भड़का जेन जी

देशभर में खासकर जेन जी में भारी आक्रोश है। दिसंबर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 14.5 लाख प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गई। साल की शुरुआत से अब तक रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72 फीसदी और दवाओं में 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 2026 के बजट में सरकार द्वारा 62 फीसदी टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों की नाराजगी को और हवा दी। प्रदर्शन अब गरीब या सीमावर्ती इलाकों से बल्कि मध्यम वर्गीय क्षेत्रों में भी फैल चुके हैं। यही वजह है कि सरकार और अधिक बेरहमी से कार्रवाई कर सकती है। आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।



### खामेनेई का सख्त संदेश, बोले- ये भाड़े के लोग

देश को संबोधित करते हुए सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने कहा कि ईरान 'विदेशियों के लिए काम करने वाले भाड़े के लोगों' को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि हिंसा के पीछे विदेशी एजेंट हैं जो देश को अस्थिर करना चाहते हैं। खामेनेई ने ट्रम्प पर तंज कसते हुए कहा कि ईरान को खुश करने के लिए सार्वजनिक संपत्ति नष्ट की जा रही है, लेकिन इस्लामिक रिपब्लिक अपने दुश्मनों के सामने कभी नहीं झुकेगी।

#### चुकानी होगी कीमतः ट्रंप

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि ईरानी सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों की हत्या करते हैं तो ईरान को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरानी सरकार का आरोप है कि अमेरिका और इजराइल इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं।

### स्वच्छ जल अभियान शुरू, 31 मई तक दो चरणों में चलेगा

# किसी हालत में न हो दूषित पानी की सप्लाईः मुख्यमंत्री




**जागरण, भोपाल।** हर घर साफ पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को स्वच्छ जल अभियान लांच किया। दो चरणों में यह अभियान 31 मई तक चलेगा। इसमें तकनीक का इस्तेमाल करते हुए रोबोट की सहायता से लीकेज की जांच होगी। हर मंगलवार को जल सुनवाई कर जल समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अभियान लांच करते हुए कहा कि इसमें लापरवाही करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे, कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तकनीक का इस्तेमाल कर हर घर साफ पानी की सप्लाई सुनिश्चित करें। दूषित पानी किसी भी स्थिति में सप्लाई नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जल सुरक्षा, जल संरक्षण और जल सुनवाई के महती उद्देश्य से स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साफ जल घर-घर तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी तकनीक का उपयोग करते हुए अपनी जबावदारी निभाएं। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि दूषित होने पर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, लेकिन दूषित पेयजल सप्लाई किसी भी स्थिति में कहीं न हो। यह सुनिश्चित किया जाए।

#### अभियान की खास बातें

- हर मंगलवार जल सुनवाई होगी। आम जनता की सुनवाई होगी और साफ पेयजल सप्लाई सुनिश्चित होगी।
- अभियान को सफल बनाने के लिए जन जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के प्रयास होंगे।
- अभियान का पहला चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और दूसरा चरण 1 मार्च से 31 मई तक चलेगा।
- समस्त जल शोधन संयंत्र और पेयजल टंकियों की होगी सफाई, जीआईएस मैप आधारित एप से निगरानी की जाएगी।
- पेयजल पाइप लाइन में दूषित मिश्रण रोका जाएगा।
- जल और सीवेज पाइप लाइन की जीआईएस मैपिंग होगी।
- इंटर पाइंट सेक्शन चिंहित कर लीकेज जांच जाएगा।
- रोबोट से पाइप लाइन में लीकेज की जांच की जाएगी।
- समस्त पेयजल स्त्रोत की गुणवत्ता परखी जाएगी।
- जल की गुणवत्ता का नियमित होगा परीक्षण
- एसटीपी की भी होगी नियमित निगरानी
- 181 पर पेयजल संबंधी शिकायतों को दर्ज करने की विशेष व्यवस्था
- पेयजल समस्या के आवेदनों का समयसीमा में निराकरण कर आवेदक को अवगत कराया जाएगा।



सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने का जश्न!

# अयोध्या के राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश

**अयोध्या, जेएनएन।** अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने मंदिर परिसर के भीतर नमाज पढ़ने की कोशिश की। जैसे ही उसने नमाज के लिए कपड़ा बिछाया, वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। इसके बाद वह व्यक्ति नारेबाजी करने लगा, जिससे कुछ देर के लिए परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम अबु अहद शेख बताया है। वह जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले का रहने वाला है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ-साथ खुफिया एजेंसियां भी मौके पर पहुंच गईं। फिलहाल उससे राम मंदिर परिसर में बने पुलिस कंट्रोल रूम में गहन पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद शुरुआती तौर पर यह सूचना सामने आई थी कि तीन लोगों को मंदिर परिसर से पकड़ा गया है। हालांकि, अयोध्या के एसएसपी गौरव ग्रोवर ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, 'हमारे पास केवल एक ही व्यक्ति है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओडिशाः 9-सीटर विमान क्रैश, कराई फोर्स लैंडिंग

**राउरकेला, जेएनएन।** ओडिशा के राउरकेला में शनिवार दोपहर एक बड़ा विमान हादसा होते-होते टल गया। इंडिया वन एयर का 9-सीटर कमर्शियल विमान तकनीकी खराबी के बाद खुले मैदान में फोर्स लैंडिंग करने को मजबूर हुआ। इस हादसे में विमान में सवार 4 यात्री और 2 पायलट घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना राउरकेला से करीब 10-15 किलोमीटर दूर जाल्दा इलाके में शनिवार दोपहर लगभग 1.20 बजे हुई। अधिकारियों के मुताबिक, विमान ने दोपहर 12.27 बजे भुवनेश्वर से राउरकेला के लिए उड़ान भरी थी।

### प. बंगाल के हल्दिया में अपना बेस बना रही नेवी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय नौसेना पश्चिम बंगाल के हल्दिया में एक नया नेवी बेस बनाने जा रही है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, यह कदम चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियों और बांग्लादेश-पाकिस्तान से जुड़े बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा हालात को देखते हुए उठाया जा रहा है। इस नए बेस पर लगभग 100 अधिकारी और नाविक तैनात किए जाएंगे। इससे साफ है कि यह एक छोटा लेकिन रणनीतिक रूप से अहम बेस होगा। हल्दिया, कोलकाता से करीब 100 किमी दूर है और यहां से सीधे बंगाल की खाड़ी तक पहुंच मिलती है। इसका मकसद उत्तरी बंगाल की खाड़ी में भारत की समुद्री मौजूदगी को मजबूत करना है। यह नया बेस एक पूर्ण नौसैनिक कमांड न होकर 'नेवल डिटैचमेंट' के रूप में काम करेगा।

### दिल्लीः पोक्सो मामले में दोषसिद्धि रखी बरकरार

# सीमित शब्दावली के आधार पर रद्द नहीं होगी सजाः हाई कोर्ट




**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी नाबालिग यौन शोषण पीड़िता की कम उम्र और सीमित शब्दावली के कारण उसके बयान में आए छोटे-छोटे अंतर को गंभीर विरोधाभास नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि यदि आरोप का मूल तथ्य लगातार एक जैसा है, तो अभिव्यक्ति में मामूली बदलाव से गवाह की विश्वसनीयता प्रभावित नहीं होती। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें एक व्यक्ति ने ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई 7 साल की सजा को चुनौती दी थी। आरोपी को पोक्सो के तहत दोषी ठहराया गया था। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए आरोपी की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट ने बच्ची के बयान का मूल्यांकन करते समय उसकी उम्र को ध्यान में रखते हुए बिल्कुल सही दृष्टिकोण अपनाया।

#### उम्र व शब्द सीमा नजरअंदाज नहीं की जा सकती

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'घटना के समय पीड़ित बच्ची की बेहद कम उम्र और उसकी सीमित शब्दावली को देखते हुए बयान में आया ऐसा अंतर मटेरियल कॉन्ट्राडिक्शन नहीं माना जा सकता।' कोर्ट ने यह भी जोड़ा कि आरोपी द्वारा किए गए यौन शोषण का मुख्य आरोप पूरे समय एक जैसा बना रहा है।







संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# टैरिफ लगाकर नाकामी पर पर्दा डाल रहे ट्रंप

*डोनाल्ड ट्रंप का रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 फीसद टैरिफ लगाने का नया प्रस्ताव अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। अमेरिका का यह कदम भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों को निशाना बना रहा है, जिसका उद्देश्य यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को संसाधन जुटाने से रोकना है।*

*वेनेजुएला और ग्रीनलैंड में उलझे डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वाली कहानी अभी पूरी नहीं हुई है। उनका नया प्रस्तावित बिल और भी एकतरफा, मनमाना और अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। खुद उनकी सरकार को यह कहने में संकोच नहीं कि इससे अमेरिकी राष्ट्रपति को दूसरे देशों पर दबाव बनाने की शक्ति मिलेगी।*

*नए बिल के मुताबिक, रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 फीसद टैरिफ लगाया जा सकता है। इस बिल पर अगले हफ्ते वोटिंग की उम्मीद है। इस फैसले से पहले दुनिया के सभी बाजार दबाव में हैं. लेकिन फैसला ट्रंप प्रशासन के खिलाफ आता है, तो फिर भारत समेत दुनिया के कई बाजारों में जोरदार तेजी देखने को मिल सकती है। ट्रंप प्रशासन के खिलाफ फैसला जाने पर भारतीय शेयर बाजार को फायदा हो सकता है। अमेरिका के निशाने पर मुख्य रूप से भारत, चीन और ब्राजील है। बहाना उसका वही पुराना है कि रूस इन देशों को तेल बेचकर यूक्रेन युद्ध के लिए संसाधन जुटा रहा है। हालांकि हकीकत यही है कि अमेरिका और यूरोप की युद्ध रुकवाने की अभी तक की सारी कोशिशें नाकाफी साबित हुई हैं, लेकिन वॉशिंगटन उस नाकामी को दूसरों पर डालना चाहता है।*

*अमेरिकी सीनेटर ग्राहम के मुताबिक, इस बिल से राष्ट्रपति ट्रंप को भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर दबाव बनाने की ताकत मिलेगी, ताकि वे सस्ता रूसी तेल खरीदना बंद करें। पिछले साल ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैक्स लगाया था। इससे कुछ भारतीय सामानों पर कुल टैक्स 50 फीसदी तक पहुंच गया और दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई।*

*पिछले महीने अमेरिका ने उत्साह के साथ फ्लोरिडा में यूक्रेन, रूस और यूरोप के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक की थी। ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी इन बैठकों का हिस्सा थे और इनमें यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर खास फोकस रहा। लेकिन, लगता नहीं कि इन बैठकों का कोई असर पड़ा, क्योंकि इनके साथ-साथ रूसी हमलों में भी तेजी आई है। अब ब्रिटेन और फ्रांस ने एक सहमति पत्र पर साइन किए हैं, जिसके मुताबिक शांति समझौते के बाद वे यूक्रेन में सेना तैनात करना चाहते हैं, जबकि रूस इसके विरोध में हैं।*

*रूस और यूक्रेन के बीच का मसला कई बिंदुओं पर उलझा हुआ है, पर ट्रंप प्रशासन उसका सरलीकरण करके उसे सिर्फ एक नजर से देख रहा है तेल की खरीद। अजीब बात है कि खुद ट्रंप के दावे के मुताबिक, भारत अब रूस से कम तेल आयात कर रहा है। युद्ध से लेकर तेल तक, ट्रंप हर दिन कोई नया दावा करते हैं। हाल में उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अपाचे हेलिकॉप्टर की डील पर बयान दिया, जिसमें गलतियां थी। ट्रंप की बातें पारंपरिक कूटनीतिक भाषा से अलग और असामान्य हैं। भारत को विरोध दर्ज कराने के लिए कूटनीतिक रास्ता ही अपनाना चाहिए। वॉशिंगटन तक यह बात पहुंचानी जरूरी है कि उसके कदम द्विपक्षीय रिश्तों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।*

*अभी दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर वार्ता चल रही है, तो फोकस उसी पर होना चाहिए। बहरहाल, ट्रंप सरकार की इन ऊट-पटांग हरकतों की वजह से अमेरिका दुनिया का भरोसा गंवाता जा रहा है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से उसकी सबसे बड़ी करंसी रही है।*

## प्रसंगवश

# राजनीतिक मजबूरियों का बंधक न बने क्रिकेट

*आपसी टकराव में फंसकर, भारत के अपने उपमहाद्वीपीय पड़ोसियों के साथ क्रिकेट के रिश्ते तेजी से बिगड़ रहे हैं। अगर पाकिस्तान के साथ सीमाई तनावों और आतंकवाद की मुसीबत ने वाघा के दोनों ओर खेल संबंधों को प्रभावित किया, तो बांग्लादेश के भीतर उथल-पुथल और इसे लेकर भारत के अंदर चरम प्रतिक्रियाओं ने रोड़ा अटकाया है।*

*बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों की भयावह हत्याओं की पूरे भारत में निंदा उचित थी, मगर फिर भी बिना विचारे एकाएक खेल-संबंधी फेर-बदल से बचा जाना चाहिए था। सोशल मीडिया के जमाने में, जहां हिंसा और अपमान की तीव्रता बढ़ने की प्रवृत्ति होती है, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को अपने बांग्लादेशी खब्बू तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को हटाने के लिए मजबूर करके जल्दबाजी भरी प्रतिक्रिया दी है।*

*अधिकारियों को समझना चाहिए था कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 26 मार्च को शुरू होना है और तब तक गंगा और पद्मा में बहुत सारा पानी बह चुका होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भी जवाब देने में देर नहीं की। अपनी टीम की सुरक्षा को खतरे का बहाना पेश किया और आगामी आईसीसी टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश के मैच मेजबान भारत से बाहर दूसरी जगह कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को पत्र भेजा। बांग्लादेश ने आईपीएल के प्रसारण पर देश में प्रतिबंध लगाने का भी फैसला किया।*

*यह देखते हुए कि टी-20 विश्व कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है, अंतिम क्षण में आयोजन स्थलों का इंतजाम मुश्किल होगा। बताते चलें कि पाकिस्तान के खेल श्रीलंका में रखे गये हैं और भारत के खिलाफ उसका बड़ा मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में होगा। बांग्लादेश को भारत में चार शुरुआती लीग मैच खेलने थे, जिसे देखते हुए, जगह बदलने से मेजबानी से जुड़े तमाम इंतजाम प्रभावित होंगे। अगर बीसीसीआई ने शत्रुतापूर्ण हालात बदलने का इंतजार किया होता तो इस परेशानी को टाला जा सकता था। भारत और बांग्लादेश, एक राष्ट्र जो साल 1971 में भारत की मदद से जन्मा, रिश्तों के जिन धागों से जुड़े हैं वे अब कमजोर पड़ गये हैं। कूटनीति समायोजन और प्रयोजनवाद का एक जटिल संयोजन है। बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शरण मांगी और उन्हें दिल्ली में शरण दी गयी, साथ ही भारत सरकार ने उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी और पूर्व प्रधानमंत्री मरहूम खालिदा जिया के प्रति अपना अंतिम सम्मान भी जताया।*

*मौजूदा संकट से निपटते हुए निष्पक्षता बनाये रखने का कठिन कार्यभार आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के सामने है। सीमा के दोनों तरफ तीखी प्रतिक्रियाओं को मद्धिम करने की जरूरत है; खेल को राजनीतिक मजबूरियों का बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए।*




## ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**एवं बहुविधा यज्ञा वितता ब्रह्मणो मुखे।**
**कर्मजान्विद्धि तान्सर्वानेवं ज्ञात्वा विमोक्ष्यसे**

**भावार्थ**

बहुत तरह के यज्ञ वेद में विस्तार से कहे गये हैं। उन सबको तू मन इन्द्रिय और शरीर की क्रिया द्वारा सम्पन्न होने वाला जान। इस प्रकार उनके अनुष्ठान द्वारा तू कर्मबन्धन से सर्वथा मुक्त हो जाएगा।

## विश्व हिंदी दिवस

**विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहे भारत की प्रमुख भाषा हिंदी ही हो सकती है।**

# सबकी भाषा बने, तभी विश्व भाषा बनेगी हिंदी

उमेश चतुर्वेदी




दस जनवरी, 1975 को नागपुर में शुरू हुए पहले विश्व हिंदी सम्मेलन के पीछे यह सोच थी कि आने वाले दिनों में हिंदी वैश्विक स्तर पर स्थापित हो सके। वैश्विक स्तर पर सीमित ही सही, हिंदी का प्रसार तो हो रहा है। परंतु मोटे तौर पर देखें, तो इसके पीछे सांस्थानिक प्रयास कम, दुनियाभर में फैल रहे भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों का योगदान अधिक है।

विश्व गुरु की अवधारणा पूरी तरह देशज है। हाल के कुछ वर्षों में देश की यह भावना बार-बार प्रकट हुई है। परंतु इस सम्मान को प्राप्त करने के लिए जो शर्तें होनी चाहिए, उनमें एक राष्ट्र की अपनी सम्माननीय भाषा को भी पूरा करना जरूरी है। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह प्रश्न आवश्यक है कि राष्ट्र के ज्ञान, उसकी अभिव्यक्ति और उसके भविष्य की भाषा कौन-सी हो सकती है। राष्ट्रीय सोच इस प्रश्न के उत्तर में बिना किसी संकोच और देर के हिंदी का नाम ले सकती है। पर आज की विभाजनकारी राजनीति एवं वैचारिकी और इनसे प्रभावित मीडिया का एक बड़ा वर्ग शायद ही इसे स्वीकार कर सके। परंतु बहुभाषी भारतीय परंपरा और संस्कृति में भारत की स्वाभाविक स्थिति ही यह साबित करने के लिए काफी है कि विश्व गुरु के पायदान की ओर बढ़ रहे भारत की प्रमुख भाषा हिंदी ही हो सकती है।

सवाल उठता है कि हिंदी दिवस साल में दो बार क्यों मनाया जाता है? हिंदी दिवस दो बार मनाने के पीछे का इतिहास और वैश्विक सोच की गहरी वजह है। हिंदी दिवस एक बार 10 जनवरी को मनाया जाता है और 14 सितंबर के दिन भारत अपना राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाता है। 14 सितंबर के राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर संविधान की मुहर लगी है। 14 सितंबर 1949 के दिन संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। यह फैसला आसान नहीं था। उस समय देश भाषाई विविधता से भरा था, बहस तीखी थी। लेकिन हिंदी को इसलिए चुना गया क्योंकि यह सबसे अधिक बोली-समझी जाने वाली भाषा थी। यह आम जनता की भाषा थी। इस दिन के इतिहास को याद रखने के लिए 1953 से हर साल 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाने लगा। यह दिन हिंदी को संविधान का सम्मान दिलाने का दिन है।

दस जनवरी, 1975 को नागपुर में शुरू हुए पहले विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्देश्य पता नहीं हिंदी को विश्व गुरु वाले राष्ट्र की प्रमुख भाषा के रूप में स्थापित करना था या नहीं, पर उसके पीछे यह सोच अवश्य थी कि आने वाले दिनों में हिंदी वैश्विक स्तर पर स्थापित हो सके। विश्व हिंदी दिवस हर वर्ष इसी सोच और उद्देश्य को याद दिलाने का प्रयास करता है। वैश्विक स्तर पर सीमित ही सही, हिंदी का प्रसार तो हो रहा है। परंतु मोटे तौर पर देखें, तो इसके पीछे सांस्थानिक प्रयास कम, दुनियाभर में फैल रहे भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों का योगदान अधिक है। हिंदी में और हिंदी के लिए काम कर रहे प्रवासी भारतीयों और हिंदी प्रेमियों को मंच देने और उनके वैश्विक प्रयासों को मर्यादित ही सही, मान्यता दिलाने में विश्व हिंदी सम्मेलनों ने जरूर सहयोग किया है। विश्व गुरु बनने के लिए भारत के पास अपनी एक ऐसी भाषा होनी चाहिए, जिसे समूचा देश स्वीकार कर सके, वह परंपरा की वाहक भी हो, संस्कृति की भाष्यकार भी हो और आधुनिक संदर्भों से भी स्वयं को गहराई से जोड़ सके। जिसमें समूचे राष्ट्र को स्वयं को अभिव्यक्त करने में गर्व की अनुभूति हो। जो आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का भी माध्यम बन सके, जिसमें वैश्विक स्तर का साहित्य हो। जो राजकाज की भी भाषा हो, जिसके जरिये राष्ट्र अपनी राष्ट्रीय आवाज को उठा सके।

आज की विश्व भाषा अंग्रेजी को देखिए। भौगोलिक प्रसार की दृष्टि से देखें, तो उसकी तुलना में सबसे ज्यादा भूभाग पर स्पेनिश बोली जाती है। बोलने वाले व्यक्तियों के लिहाज से देखें, तो उसकी तुलना में मंदारिन, यानी चीनी भाषा बोलने वालों की संख्या कहीं ज्यादा है। परंतु वैश्विक राजनय के लिहाज से देखें, तो अंग्रेजी पहले नंबर पर है। दुनियाभर के देशों के आपसी संपर्क की भाषा अंग्रेजी है। इसके बावजूद देखें तो रूसी, फ्रेंच, इटैलियन, स्पेनिश, अरबी आदि भाषाएं अपने ही राष्ट्रों में राष्ट्रीय गर्व और व्यवहार की भाषा हैं। राष्ट्रीय गर्व और व्यवहार के नजरिये से देखें, तो अपनी हिंदी अपने देश में पिछड़ती नजर आती है। विश्व भाषा होने के लिए किसी भाषा में वैश्विक स्तर का स्तरीय साहित्य भी होना चाहिए। पर अपनी हिंदी को देखिए। यहां 'मैं तुझे मीर कहूं, तुम मुझे गालिब कहो' के अंदाज में पुस्तकें लिखी जा रही हैं और उनकी समीक्षाएं हो रही हैं।

वर्ष 2009 के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के अनुसार आज प्राध्यापक बनने के लिए पुस्तकें लिखना और पीएचडी करना जरूरी योग्यता हो गयी है। इसके चलते आजकल हिंदी में पुस्तकें लिखने का फैशन बढ़ गया है। अपनी वैचारिकी वाली राजनीतिक ताकतों के जरिये पुस्तकों का विमोचन और लोकार्पण भी खूब हो रहा है। पर इसका उद्देश्य ज्ञान और अभिव्यक्ति के झंडे गाड़ना कम, राजनीतिक आकाओं को खुश करना और उसके जरिये प्राध्यापक बनना या ऐसी ही नौकरियां प्राप्त करना रह गया है। शोध भी कैसे हो रहे हैं, इसकी जानकारी हर प्रबुद्ध व्यक्ति को है। पुस्तक छापने वाले कुछ हिंदी प्रकाशकों की ईमानदारी भी इस कर्म में लगे हर व्यक्ति को पता है। प्रश्न यह है कि जिस हिंदी में इतनी अराजकता हो, क्या उससे विश्व भाषा बनने की आशा की जा सकती है।

प्रश्न यह भी है कि क्या ऐसी स्थिति में हिंदी में वैश्विक स्तर की साहित्य रचना हो सकती है? हिंदी के बीच सरोकारी लेखन, ज्ञानाभिव्यक्ति और स्तरीय साहित्य लेखन के भी प्रयास जारी हैं, परंतु वे आपाधापी की प्रक्रिया के बीच ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। शायद यही कारण है कि हिंदी के विरोध में उठने वाली राजनीति प्रेरित आवाजों का समवेत प्रतिकार नहीं हो पाता। इसलिए हिंदी के बरक्स अंग्रेजी अब भी भारत के प्रभु वर्ग और शिष्ट समाज के साथ ही ज्ञान परिवार की प्रभावी भाषा बनी हुई है। निश्चित तौर पर भारतीयों के प्रसार के चलते हिंदी कामचलाऊ बोलचाल की भाषा के रूप में विश्व के किसी भी कोने में अपनी उपस्थिति जता सकती है। इस तरह उसका प्रचार तो हो सकता है, पर वह संस्कृति, चिंतन और राजकाज की भाषा नहीं बन सकती है। इस संदर्भ में विश्व हिंदी दिवस पर हिंदी के कर्णधारों को सोचना होगा कि क्या इसी हिंदी के सहारे वे विश्व भाषा के पायदान को छू पायेंगे, बिना स्तरीय साहित्य के वैश्विक सम्मति और सम्मान प्राप्त कर पायेंगे?

## खुला मंच

# थैंक गॉड, वे समझे तो सही...

अशोक गौतम

बाहर से समझदार लगने वाले को जितने सरल तरीके से मैं उन्हें समझा सकता था समझाया, पर वह समझदार ही क्या जो इशारे में समझाने पर समझ जाए कि जनाब! सरकारी दफ्तरों में अब काम ऐसे नहीं हुआ करते जैसे आप करवाने की सोच रहे हैं। जब पैदा होने से लेकर मरने तक हमारे सारे काम काज दलाल संभाल रहे हों तो दफ्तरों में भी जनता के काम काज उनके ही 'थ्रू' हों तो कौन सी बुरी बात है? इससे ऑफिसों में भीड़ भी कम रहती है। खैर, रोज की तरह वे कल फिर मेरी कुर्सी के पास आकर मंडराने लगे। आते ही रोज की बोले, 'बंधु! महीना हो गया मुझे आपकी कुर्सी के दर्शन करते, मेरा काम कब तक होगा?'

उस दिन मुझे उन पर दया आ गई। पहली बार उनके बाल सफेद देखे थे। शायद, आज उन्होंने अपने बालों में रंग नहीं लगाया था। कारण क्या रहे होंगे, वे ही बता सकते हैं।

'देखो सर! प्लीज! बुरा मत मानिएगा! आजकल काम करने का रंग ढंग जरा बदल गया है।'

'तो कैसे होते हैं आजकल काम?'

'आप आस्तिक हो या नास्तिक?'

'नख से शिख तक आस्तिक ही आस्तिक! जनेऊ दिखाऊं क्या?' 'राजनीति में जनेऊ दिखाने के लिए होते हैं सर! ऑफिसों में नहीं। अच्छा, तो आप कभी मंदिर गए हो?'

'रोज जाता हूं।' 'क्या करने?'

'सरकार तो कुछ देने से रही। भगवान कम से कम सुन तो लेते हैं।'

'तो आप उनसे मन्नत मांगने से पहले क्या करते हो?'

'पहले उनको चढ़ावा चढ़ा कर रिझाता हूं।'

'तो फिर यहां ऐसा क्यों नहीं? ऑफिस क्या जनता के मंदिरों से कम होते हैं? हम क्या सरकार के पुर्जे नहीं? जनाब! जब बिन चढ़ावे के भगवान नहीं सुनते तो हम क्या खाक सुनें? क्यों सुनें? किसकी सुनें?'

'इसलिए सुनें कि सरकार आपको भक्तों के काम करने का वेतन देती है', अबके वे गुस्से में बोले। सारी मर्यादाओं को त्याग। पर मैं सहज रहा। मुझे पता है कि कुर्सी पर बैठ गुस्सा करना बहुत बुरा होता है।

'देखो भाई साहब! सरकार हमें वेतन ऑफिस में आने का देती है। सरकार हमें वेतन दस से पांच जनता को अपने दर्शन कराने का देती है। काम करवाने के तो अलग लगेंगे ही लगेंगे', मैंने बड़े प्यार से कहा तो वे तुरंत समझ गए। बड़े बड़े पदों से सादर सेवानिवृत्त होने वाले कह गए हैं प्यार से समझाने पर गधे भी बड़ी आसानी से समझ जाया करते हैं मित्रो!

## चर्चा में चेहरा

**ट्रंप ने ड्रग कार्टेल चलाने का आरोप लगा कर घर में घुस कर मादुरो को पकड़ा है।**

# बस ड्राइवर से राष्ट्रपति की कुर्सी तक पहुंचे मादुरो

राजेश भारती



**अमेरिका ने जिन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंधक बनाया है, वे कौन हैं? वेनेजुएला की राजनीति में उनकी क्या भूमिका रही है? अमेरिकी सरकार उनसे किस बात पर नाराज रही है? इसके अलावा ट्रंप प्रशासन की ऐसी क्या नाराजगी थी कि वेनेजुएला पर कार्रवाई के साथ मादुरो को कैद करने जैसा कदम उठाया गया?**

पिछले दिनों पूरी दुनिया के लिए एक चौंकाने वाली खबर आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने वेनेजुएला में एक सैन्य ऑपरेशन चलाकर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को पकड़ा है। निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेना ने उनके घर में घुसकर पकड़ा है। ट्रंप की सरकार ने मादुरो पर ड्रग कार्टेल चलाने और दूसरे अपराधों का आरोप लगाया है। वह कई महीनों से मादुरो पर पद छोड़ने का दबाव डाल रहे थे।

अमेरिका ने उन पर नार्को-टेररिज्म यानी नशीली दवाओं की तस्करी के बड़े आरोप लगाए हैं। साल 2025 में यूएस ने मादुरो की सरकार को एक विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया। साल 2018 और हालिया 2024 के चुनावों में उन पर धांधली के गंभीर आरोप लगे। 50 से अधिक देशों ने उन्हें राष्ट्रपति मानने से इनकार कर दिया। अगस्त 2025 में अमेरिका ने मादुरो की गिरफ्तारी की सूचना देने वाले के लिए इनाम की राशि 50 मिलियन डॉलर (करीब रु 420 करोड़) कर दी।

### कौन हैं निकोलस मादुरो?

निकोलस मादुरो का जन्म 23 नवंबर, 1962 को एक मजदूर परिवार में हुआ था। वह एक ट्रेड यूनियन लीडर के बेटे हैं। उन्होंने उस समय बस ड्राइवर के तौर पर काम किया जब सेना अधिकारी ह्यूगो शावेज ने 1992 में तख्तापलट की नाकाम कोशिश की थी। इसी पेशे के दौरान ही उन्हें बस ड्राइवरों की यूनियन का नेता चुना गया। उन्होंने शावेज को जेल से रिहा करवाने के लिए कैंपेन किया। शावेज के 1998 के चुनाव के बाद उन्होंने विधायिका में एक सीट जीती। वह पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज के सबसे भरोसेमंद साथी थे। उन्होंने 2006 से 2013 तक विदेश मंत्री के रूप में काम किया। उन्हें 2012 में उपराष्ट्रपति नियुक्त किया गया और 2013 में शावेज की मृत्यु के बाद वे अंतरिम राष्ट्रपति बने।

### विवादों में रहे

उनके प्रशासन के दौरान एक भयानक आर्थिक संकट आया। उनका शासन कथित तौर पर धांधली वाले चुनावों, खाने की कमी और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए सबसे ज्यादा जाना गया। 2020 में वॉशिंगटन ने उन पर भ्रष्टाचार और दूसरे आरोपों में केस किया। जनवरी 2025 में उन्होंने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। यह 2024 का चुनाव था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय ऑब्जर्वर और विपक्ष ने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी वाला बताकर निंदा की थी। सरकार की जीत की घोषणा का विरोध करने वाले हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया। उनकी सरकार के दमनकारी कदमों की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने लगातार आलोचना की। मचाडो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।

### अमेरिका की आंखों का कांटा बने

सितंबर 2013 में जब मादुरो वेनेजुएला के राष्ट्रपति बने तो अमेरिकी राजनयिकों को देश छोड़ने के आदेश दिया था। 2014 में मादुरो ने अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा को चुनौती दी कि वे वेनेजुएला से सीधी और स्पष्ट बात करें। अमेरिका ने 2015 में वेनेजुएला पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए गए। 2018 वेनेजुएला में हुए चुनाव में मादुरो की जीत हुई। 2019 जनवरी में वेनेजुएला में अमेरिकी समर्थित नेता हुआन गाइदो ने खुद को वेनेजुएला का राष्ट्रपति घोषित कर लिया। मादुरो ने इसे तख्तापलट की कोशिश करार देते हुए अमेरिकी राजनयिकों को 24 घंटे में देश छोड़ने का आदेश दिया। उन्होंने इन कोशिशों के पीछे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, उनके एनएसए जॉन बोल्टन को जिम्मेदार बताया।

2020 मई में एक बार फिर मादुरो ने दावा किया कि दो अमेरिकी नागरिकों- ल्यूक डेनमैन और एरैन बेरी को पकड़ा गया है, जो कि उनके खिलाफ तख्तापलट की साजिश रच रहे थे। दोनों को वेनेजुएला में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई।

### सत्ता में आते ही ट्रंप ने की कार्रवाई

जनवरी 2025 में ट्रंप के सत्ता में लौटते ही अमेरिका ने मादुरो पर कोकीन और अन्य ड्रग्स की तस्करी का आरोप लगाया। इसके बाद ट्रंप ने वेनेजुएला से निकलने वाली नावों पर हमला बोला। इसमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। ट्रंप ने खुले तौर पर वेनेजुएला के खिलाफ सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) को अभियान चलाने का आदेश दिया। अमेरिका ने वेनेजुएला की घेरेबंदी की शुरुआत कर दी। वेनेजुएला से आने-जाने वाले तेल टैंकरों को पकड़ने की कार्रवाई की गई और आर्थिक तौर पर वेनेजुएला को कमजोर करना शुरू किया गया।

अब ताजा घटनाक्रम में अमेरिका ने वेनेजुएला में नशीली दवा के अड्डों और ठिकानों पर दर्जनों सैन्य हमले करने का दावा किया है। ट्रंप प्रशासन ने बताया है कि अमेरिकी विशेष बलों (डेल्टा फोर्स) ने मादुरो को पकड़ने के लिए सीधा अभियान चलाया है, क्योंकि वे मादुरो को एक नार्को-क्रिमिनल मानते हैं।

## मेरा पैसा

# रिटायरमेंट पर करोड़पति बना देंगी ये बचत योजनाएं

राजेश भारती



**आप भी चाहते होंगे कि जब आप अपनी जॉब से रिटायर हों तो आपके पास कम से कम 3 करोड़ रुपये की रकम हो। ताकि आप बाकी की जिंदगी आराम से गुजार सकें। इसके लिए आपको कई स्कीम में निवेश करना होगा।**

हर शख्स चाहता है कि वह रिटायरमेंट पर इतना बड़ा फंड तैयार कर ले कि उसकी बाकी की जिंदगी आराम से गुजर जाए। इसके लिए काफी लोग अलग-अलग स्कीम में निवेश भी करते हैं। लेकिन कई बार गलत रणनीति के कारण प्लान फेल हो जाता है। क्या आप भी चाहते हैं कि जब आप अपनी जॉब से रिटायर हों तो आपके पास कम से कम 3 करोड़ रुपये की रकम हो। यानी रिटायरमेंट फंड 3 करोड़ रुपये हो ताकि आप बाकी की जिंदगी आराम से गुजार सकें। इसके लिए आपको कई स्कीम में निवेश करना होगा। बेहतर होगा कि निवेश का प्लान जल्दी से जल्दी बना लें। अगर आपकी उम्र अभी 35 साल है तो भी अगले 25 साल में आप 3 करोड़ रुपये का रिटायरमेंट फंड इकट्ठा कर सकते हैं।

हाल ही में एचएसबीसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि, संपन्न भारतीयों को आरामदायक और सुरक्षित सेवानिवृत्ति सुनिश्चित करने के लिए करीब 3.5 करोड़ रुपये (लगभग 401,000 अमेरिकी डॉलर) की बचत करनी होगी। 'अफ्लुएंट इन्वेस्टर्स स्नैपशॉट 2025' शीर्षक वाली में रिपोर्ट में भारतीयों की बढ़ती जीवन-यापन लागत, मुद्रास्फीति और जीवन प्रत्याशा के बारे में बढ़ती जागरूकता का हवाला देकर बताया गया है कि- ये ऐसे कारक हैं जो देश में सेवानिवृत्ति योजना को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं।

### एक उदाहरण से समझें

अंकित की उम्र अभी 35 साल है। अंकित का लक्ष्य है कि वह 10 साल में 20 लाख रुपये जमा करें। साथ ही अगले 25 साल में 3 करोड़ रुपये का रिटायरमेंट फंड बनाएं। अंकित ने अपने लक्ष्य को पाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। वह पहले से ही नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में योगदान कर रहे हैं। अब वह हर महीने 20,000 रुपये म्यूचुअल फंड में लगाना चाहते हैं। हालांकि अंकित जानना चाहते हैं कि वह रकम को और कहां निवेश कर सकते हैं।

### एक्सपर्ट की राय

ऑप्टिमा मनी मैनेजर्स के एमडी पंकज मथपाल बताते हैं कि अंकित अभी एम्प्लॉयर-एम्प्लॉई स्कीम में योगदान कर रहे हैं। इसका मतलब है कि वह अपनी सैलरी से 10 फीसद योगदान करते हैं और एम्प्लॉयर 14 फीसद योगदान करते हैं। अभी वह हर महीने 15,000 रुपये निवेश कर रहे हैं। अगर सैलरी में हर साल 7 फीसद की बढ़ोतरी होती है तो 10 फीसद सीएजीआर के हिसाब से उनका एनपीएस निवेश 25 साल में करीब 3.42 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। सीएजीआर का मतलब है सालाना चक्रवृद्धि ब्याज दर।

### एनपीएस में रखें ध्यान

एनपीएस में निवेश के जरिए वह रिटायरमेंट पर 3 करोड़ रुपये का फंड पा सकते हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि एनपीएस फंड का केवल 60 फीसद ही रिटायरमेंट के समय एकमुश्त निकाला जा सकता है। बाकी 40 फीसद का इस्तेमाल एन्युटी खरीदने के लिए किया जाना चाहिए। एन्युटी का मतलब है कि आपको हर महीने एक निश्चित राशि मिलती रहेगी।

### म्यूचुअल फंड से कितनी मिलेगी रकम?

अंकित एनपीएस के अलावा हर महीने 20,000 रुपये म्यूचुअल फंड में भी निवेश करने की योजना बना रहे हैं। अगर 12 फीसद का सालाना रिटर्न मान लें तो 10 साल में उनके पास करीब 45 लाख रुपये का फंड इकट्ठा हो जाएगा। वहीं अगर वह इस एसआईपी को पूरे 25 साल तक जारी रखते हैं तो वह इतने समय में करीब 3.40 करोड़ रुपये का फंड इकट्ठा कर लेंगे। यानी रिटायरमेंट पर उन्हें जितनी रकम मिलेगी, करीब उतनी रकम वह एसआईपी में निवेश से भी ले सकेंगे। ऐसे में वह रिटायरमेंट पर कुल करीब 7 करोड़ रुपये का फंड तैयार कर लेंगे। अगर आप एनपीएस में निवेश नहीं करना चाहते तो एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में भी निवेश करके 3 करोड़ रुपये से ज्यादा का रिटायरमेंट फंड तैयार कर सकते हैं।




# फाइलों में सिमटे विकास कार्य के स्वीकृत प्रस्ताव

**जागरण लापरवाही**

## अंडर ब्रिज निर्माण के लिए नहीं हुई कोई पहल

### फ्लाईओव्हर के बजट के लिए बनी हुई है निष्क्रियता



जागरण, सीधी

शहर के विकास के लिए नगर पालिका परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकृत आधा दर्जन से अधिक विकास कार्यों को मूर्त रूप दिलाने सक्रियता दिखाने की बजाय लापरवाही बनी हुई है। विडंबना तो यह है कि नगर पालिका की बैठक में स्वीकृत प्रस्ताव पर अभी तक अमल करने की जरूरत भी नहीं समझी जा रही है। दरअसल नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए पक्ष व विपक्ष के पार्षदों में संयुक्त रूप से निर्णय लेकर आधा दर्जन से अधिक विकास कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृत किया था। किंतु अभी तक स्वीकृत किए गए प्रस्ताव फाइलों में ही कैद हैं। संबंधित जन प्रतिनिधि बाद में अपने प्रस्ताव पर विचार करना ही भूल गए। जिससे शहर के विकास के लिए कोई रूपरेखा तैयार नहीं हुई। सबकुछ मनमानी तरीके से ही काम किए जा रहे हैं। मालूम रहे कि हादसों का पर्याय बनते जा रहे शहर के मड़रिया बाईपास चौराहे में फ्लाईओव्हर का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराने का निर्णय लिया गया। इसका डीपीआर तैयार कराकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा के नेतृत्व में सभी पार्षदगण जिले के जन प्रतिनिधियों से मिलकर शासन स्तर से बजट उपलब्ध कराए जाने की मांग करने की बात कही गई थी। साथ ही नगर पालिका के माध्यम से फ्लाईओव्हर निर्माण में व्यय होने वाली राशि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने के लिए मांग पत्र भेजना था। किंतु बैठक समाप्त हो जाने के बाद अपनी इस मांग को लेकर नगर पालिका के जन प्रतिनिधियों द्वारा बजट की मांग के लिए सांसद, विधायकों से न तो संपर्क किए और न ही शासन को बजट उपलब्ध कराने के लिए पत्र प्रेषित कराने की जरूरत समझी गई। ऐसे में उक्त महत्वपूर्ण प्रस्ताव केवल फाइलों में ही कैद होकर रह गया है। नगर पालिका की परिषद में स्वीकृत प्रमुख प्रस्तावों में कॉलेज के पास अंडर ब्रिज का निर्माण कराना था। जिससे प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय के भवन मुख्य मार्ग के दोनो तरफ होने के कारण छात्र-छात्राओं के एक भवन से दूसरे भवन में आवागवन करने के दौरान हादसों की संभावना का स्थाई समाधान हो सके। इस समस्या के निजात के लिए कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग में आवागवन की सुविधा के लिए अंडर ब्रिज निर्माण कार्य की सहमति बनी थी। अंडर ब्रिज निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर राज्य शासन को राशि आवंटन के लिए पत्र भेजे जाने का निर्णय लिया गया था। जिस पर कोई कार्य नहीं किया गया।

### इन प्रमुख कार्यों को लेकर भी बनी थी सहमति

नगर पालिका परिषद की बैठक में कई प्रमुख कार्यों को लेकर सहमति बनी थी। जिसमें शहर के छत्रसाल स्टेडियम के पास मुख्य मार्ग के किनारे मानस भवन को डिस्मेंटल कर सर्वसुविधायुक्त नया मानस भवन बनाए जाने का निर्णय लिया गया था। पुराना मानस भवन जर्जर स्थिति में हो चुका है। इसके साथ ही वहां पार्किंग स्थल सहित अन्य सुविधाओं का भी अभाव है। परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया था कि जर्जर मानस भवन के स्थान पर सर्वसुविधायुक्त भूतल पार्किंग के साथ वातानुकूलित दो मंजिला नवीन मानस भवन का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया जाए। इसके लिए डीपीआर तैयार कर निर्माण में खर्च होने वाली राशि के लिए शासन स्तर को पत्र लिखने के साथ ही स्थानीय सांसद व विधायक से भी राशि आवंटित कराए जाने के लिए अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्षद गणों का प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा। इस पर भी कोई पहल नहीं की गई। अन्य स्वीकृत विकास कार्यों में दीनदयाल पार्क में निर्मित दुकानों के ऊपर मुख्य मार्ग की ओर फेस कर दुकानों का निर्माण, निर्माणाधीन डीजे प्लाजा के सामने पानी टंकी के पास पुराने चिल्ड्रेन पार्क में जो अब अस्तित्व में नहीं है 30 फिट लंबी व 15 फिट चौड़ी दुकानों का निर्माण, छत्रसाल स्टेडियम शॉपिंग काम्प्लेक्स के ऊपर सामने से पीछे तक प्रथम तल में दुकानों का निर्माण, दीनदयाल कॉलोनी में मिश्रा नर्सिंग होम से सूखा नाला तक खाली भूमि में टू एवं थ्री बीएच के फ्लैट्स का निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 5 गांधी चौक पार्किंग स्थल में पीपीई माडल पर सुलभ शौंचालय का निर्माण शामिल था।

> बैठक में पार्षदों द्वारा शहर विकास के लिए प्रस्ताव लाया गया था। जिसका सभी ने समर्थन किया था। किंतु नगर पालिका के पास इतना बजट नहीं है कि बड़े निर्माण कार्य कराए जा सकें। बजट के आधार पर प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति जारी कर निर्माण कराए जा रहे हैं।
>
> **मिनी अग्रवाल, सीएमओ**
> **नगर पालिका परिषद सीधी**

# वनांचल की बिटिया अनामिका बैगा के मेडिकल सपने को मिला संबल



**जागरण, सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील सोच और त्वरित निर्णय का एक और प्रेरक उदाहरण सामने आया है। सीधी प्रवास के दौरान बहरी में आयोजित कार्यक्रम में कुसमी विकासखंड के ग्राम देउमाठ निवासी बिटिया अनामिका बैगा ने मुख्यमंत्री से मेडिकल की पढ़ाई में सहयोग का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उसे हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। अनामिका अभी नीट परीक्षा की तैयारी कर रही हैं जिसके लिए उन्हें कोचिंग, छात्रावास एवं अध्ययन सामग्री की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिटिया की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित और त्वरित व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भविष्य में अनामिका के मेडिकल कॉलेज में चयन होने पर राज्य सरकार उसकी पढ़ाई में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अनामिका अपने परिश्रम से एक दिन सफल और प्रतिष्ठित चिकित्सक बनकर प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के पालन में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अनामिका बैगा से मुलाकात की। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी को निर्देशित किया कि अनामिका को नीट की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें, कोचिंग और छात्रावास की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। साथ ही अनामिका तथा उनके पिता रामकुमार बैगा से अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेकर उपखंड अधिकारी कुसमी और जनजातीय कार्य विभाग को परीक्षण कर उसे सभी पात्र हितग्राहीमूलक योजनाओं से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री की इस मानवीय और प्रेरणादायक पहल से अनामिका बैगा बेहद प्रसन्न है। यह पहल न केवल एक आदिवासी बिटिया के सपनों को नई उड़ान देगी, बल्कि यह भी दर्शाती है कि राज्य सरकार प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प को पूरा सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर है।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में नेत्र शिविर आयोजित



**जागरण, सीधी।** न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में आज 10 जनवरी 2026 को ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आयोजन की श्रृंखला में यह चालीसवां नेत्र परीक्षण शिविर था। निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर प्रत्येक माह की 10 तारीख को आयोजित किया जाता है। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में आंखों के डॉक्टर जरूरतमंद लोगों की आंखों की मुफ्त जांच करते हैं और दृष्टिदोष, मोतियाबिंद या अन्य आंखों की समस्याओं का पता लगाकर मुफ्त चश्मे, दवाइयां देते है, जरूरी होने पर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चित्रकूट ऑपरेशन हेतु ले जाया जाता है। नेत्र शिविर का उद्देश्य होता है की समाज के हर वर्ग को अच्छी नेत्र देखभाल मिल सके और अंधापन रोका जा सके। इस बार के शिविर में आस पास के कई गाँवों से सैकडों मरीज नेत्र की जांच करवाने शिविर स्थल पहुंचे। पिछले माह दिसंबर में जिन मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया था, उनका फॉलोअप चेकप करने के उपरांत निःशुल्क चश्में वितरित किए गए। आज के शिविर में सभी आगंतुकों को ऋषिकेश फाउंडेशन के सेवदारों द्वारा जलपान करवाया गया। फिर चिकित्सकों द्वारा मरीजों नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत आवश्यकता अनुसार निःशुल्क आई ड्राप वितरित किए गए। जांच के बाद 25 मरीजों को मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन हेतु चित्रकूट रवाना किया गया। सेवादरों द्वारा शिविर में पहुंचे सभी आगंतुकों को फल और बिस्किट भेंट किए गए। चित्रकूट जाने वाले सभी मरीजों को फल और बिस्किट के साथ भोजन के पैकेट भी भेंट किए गए। ऋषिकेश फाउंडेशन परिवार सभी मरीजों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ्य लाभ की कामना करता है।

## दिल्ली ने जम्मू कश्मीर को हराकर की विजय हासिल




**जागरण, सीधी।** अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली एवं चौहान स्टोन क्रेसर जम्मू-कश्मीर वारियर्स के मध्य हुए सातवे दिन के मैच मे भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली 154 रनो से अपनी जीत दर्ज कर चौहान स्टोन क्रेसर जम्मू-कश्मीर वारियर्स को हराया। आज सातवे दिन के मैच के मैन ऑफ द मैच कौशल सुमन रहे, जिन्हें आज के गेस्ट ऑफ ओनर जगत सिंह, राजेश सिंह, शिवम सिंह द्वारा प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे पूल के पहले दिन के फ्रेंचाइजी रहीश सिंह भूमि एसोसियेट्स की टीम एलबीएस दिल्ली ने फ्रेंचाइजी अनिल सिंह ददरी चौहान स्टोन क्रेशर जम्मू-कश्मीर के साथ हुये मैच में सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के अब तक हुये मुकाबले में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जहां 304 रन के बड़े स्कोर का रिकॉर्ड बनाया। वहीं दिल्ली टीम के धुआंधार बल्लेबाज कौशल सुमन ने शतकीय पारी खेलने का रिकॉर्ड बनाया। टॉस जीतकर जम्मू-कश्मीर ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एलबीएस दिल्ली बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर मे 8 विकेट के नुकशान के साथ शानदार 304 रनो का लक्ष्य जम्मू-कश्मीर वॉरियर्स के सामने रखा, जिसमे कौशल सुमन ने 2 छक्के और 16 चौके लगाते हुए 107 रनों की तथा अनंतबीर सिंह 2 छक्के 9 चौके लगाते हुए 77 रनों की शानदार पारी खेली। जबावी पारी में जम्मू-कश्मीर वारियर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 23.3 ओवर 150 रन बनाते हुए समिट गयी। जिसमे समेर सिंह 5 छक्के और 3 चौके लगाए, तो कुछ समय के लिए लगा की मैच जम्मू-कश्मीर के पक्ष मे जा सकता है लेकिन 44 रनो की शानदार पारी खेलने के बाद जब समेर का विकेट गिरा तो एक एक करके सारी टीम मात्र 150 रनो मे समिट गयी। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेंद्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार, हर्ष गुप्ता रहे। रोमांचक कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार बालेंद्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे। छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का आठवां मैच कल सिद्धू ग्रुप करणी सेना, एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट क्लब हैदराबाद और केडी कंस्ट्रक्शन क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीव के बीच रविवार को सुबह 10 खेला जाएगा।

## वाहन चालक ने बाइक को मारी टक्कर, हो गया फरार



**जागरण, सीधी।** सीधी बाईपास पर यस राज पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार वाहन ने प्लेटीना बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे के बाद वाहन रीवा की ओर भागते हुए बताया जा रहा है। इस दुर्घटना में दो युवक घायल हुए हैं। जिनमें एक घायल का नाम मोहित तिवारी नौगवा सीधी बताया जा रहा है, जबकि उनका एक साथी भी हादसे में जख्मी हुआ है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने घायलों को मदद पहुंचाने की कोशिश की, वहीं फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# उठाव के आभाव में डंप है 60 हजार क्विंटल चावल

## प्रबंधक नान की लापरवाही से नहीं हो सका उठाव




जागरण, सीधी

जिले में उठाव के आभाव में गोदाम खाली नहीं हो पा रहे हैं, जबकि धान खरीदी के पहले ही निगम द्वारा गोदामों को खाली करने के लिए आदेशित किया गया था, इतना ही नहीं चावल उठाव के लिए टेंडर भी जारी किया गया था, जिसमें सीधी जिले से चावल उठाव का टेंडर सतना के एक ठेकेदार को मिला था, लेकिन उसके द्वारा आज तक चावल का उठाव नहीं किया गया और न तो नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा टेंडर प्राप्त करने वाले ठेकेदार के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही की गई। जबकि जिले में पर्याप्त मात्रा में हो रही धान खरीदी से यह साफ हो गया है कि गोदामों का आभाव होना तय है, बावजूद इसके विभाग द्वारा गोदामों को खाली कराने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार उठाव न करने वाले संविदाकार के खिलाफ कार्यवाही का भी प्रावधान है लेकिन गोदामों का आभाव सामने होने के बाद नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। खास बात यह है कि अगर चावल का उठाव नहीं कराया गया तो नेबूहा कैंप की तरह फिर चावल सड़ जाने का बहाना बता कर सरकार को करोड़ों रुपए की चपत लगा दी जाएगी। जिस तरह नेबूहा कैंप में सुनियोजित तरीके से 67 लाख का खाद्यान्न गायब कर सड़ा हुआ बता दिया गया है और आज तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई उसी तरह फिर एक बार सरकार को बड़ी चपत लगाने की तैयारी की जा रही है। मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड मुख्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक 571 दिनांक 17 दिसम्बर 2025 के अनुसार एनएफएसए एवं अन्य योजनाओं की पूर्ति हेतु जिलों में चावल कमी की माह अप्रैल 26 तक की आवश्यकता की पूर्ति की जानी है। चावल प्रेषणकर्ता जिले में एलआरटी एवं एचएलआरटी परिवहनकर्ता की उपलब्धता, जिलों में चावल की वर्तमान उपलब्धता, आगामी समय में मिलिंग से प्राप्त चावल की सम्भावना तथा उचित मूल्य दुकानों पर समय पर खाद्यान्न की उपलब्धता के दृष्टिगत जिलों की आवश्यकता अनुसार मिलिंग से प्राप्त चावल से कमी वाले जिलों की पूर्ति किये जाने हेतु वर्ष 2024-25 का निम्नानुसार चावल का परिवहन आदेश जारी किया जाता है। उक्त आदेश में सतना जिले के संविदाकार को सीधी जिले में उपलब्ध चावल को तीन जिलों में भेजा जाना था, जिसमें टीकमगढ़, निवाड़ी एवं भिंड में दो-दो हजार क्यूंटल चावल पहुंचाने का आदेश जारी किया था लेकिन आज तक एक गाड़ी चावल गोदामों से नहीं उठाया गया है।

# सब्जी मंडी क्षेत्र में सड़क पर सजे फल-सब्जी के ठेले



## कार्यवाई करने में जिम्मेदार बने लापरवाह, लोगों को सड़क से पैदल निकलने में हो रही दिक्कतें

**सीधी।** शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित संजीवनी पालिका क्षेत्र पूरी तरह से फुटपाथी व्यवसायियों के अतिक्रमण में फंसा हुआ है। हालात यह हैं कि पालिका बाजार क्षेत्र के चारों तरफ की सडक़ों में हाथ ठेला कारोबारियों का अवैध कब्जा बना हुआ है। यहां की सडक़ें करीब 12 फिट चौड़ी हैं। इसी सडक़ में दो पहिया वाहनों के खड़े होने के बाद जो जगह बीच में बचती है उसमें ठेला कारोबारी सुबह से लेकर देर शाम तक जमे रहते हैं। पालिका बाजार के दक्षिणी द्वार के सामने की सडक़ में पूरी तरह से ठेला कारोबारियों का कब्जा बना हुआ है। नगर पालिका के अमले द्वारा यहां की व्यवस्था को लेकर अनदेखी शुरू कर देने के कारण ठेला कारोबारी सडक़ पर जमकर अपना व्यवसाय करने में मशगूल हैं। यहां सडक़ पर ठेला में सब्जी का व्यवसाय करने वाले कारोबारियों की संख्या करीब एक सैकड़ा है। जिनके द्वारा संजीवनी पालिका बाजार क्षेत्र को छोडऩे की जरूरत नहीं समझी जा रही है। जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पालिका बाजार क्षेत्र की दक्षिणी गेट एवं मुख्य द्वार के सामने की सडक़ के साथ ही पीछे के द्वार के सामने से निकली सडक़ से लोगों को पैदल निकलने में भी काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। चर्चा के दौरान इस क्षेत्र में स्थाई दुकान लेकर व्यवसाय करने वाले कई लोगों का कहना था कि ठेला व्यवसायियों के सडक़ में जमकर अपना व्यवसाय करने से उनके धंधे पर काफी असर है। ग्राहक इस मार्ग में इसलिए भी नहीं आते क्योंकि यहां से निकलने के लिए जगह तक नहीं है। लोग पैदल निकलने में भी काफी परेशान होते हैं। दो पहिया वाहनों के निकलने पर चालक को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। ठेला कारोबारियों पर सख्ती के साथ कार्यवाही न होने के कारण यह घूम-फिरकर फिर से अपने स्थान में लौट आते हैं। व्यवसायियों का कहना था कि बाजार क्षेत्र में नगर पालिका को यह व्यवस्था कड़ाई के साथ सुनिश्चित करनी चाहिए कि सडक़ की पटरी से बाहर ही फुटपाथी व्यवसायी बैठे। इस क्षेत्र में सडक़ के अलावा पटरी भी गायब है। ऐसे में फुटपाथी कारोबारी सडक़ के दोनों पटरियों पर जमकर आवागमन को पूरी तरह से बाधित कर रहे हैं। यहां दो पहिया वाहनों को खड़ा करने तक के लिए कोई जगह नहीं है। यदि इसी तरह की लापरवाही बनी रही तो स्थाई दुकानों में व्यवसाय करने वाले कारोबारियों को अपनी दुकान ही बंद करनी पड़ेगी। यह क्षेत्र पूरी तरह से ठेला कारोबारियों के हवाले हो चुका है।



## विंध्याचल वाराणसी ट्रांसमिशन लिमिटेड (वीवीटीएल)

(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली - 110016

**सार्वजनिक सूचना**

विंध्याचल वाराणसी ट्रांसमिशन लिमिटेड (वीवीटीएल) (पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिडेट की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी), इसका पंजीकृत कार्यालय है : बी -9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवरिया सराय , नई दिल्ली -110016. बिजली के पारेषण के लिए या टेलीफोन के प्रयोजन के लिए, विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 164 के तहत बिजली के संचरण के लिए बिजली लाइनों या विद्युत संयंत्र लगाने या कार्यो के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोनिक या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य के लिए प्रदत्त शक्तियों, जो कि टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास सरकार द्वारा स्थापित या रखरखाव के उद्देश्य के लिए टेलीग्राफ लाइनों और खम्भों को लगाने अथवा स्थापित या रखरखाव के संबंध में भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 के तहत है, को प्रदान करने के लिए भारत सरकार से आवेदन करना चाहता है. इसके अंतर्गत निम्नलिखित ट्रांसमिशन योजनाओं के लिए सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और कमीशनिंग, संचालन, रखरखाव और अन्य कार्य किए जाएंगे:-

| | |
|---|---|
| योजना का नाम : | विंध्याचल वाराणसी ट्रांसमिशन लिमिटेड को 765 केवी विंध्याचल-वाराणसी डी/सी लाइन की लोडिंग से राहत देने के लिए अंतर-क्षेत्रीय (एन आर-डब्ल्यू आर) ट्रांसमिशन सिस्टम को मजबूत करना । |
| योजना के अंतर्गत शामिल कार्य : | |
| (i) | प्रयागराज के पास संख्या 765/400 केवी उपकेंद्र |
| (ii) | 765kV फतेहपुर-वाराणसी S/C लाइन का LILO (लगभग 70 किमी) |
| (iii) | 765kV फतेहपुर-सासाराम S/C लाइन का LILO (लगभग 65 किमी) |
| (iv) | 765 केवी विंध्याचल पूल-प्रयागराज डी/सी लाइन (लगभग 180 किमी) |
| (v) | विंध्याचल पूल पर 765 केवी सासन-विंध्याचल पूल 2Xएस/सी लाइन के दोनों सीकेटी को बायपास करना और इसे 765 केवी विंध्याचल पूल-प्रयागराज डी/सी लाइन से जोड़ना, इस प्रकार 765 केवी सासन-प्रयागराज डी/सी लाइन का निर्माण करना। |

**योजना के अंतर्गत शामिल ट्रांसमिशन लाइनें निम्नलिखित गांवों, कस्बों और शहरों के बीच से, ऊपर से, आसपास से होकर गुजरेंगी.**

765kV विंध्याचल पूल - प्रयागराज डी/सी ट्रांसमीशन लाइन (पार्ट-I एवं पार्ट-II)

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सीधी तहसील का नाम : बहरी, ग्राम का नाम :** डोल, खैरा, बहरी, चंदवाही, सिहौलिया, जेठुला, दुअरा, मुडवानी, केसबाही, केशवाही, बहेरा, पताई, फुलवारी, भनवारी, भनमारी, भनवार, भनमार, कचरी, देवगवां, देवगांव, भटिगवां, भटगवां, करकचहा सुखदेव, करकचहा, करकचहा गयादीन, करकचहा पैपखार, करकचहा जगदीश, मौहार, कुबरा, कुबरा पैपखार, कुबरा कोठार, लौआ, दरहिया, डढ़िया, मयापुर, बड़ैला, पतुलखी, धुतपुरा कोठार, धूतपुर उन्मुक्त, धुतपुर, मोछ, पखरा, पखडा, मठपुरिया, जमुआर, देवरी, झरिया, बरबंधा, तेंदुआ, तेंदुहा, झरी, बम्हना सरई, मुर्तिहा, नकझर कलां, कुनझुन, कुनझुन कला, कुनझुन खुर्द, कुकुराओं, कुकराव ब्राह्मणटोला, कुकराव माझीटोला, परवा, उमरिया, रामनगर खुर्द, बसौडीहा, चुन्हा, महुआरिया, तरका, बैरिहा, बैरिहा पैपखार, बैरिहा कोठार, बेलहा, परसवार, देउरी, देवरी, धुपाह

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सीधी तहसील का नाम : सिहावल, ग्राम का नाम :** रामनगर(रामनगर कलां), पमरिया, आमदई, कुकराव ब्रम्हनटोला, रामनगरखुर्द, रामनगर कलां, परसियाही (परिसीधि), चमरौहा, अमिलिया, अमारा, सेमारी, अमिरती, महुअर(महुवार), बासुली, राजगढ़ कोठार, नौढ़िया, राजगढ़ उन्मुक्त, सजमानी, जोंकी (जोकी), उपरौहली, कोदौरा, बेलगांव, सिलवार, सजवानी खुर्द, सजवानी कलां, भोरो, बड़ागांव, बड़ागांव वीरान, बगानरवा नाला।

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : मऊगंज, तहसील का नाम : हनुमना, ग्राम का नाम :** बिरादेई, पिपराही, पतेरी, नवापारा, खोरहमानी (खोड़मानी), कैलाशपुर, रघुनाथगढ़, छोड्रा, बम्हनी, उक्सा, तेलिया निर्मोहीसिंह, तेलिया महात्मन, जमुनिया, बलभद्रगढ़, गढ़ा, गोरमा नाला, पीताम्बरगढ़, पीपरखंड, उक्साकोठार, पिड़रिया, साइफन, कठौता, खटखरी(खटखरी कलां), अगरही, धावा मु. दुबगवां, साइफन बुदाहा, बिझौली, साइफन, हटवा, गोरमा , विरहा, बिरहा कुँवर, बिझौली गहरवारान, भोड़हा, भिजौली शुक्लान, विरह प्रयागदत्त, कौवा मु विरह, पतुलखी, कोडिया एन, कौवाधान, हरदी, एंट्रेला (अतरैला) , बिरहा, सिगती, बिरहा समयलाल, बगैहा, विरह गोपाल, बिरहाफत्तेरम, हटवादीनदयाल, मजन रामकृपाल, हटवा दुर्गाप्रसाद, हटवाचक 1, हटवाचक 2, हटवा निर्भयनाथ, बिरहागिरवरसिंह, अरहरिया, कौवाधन अबार, हत्वा वेणीमाधव, पिढ़ैया, कौवाधन कुर्मियान, हटवा ईश्वरदीन, कौवाधन गौतमन, तेंदुआ, कोलाहा, गजराहा, बेलौही, हरदिहा (हरदिहाई), धौंसाड़, तेंदुआ पदान, तेंदुआ सेंगरन, तेंदुआ वेलन, बेलौही कलां, शाहपुर, बेलौही कुबरन, खुटहा, बेलुही रामशरण, पटेर, घरभरा, पटेरहा, जगघाट, वरिया, गढ़पेला, दुधमनिया, गौरी, गावगावां, छदाना, शिवरिहा मऊ शाहपुर, बलेहा, डाबर, कोटवरवा, गनिगवां, मरजादपुर, लटियार, घुरेहटा (घोहरा), अमलाकपुर, छादाना खुर्द, छादाना कलां, कठार, रहड़ा।

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : रीवा, तहसील का नाम : त्योंथर, ग्राम का नाम :** ककरहा, राजाबांध, दरिया, पुरवा, सीधी सायर, बारीजंगल, ककरहा नंबर 2, कलवारी, बरी कलां, चौरा, नेवरहिया 115, गोरमा नाडी, चंदापुर, मोहगांव, देवरी, नौढ़िया, चक उरदन, बारी खुर्द, बेदौरिहा, रेरुआ, खदिहवा, चौरा, ढेरहा(ढेरहाई), सिगटोला, कटरा, पथरहिया, बहराइचा, सोनौरी, रेउही, गदरपुरवा, दरियनपुरवा, बजारा, गंथा, बांस, उपरौहितनपुरवा, दरिमनपुरवा, बेदौलिहा नंबर 1, बेदौलिहा नंबर 2, फेरईपुरवा न. 1, फेरईपुरवा नंबर 2, मौहरिया, बांसपट्टी, होतीपुरवा, मझगवां (मझिगांव), कैथा, कथौली, पुरवा, अमिलिया, बरुआ, कोरांव, बशात, दिहि, नरौल, हहोतीपुरवा(कटरा), गंथा, भेगुडी, बहरैचा, बरेठी, मांगी, कलार पुरवा, भौंराहा, बेलन मुख्य, बरेठी खुर्द, टेढ़ा खुर्द, बरेठी कलां, कोनीखुर्द ।

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सिंगरौली, तहसील का नाम : सिंगरौली, ग्राम का नाम :** परदेही, परसदेही, पलहवा टोला, पलइहां, सीधी कलां, सीधी खुर्द, पिपरा, तीआरा,तियरा, चांचर, चाचर, टिपरा, मझौली, बसौरा, बसौड़ा, नौढ़िया, नौढ़िया, नौढ़िया, सीतुल, सितुल खुर्द, जरहा, बरवाटोला, कुटौली, कटौली, खुटार, बनौली, बड़ीसीतुल, चितरबैर कलां, चितरवई कलां, मनिकचौरा, जरौंधा, जरौंधी, गहिलरा, ढेकी, ढेंकी, सहोखर, कंजी, विहरा, बिहरा, भांडी, भाड़ी, भैरा, खटखरी, भैरी, बरौंहा, बरौहा, करहिया, हर्दी, कुशमहरा, धतुरा, धतूरा बरवा, धतूरा पोखरा, परसौना, जिनहर, राजवध, राजवांध, लोरी, लूरी, काजन, पोडी, पोंडी नौगाई, नौगाई, गरहरा, गड़हरा, बुधेला, परैनिया, पडैनियां, चिन्हार, बडमा, पिपरा, पिपरा झाँपी, चोकरा, गरहरा, गड़हरा, देवरी, देओरी, डीग्घी, हरैया, चकरा, गड़सा, राजासरई, सेमरिया, बोदरा, खजोरी, खजूरी, करकोसा, फुलवारी

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सिंगरौली, तहसील का नाम : माडा ग्राम का नाम :** खम्हरिया, महादेवा, महदेवा टोला, पिडरवाह, केराहा, झांजी, झांजीटोला, अमहरा, ओखरावल, उखरावल, गहीडार, गहिरार, भूरुकुर, भुड़कुड़, बसौरा, बसौड़ा, रम्पा, कोएलखुद, कोयलखूंथ, छोटी बहेरी, बहेरी खुर्द,पडरी खूटाटोला, रजमेलन, रजमिलान, रैला, करसुआ राजा, कुल्हुई, मधुरा, कुबरी, प्रतापपुर, चौरा, खोखरी, खोखारी, सखौहां, सिंगाही, कथुरा, पिरखुरी, पिड़खुरी, चुरीशानी, चुरीसानी, अमरा, चितरबैर खुर्द, चितरवई खुर्द, अमिलवान, रक्की

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सिंगरौली, तहसील का नाम : सिंगरौंली नगर, ग्राम का नाम :** नौगढ़, अमलोरी, परारी, पड़री, चकुवार, चकुआर, थुरुवा, थुरुआ, सिगाही, सोलंग, राजखंड, मूहेर

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सिंगरौली, तहसील का नाम : बरगवां, ग्राम का नाम :** गुल्लीडांड़, तेलदह, तिलियान, चिंगीटोला, गरेरिया, गड़ेरिया, बरगवां (एनपी), बरगवां, डगा, दादर, भालूगढ़, कनई, गोंडवाली, रामपुरवां, रामपुरवा, बड़ोखर, पोखरा, परिहासी, मझिगवां, गिधेर, कर्री, सकरा, ओरगरी, ओड़गड़ी, बरौनीया, बरैनिया, बेटाहडांड, धिनहागांव

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सिंगरौली, तहसील का नाम : दुधमनिया, ग्राम का नाम :** नौरहिया, नौढ़िया, महदेइयां, महदेइया, कसर, हरैया, रामगढ़, जमुआल, बस्ताली, बस्ताली आबाद, बस्ताली वीरान, उसका, गोडवाली, सेमुआर, बड़ोखर, धरासरा, धरसरा, धरसडा, पाली, अजनी, गांगी, खरकटा, चिंगो, चिंगी, चिंग, पतेरी, कछारीटोला, लारवा, चमरौटीटोला,धिनहागांव, सपहा,भौडार, सरपठा, भर्रार

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सिंगरौली, तहसील का नाम : देवसर, ग्राम का नाम :** सिलफ, आमो, पुरवा, पुरवा जागीर, जोगिनी, भरूहा, बरगवां, झरिया, सरबो, सर्वो, खोरापानी, , बिरछी, बिच्छी, बोरी, बोडी, खैराबड़ा, खैरा, लोहरा, उमरहर, बहेरवाडांड़, झकरावल, बिरती, हर्रा, हर्रा बिर्ती, भिटर्रा, धनहा, ईटार, , देवगवां, देओगवां, परसौना कोठार, माढ़ी, माड़ी, कुड़ी, कटौली, खड़ौरा, काटन निस्प, काटन गुरुपुरा, काटन मजौना, गुरुपुरा, परसौना कोठार, परसौना पवई, परसौना पैपखार(उन्मुक्त), हर्राचंदेल, मजौना, सोहर, सहुआर, देवरा, छीवा, जियावन, अकौरी, सुपेला, देवसर(नौढिया), बोड़िया, ढोंगा, कुर्सा, मेरहिया, चौराडांड़, परमा, चंदैनिया, गोरवा, गौरवा, बम्हनी, बुढ़ाडांड, भट्टोला, मदईडाड़, छौहानी, बोरिहिर, लिलहारा, तिलियाखरी, सलहन, डोल, भईसाबध, समदा, खोबा, खोभा, सरपथई, चपरी, चकुवार, भाकवार, भकुआर, कितनिहवा, बमनी, सजहर, सरहा, कटहा, खडौरा, वसौदा, गोडगवां, नौढ़िया आवाद, नौढ़िया वीरान

**राज्य का नाम : मध्य प्रदेश, जिले का नाम : सिंगरौली, तहसील का नाम : चितरंगी, ग्राम का नाम :** ढिलरी, खम्हरिया कलां, खम्हरिया खुर्द, भर्रा, रेनरी, रेडी, कर्थुआ, रेही, पराई, झोखो, कुसाही, बसाही, खुरमुचा, बहेरा, बिछिया, चिलमा

पारेषण लाइन के मार्ग सर्वेक्षण की प्रति अद्धोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि उक्त पारेषण लाइन सम्बंधित किसी भी प्रकार के अवलोकन/अभिवेदन हेतु इस सूचना के प्रकाशन के दो माह के अंतर्गत, दिनांक **11.03.2026** .तक, अद्धोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते है। अधिक विवरण एवं स्पष्टीकरण हेतु कृपया निम्नलिखित अधिकारी से संपर्क करे :**नाम: श्री राकेश कुमार, पदः परियोजना प्रभारी (सीनियर जीएम), ई-मेल पताः** rakeshkr@powergrid.in, **फोन नंबर: 91 8527166464**
कार्यालय का पताः (i) पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, 400/220 केवी सबस्टेशन सारंगापुर, रीवा रोड, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश- 211011
(ii) पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, 765/400 केवी सबस्टेशन, विंध्याचल पूलिंग स्टेशन, ग्राम- खम्हरिया, पोस्ट- तियरा, तहसील- सिंगरौली, जिला- सिंगरौली, मध्य प्रदेश- 486886

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चंदन यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की



**जागरण, कटनी।** जिला कांग्रेस कार्यालय आस्था प्लाजा कटनी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश के सह प्रभारी चंदन यादव का आगमन हुआ। उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर चंदन यादव ने जिला समन्वय समिति, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने की रणनीति पर गंभीर मंथन किया गया। विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा कि श्री यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का पक्ष ध्यानपूर्वक सुना, उनकी समस्याएं, सुझाव एवं संगठन से जुड़े अनुभवों को समझा तथा सभी को उनकी अपनी-अपनी राय और मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किया।

श्री यादव ने अपने संबोधन में पंचायत चलो अभियान, वार्ड कमेटियों के गठन तथा मंडल अध्यक्षों की सक्रिय भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत गांव, वार्ड और बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं से आती है। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह जनता की समस्याओं को समझे और उन्हें पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाए। बैठक के पश्चात श्री यादव ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश और देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता परेशान है। कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए जनता की आवाज बनेगी। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा कांग्रेस की विचारधारा, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करें। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, वीरेंद्र द्विवेदी, निधि श्रीवास्तव, रामनरेश त्रिपाठी, बी.एम.तिवारी, राकेश जैन कक्का, राजा जगवानी, रजनी वर्मा, माधुरी जैन, लता खरे, शक्ति तिवारी, विजय पटेल, इजरायल खान, राजेश जाटव, जितेंद्र गुप्ता, अजय जैसवानी, सुशील जायसवाल, मुकेश परोहा, रंजीत सिंह मासूफ अहमद बिट्टू, कपिल रजक, तुलाराम गोटिया, नन्ही बाई गोटिया, श्याम पाहुजा, राहुल होतवानी, नारायण निषाद, अजय कोल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# डीपीएस कटनी में फनफिनिटी आनंद मेले में नन्हें उद्यमियों ने बिखेरा जलवा



**कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल डीपीएस कटनी के प्रांगण में बहुप्रतीक्षित फनफिनिटी आनंद मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में छात्रों ने न केवल अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया बल्कि उद्यमशीलता और टीम भावना की अद्भुत मिसाल भी पेश की। कार्यक्रम में जिले के एएसपी संतोष डेहरिया की गरिमामयी उपस्थिति ने छात्रों का उत्साह दोगुना कर दिया। मेले का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या एवं उपप्राचार्या द्वारा किया गया। इस वर्ष मेले का स्वरूप पिछले वर्षों की तुलना में काफी विशाल रहा। लगभग 25 स्टॉल्स के माध्यम से छात्रों ने नवोदित उद्यमी की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने स्वयं स्लॉट बुक करने से लेकर वस्तुओं के चयन, मूल्य निर्धारण और विज्ञापन रणनीतियों तक का प्रबंधन खुद संभाला। छात्रों द्वारा सजाए गए आकर्षक स्टॉल लेआउट और प्रभावशाली मार्केटिंग के तरीकों ने सभी आगंतुकों को आश्चर्यचकित कर दिया। मेले में खाने पीने के शौकीनों के लिए चटपटे व्यंजनों, खेल खिलौनों और झूलों का विशेष प्रबंध था। जहाँ एक ओर जायकेदार व्यंजनों की खुशबू महक रही थी, वहीं दूसरी ओर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत और संगीत के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया। विद्यालय के निर्देशक अनुराग जैन एवं निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। श्रीमती जूही जैन ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रबंधन कौशल का विकास करना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है। इससे बच्चों में आत्मनिर्भरता और टीम वर्क की भावना प्रबल होती है। पूरे कार्यक्रम के दौरान परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। अभिभावक अपने बच्चों को व्यापारिक गुण सीखते और आत्मविश्वास से लबरेज देख बेहद हर्षित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत और रचनात्मकता के लिए पुरस्कृत किया गया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# राजनगर ओपन कास्ट कोयला खदान में चोरी रोकने में नाकाम, प्रबंधन की उदासीनता पर उठ रहे सवाल

**जागरण गोहपारू।** एसईसीएल हसहदेव क्षेत्र की राजनगर ओपन कास्ट कोयला खदान, जो कभी अपने बेहतर उत्पादन और कार्यक्षमता के लिए जानी जाती थी, आज प्रबंधन की उदासीनता के कारण गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। खदान में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद इन घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। इससे न केवल खदान की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि प्रबंधन की कार्यशैली भी संदेह के घेरे में आ गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनगर ओपन कास्ट माइंस में गनमैन और अन्य सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के बावजूद मशीनरी पार्ट्स, स्क्रैप और अन्य कीमती सामग्री की चोरी धड़ल्ले से हो रही है। खदान क्षेत्र में रात के समय संदिग्ध गतिविधियां देखी जा रही हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा न तो नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और न ही किसी ठोस कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं। चोरी की घटनाओं से उत्पादन कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खदान से जुड़े कुछ असामाजिक तत्व लंबे समय से सक्रिय हैं, जिन्हें कथित रूप से अंदरूनी जानकारी और संरक्षण मिल रहा है। यही कारण है कि चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कई बार कर्मचारियों द्वारा मौखिक रूप से शिकायतें की गईं, लेकिन उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। परिणामस्वरूप चोरों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। खदान में कार्यरत कर्मचारियों में भी इस स्थिति को लेकर रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि मशीनरी पार्ट्स की चोरी से काम में बार-बार बाधा आती है, जिससे समय पर लक्ष्य पूरा करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, सुरक्षा में सेंध लगने से कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा को भी खतरा बना रहता है। यदि इसी तरह हालात बने रहे तो किसी बड़ी दुर्घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कालरी प्रबंधन इन गंभीर घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। न तो अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी पर जवाबदेही तय की गई और न ही चोरी रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए गए। इससे यह आशंका भी गहराती जा रही है कि कहीं न कहीं प्रबंधन की लापरवाही या मिलीभगत के कारण ही यह अवैध गतिविधियां फल-फूल रही हैं।

# चड्डा कॉलेज में टीसीएस कम्पनी के प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**कटनी।** शहर में पहली बार टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव शुक्रवार को मान्यता प्राप्त कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स ऑटोनॉमस कॉलेजए चड्डा कॉलेज परिसर में आयोजित की गई। चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के तत्वाधान में कटनी आर्टस एंड कॉमर्स कॉलेज कटनी में किया गया। कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में टाटा कम्पनी की ओर से प्लेसमेंट हेतु वरिष्ठ प्रबंधक सिद्धार्थ राव, सहायक प्रबंधक सचिन तिवारी, सहायक प्रबंधक सुनाय तथा एचआर प्रबंधक राहुल पटेल की उपस्थिति रही।

इस ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न संकायों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में चयन हेतु तीन राउण्ड निर्धारित किए गए। पहला कम्प्यूटर एप्टीट्यूड राउण्ड, दूसरा पर्सनल इंटरव्यूह टेक्नीकल राउण्ड तथा चौथा राउण्ड एचआर राउण्ड रखा गया। चयन प्रक्रिया के पश्चात टीसीएस ने 25 विद्यार्थियों का चयन बैंक ऑफ्सि ऑपरेशंस टीसीएस बीपीएस पद के लिए किया। चयनित विद्यार्थियों को नागपुर महाराष्ट्र कार्यस्थल के लिए नियुक्ति दी जाएगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.जय चड्डा द्वारा इसे कटनी एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कम्पनी के प्लेसमेंट ड्राइव से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर करियर के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। यह आयोजन कटनी जिले में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि है। कार्यक्रम की सफलता पर महाविद्यालय के प्राध्यापको, प्लेसमेंट सेल एवं चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

## पुलिस पर पारधियों ने किया हमला, पथराव में वाहन क्षतिग्रस्त, दो गिरफ्तार

**कटनी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र के देवगांव में अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। यहाँ एक लूट के आरोपी को दबोचने पहुंची पुलिस टीम पर पारधियों ने संगठित होकर हमला कर दिया। पत्थरबाजी की इस घटना में पुलिसकर्मी बाल बाल बचे, हालांकि पुलिस द्वारा उपयोग किया जा रहा निजी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार लगभग तीन माह पहले कुठला थाना अंतर्गत कैलवारा फाटक के पास एक बाइक चालक से लूट की वारदात हुई थी। इस मामले में पुलिस को पुअर लाल पारधी नाम के अपराधी की तलाश थी। गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी देवगांव शराब दुकान के पास मौजूद है।

# अवैध रेत उत्खनन के पीछे संरक्षण देने वाले भी घेरे में

**शहडोल/देवलौद।** जिले में वर्षों से फल-फूल रहे अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के पीछे केवल रेत माफिया ही नहीं, बल्कि उन्हें मौन अथवा प्रत्यक्ष संरक्षण देने वाले जिम्मेदार लोग भी संदेह के घेरे में आ गए हैं। ब्यौहारी थाना क्षेत्र में नायब तहसीलदार पर हुए हमले ने अवैध रेत कारोबार की गहरी जड़ों और प्रशासनिक संरक्षण की पोल खोलकर रख दी है। बुधवार रात जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार जब कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचे, तो रेत माफियाओं ने सुनियोजित तरीके से उनके वाहन पर हमला कर दिया। ट्रैक्टर से टक्कर मारकर वाहन को क्षतिग्रस्त किया गया और सड़क पर रेत गिराकर मार्ग अवरुद्ध करने का प्रयास किया गया। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अवैध रेत माफिया इतने निडर कैसे हो गए, यह एक गंभीर सवाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी प्रभावशाली संरक्षण के इस तरह का अवैध उत्खनन लंबे समय तक संभव नहीं है। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर किन जिम्मेदार अधिकारियों एवं प्रभावशाली लोगों की शह पर रेत माफिया कानून को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। नायब तहसीलदार पर हमला न केवल एक अधिकारी पर हमला है, बल्कि यह शासन-प्रशासन की साख और कानून व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। घटना के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है, लेकिन अब मांग उठ रही है कि केवल वाहन चालकों या मजदूरों पर नहीं, बल्कि अवैध रेत उत्खनन को संरक्षण देने वाले जिम्मेदार लोगों की भी पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, ताकि अवैध रेत के इस संगठित नेटवर्क और उसे संरक्षण देने वालों को बेनकाब किया जा सके ।

# बिलहरी पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को गंभीर अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया व थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा के मार्ग दर्शन में प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 9 जनवरी 2026 को फरियादी द्वारा थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे अपने घर के सामने बीडी के पत्ते बोरी में भर रहे थे तभी गांव का कुंवर पटेल आया और गाली गलौज करने लगा कि तुम लोग अगर यहां दिखे तुम लोगों को जान से मार दूंगा और अपने घर में ऊपर के कमरे से जाकर जान से मारने की नीयत से पत्थर फेक कर मारा जो चांदनी पटेल के सिर पर लगा जिससे उसे खून बहने लगा और वह बेहोश होकर गिर गई जिसे परिवार के लोग चौकी लेकर गए और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर ब्रेक फेल होने से पीछे लुढ़की कोयला लदी मालगाड़ी

**कटनी।** कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया। सिंगरौली से एनकेजे कटनी आ रही कोयला लदी मालगाड़ी मड़वास ग्राम स्टेशन के पास अचानक ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गई। ढलान होने के कारण मालगाड़ी करीब 300 मीटर पीछे की ओर लुढ़क गई जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी को चालक द्वारा मड़वास ग्राम स्टेशन पर रोका गया था लेकिन कुछ ही देर बाद ढलान के कारण ट्रेन अचानक पीछे की ओर खिसकने लगी। मालगाड़ी में कुल 56 वैगन लगे हुए थे। ब्रेक फेल होते ही चालक और गार्ड ने सूझबूझ दिखाते हुए बार बार ब्रेक लगाए। इसके साथ ही ट्रैक पर गिट्टी रखकर गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया जिससे संभावित डिरेलमेंट टल गया। हालांकि इस दौरान रेल लाइन का प्वाइंट टूट गया जिससे रेलवे को नुकसान पहुंचा है।

## नाम सुधार सूचना

मैं रितिक पटेल RITIK PATEL आयु 24 वर्ष पिता श्री नन्दलाल पटेल निवासी 3/23/402 मारूती विद्यालय के पास नेहरू नगर तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. आधार नं.– 6897 6296 0530 का निवासी हूँ और शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि :– मैं कक्षा 10वीं की परीक्षा वर्ष 2017 में ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल इलाहाबाद रोड जिला रीवा म.प्र. (सी.बी.एस.सी.) से उत्तीर्ण किया हूँ। उक्त कक्षा में मेरा रोल नम्बर 1260334 है। उक्त कक्षा की मार्कशीट में मेरी माता का नाम त्रुटिवश–PUSPLATA PATEL व पिता का नाम–NAND LAL PATEL दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरी माता का सही नाम PUSHPLATA PATEL व पिता का सही नाम NANDLAL PATEL है जो कि मेरे 12वीं के मार्कशीट व माता–पिता के आधार कार्ड में भी दर्ज है। अतः उक्त मार्कशीट में सुधार कर मेरे माता का सही नाम PUSHPLATA PATEL पित्ता NANDLAL PATEL दर्ज किया जाये एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 83712

रितिक पटेल

## कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला-रीवा (म॰प्र॰)

Email ID- cmosirmor@mpurban.gov.in

क्रमांक/2390/राजस्व/न.परि./2025 सिरमौर, दिनांक 31.12.2025

//इस्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय के स्वामित्व की दुकान क्रमांक 23 जो किराये पर पूर्व में अनुबंध द्वारा स्व. भैयालाल वर्मा पिता मंगल प्रसाद वर्मा के नाम आबंटित की गयी थी की मृत्यु उपरांत उक्त दुकान का नामांतरण उनकी पत्नी आशा वर्मा पति स्व. भैयालाल वर्मा के नाम किये जाने का आवेदन प्राप्त हुआ है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर विधिक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकतें है।

समयावधि व्यतीत होने पर कोई भी आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला – रीवा (म.प्र.)

## पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **क्र.सं.:** 1, **श्रेणी:** रीवा, सतना, कटनी, कटनी मुवार, सागर एवं दमोह के पार्सल कार्यालयों पर दो–पहिया वाहन पैकिंग की निविदा।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MSS-JBP-KTE-TWnOPS-112-25-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** जबलपुर मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत रीवा, सतना, कटनी, कटनी मुवार, सागर एवं दमोह के पार्सल कार्यालयों पर दो–पहिया वाहन पार्किंग हेतु 05 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 14/01/2026 15:30 बजे, **क्र.सं.:** 2, **श्रेणी:** सतना स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएँ हेतु निविदा, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MSS-JBP-STA-MedStn-20-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** सतना स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान हेतु निविदा।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 19/01/2026 15:30 बजे, **क्र.सं.:** 3, **श्रेणी:** बरगवां रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पे–एंड–यूज, पार्किंग, विज्ञापन अधिकार, फूड वैन एवं वीडियों वॉल हेतु संयुक्त निविदा।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MSS-JBP-BRGW-STGen-106-25-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** बरगवां रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पे–एंड–यूज शौचालय, पार्किंग, विज्ञापन अधिकार, फूड वैन एवं वीडियो वॉल के प्रावधान हेतु संयुक्त निविदा।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 19/01/2026 15:30 बजे, **क्र.सं.:** 4, **श्रेणी:** विभिन्न ट्रेनों में स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त बेडरोल सेवा (मांग पर, भुगतान के आधार पर) हेतु निविदा।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MMS-MobGen-130732-1-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** जबलपुर मंडल के अंतर्गत गैर–ए.सी. स्लीपर कोचों वाली ट्रेनों में मांग पर, भुगतान के आधार पर स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त बेडरोल सेवाओं का प्रावधान लॉट मे उल्लिखित ट्रेन संख्या केवल ई–नीलामी आमंत्रण हेतु है तथा कार्यक्षेत्र विशेष शर्तों के अनुसार सभी निर्दिष्ट ट्रेनों पर लागू होगा।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 19/01/2026 15:30 बजे, **क्र.सं.:** 5, **श्रेणी:** BRGW, BEHR, BRRB, DRGM, GBGG, GWCB, SGAM, MZH पर खुले/आवृत वैगनों की सफाई हेतु निविदा।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MSS-JBP-BRGW-BOXNWC-114-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** जबलपुर मंडल में लोडिंग/अनलोडिंग बिंदुओं, गुड्स शेड/रेलवे साइडिंग क्षेत्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सहित खुले अथवा आवृत वैगनों, गुड्स शेड एवं लोडिंग/अनलोडिंग ट्रैकों की सफाई तथा सफाई उपरांत प्राप्त अवशेष सामग्री का उचित निपटान हेतु निविदा।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 20/01/2026 15:30 बजे, **क्र.सं.:** 6, **श्रेणी:** BGTA, BRGT, DDCE, JKE, KHBJ, KMA, NNV, MEGN, NWR, BGWR पर खुले/आवृत वैगनों की सफाई हेतु निविदा।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MSS-JBP-BGWR-BOXNWC-115-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** लोडिंग/अनलोडिंग बिंदुओं, गुड्स शेड/रेलवे साइडिंग क्षेत्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सहित खुले अथवा आवृत वैगनों, गुड्स शेड एवं ट्रैको की सफाई तथा अवशेष सामग्री का उचित निपटान हेतु निविदा।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 20/01/2026 15:40 बजे, **क्र.सं.:** 7, **श्रेणी:** DMO, GAR, GSPR, KEQ, LDA, MYR, NU, PPI, REWA, STA पर खुले/आवृत वैगनों की सफाई हेतु निविदा।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MSS-JBP-GSPR-BOXNWC-116-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** खुले अथवा आवृत वैगनों की सफाई, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सहित, तथा सफाई के पश्चात प्राप्त अवशेष सामग्री का उचित निपटान हेतु निविदा।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 20/01/2026 15:50 बजे, **क्र.सं.:** 8, **श्रेणी:** रीवा स्टेशन पर एटीएम की व्यवस्था का प्रावधान।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** ATM-JBP-REWA-Gen-21-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** रीवा स्टेशन पर एटीएम की व्यवस्था हेतु अनुबंध संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई–नीलामी से पूर्व स्थल का भ्रमण कर स्थान की व्यवहार्यता सुनिश्चिम कर ले।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 23/01/2026 13:30 बजे, **क्र.सं.:** 9, **श्रेणी:** मदनमहल स्टेशन स्थित एमएफसी (मल्टी–फंक्शनल कॉम्प्लेक्स) में दुकानों/रेस्टोरेंट/बजट होटल हेतु प्रावधान।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MSS-JBP-MML-MFC-117-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** मदनमहल स्टेशन के एमएफसी में व्यक्तिगत दुकानें/रेस्टोरेंट/बजट होटल की व्यवस्था हेतु अनुबंध।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 23/01/2026 15:40 बजे, **क्र.सं.:** 10, **श्रेणी:** पिपरिया स्टेशन स्थित एमएफसी (मल्टी–फंक्शनल कॉम्प्लेक्स) में व्यक्तिगत दुकानों/रेस्टोरेंट/बजट होटल हेतु प्रावधान।, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक:** MSS-JBP-PPI-MFC-111-25-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** पिपरिया स्टेशन के एमएफसी में व्यक्तिगत दुकानें/रेस्टोरेंट/बजट होटल की व्यवस्था हेतु अनुबंध।, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय:** 23/01/2026 15:40 बजे। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध ई–टेंडर लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें। लॉट–वार विवरण अपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। ई–टेंडर से संबंधित जानकारी मंडलीय रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# ग्राम सूखा में टीका लगने से तीन माह की बच्ची की हुई मौत

## ग्रामीण जन एएनएम बेलाकली पटेल के ऊपर लगा रहे लापरवाही का आरोप



ब्योहारी। ग्राम पंचायत कल्हारी के ग्राम सूखा में सुनील कुमार पाल के नवजात शिशु प्रियांशी की टीका लगने के छः घंटे के अंदर मौत हो गई जिसकी उम्र लगभग तीन माह दस दिन थी घटना नौ जनवरी को आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ता निधि श्री वास्तव ने टीका लगवाने के लिए परिजनों को बुलाया गया जहां एएनएम बेलाकली पटेल के व्दारा नवजात बच्ची को एक साथ दो टीके लगाए गए और तीन डोस दवाई पिलाई गई जिससे बच्ची की तबियत बिगड़ गई रात में तीन बजे मौत हो गई जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई और पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया इस घटना पर परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है परिजनों का आरोप है कि ए एन एम बेलाकली पटेल व्दारा दो टीके और तीन डोस दवाई पिलाई गई जिसके कारण मौत होना बताया जा रहा है जब ए एन एम बेलाकली पटेल से फोन पर सम्पर्क किया गया तो फोन नहीं उठा इस घटना उच्च स्तरीय जांच की मांग की जा रही अब आगे देखने वाली बात होगी कि स्वास्थ्य विभाग इस घटना पर क्या कार्रवाई करती हैं।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाना कोतवाली का किया घेराव : कटनी।** जिले में हिंदू मठ मंदिर एवं धार्मिक आस्था केन्द्रो के आसपास लगातार बढ़ती नशाखोरी एवं आसामाजिक तत्वों के डेरा को देखते हुए विहिप, बजरंग दल ने शुक्रवार को कटनी के प्रमुख थाना शहर कोतवाली का घेराव किया घेराव में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की हनुमान चालीसा का पाठ किया मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं से बात की तब कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों का ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा।

## कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र.08/2025-26

क्रमांक 50/ग्रा.यां.से./2026 रीवा, दिनांक 07/01/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover–3 (तीन लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 से अधिक एवं Cover–2 (दो लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 करोड़ तक के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय | सिस्टम आई.डी.नम्बर | कार्य का प्रकार | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (लाख) | एस.ओ.आर. /आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैहर | 2026_RES_473890 | शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बड़ाइटमा में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 01 | 37.86 | 11.04.2022 प्रथम |
| 2 | सतना | 2026_RES_473891 | आदिवासी बालक आश्रम शाला मोटवा में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 01 | 37.86 | 11.04.2022 प्रथम |
| 3 | सतना | 2026_RES_473892 | आदिवासी बालक आश्रम शाला बरौधा में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 01 | 47.32 | 11.04.2022 प्रथम |
| 4 | सतना | 2026_RES_473893 | आदिवासी बालक आश्रम शाला चितहरा में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 01 | 28.40 | 11.04.2022 प्रथम |
| 5 | सतना | 2026_RES_473894 | शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सितपुरा में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 01 | 41.25 | 11.04.2022 प्रथम |
| 6 | सतना | 2026_RES_473896 | सितपुरा से सतना नदी तक एवं सतना नदी तरहटी सोहावल तक बायपास निर्माण कार्य। | 01 | 125.30 | 11.04.2022 प्रथम |
| 7 | मैहर | 2026_RES_473898 | पैकेज क्रमांक 1277 शा. हायर सेकेंड्री स्कूल अजवाईन में फिजिक्स, कैमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब निर्माण कार्य। | 03 | 48.58 | 11.04.2022 द्वितीय |
| | | | कुल योग:- | | 366.57 | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 12.01.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 02.02.2026 समय 17:30 बजे शाम तक क्रय एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

G-24208/25

अधीक्षण यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
रीवा मण्डल रीवा

# इंदिरा ज्योति यात्रा डिंडौरी पहुँची, इंदिरा गांधी के विचार जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



**जागरण डिंडौरी।** जिला कांग्रेस कमेटी डिंडौरी के द्वारा रेस्टहाउस में प्रेसवार्ता का आयोजन कर इंदिरा ज्योति अभियान की जानकारी दी गई और प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया। जिसमें बताया गया है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 12 जुलाई 2024 को प्रतिवर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित किए जाने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के विरुद्ध दुष्प्रचार शुरू हुआ। इसके विरोध में सम्यक अभियान के तहत चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य इंदिरा गांधी के कार्यों, विचारों और क्रांतिकारी निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान की जानकारी देते हुए लेखक एवं विचारक भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि इंदिरा गांधी सम्यक अभियान की प्रेरणाश्रोत हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के खिलाफ फैलाए जा रहे भ्रम का उत्तर उनके ऐतिहासिक योगदान और निर्णयों को जनता के सामने रखकर दिया जा रहा है। इसी क्रम में दिल्ली, मुंबई, भोपाल, नागपुर, जयपुर और लखनऊ में पत्रकार वार्ताएं आयोजित की गईं।उन्होंने बताया कि 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की शुरुआत की गई। इंदिरा गांधी के 108वें जयंती वर्ष को सृजन वर्ष के रूप में मनाते हुए देशभर में 108 आयोजन किए गए। 108वां राष्ट्रीय स्तर का आयोजन भोपाल में आयोजित हुआ, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग अध्यक्ष पवन खेड़ा शामिल हुए।रोकड़े ने बताया कि इंदिरा ज्योति अभियान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में संचालित है। महात्मा गांधी द्वारा 6 जनवरी 1921 को छिंदवाड़ा से असहयोग आंदोलन की शुरुआत की गई थी। उसी स्थल से 6 जनवरी 2026 को इंदिरा ज्योति यात्रा प्रारंभ हुई। महाकौशल जोन में यह यात्रा छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर और कटनी होते हुए डिंडौरी पहुँची है। डिंडौरी के बाद यात्रा मंडला, बालाघाट और सिवनी जाएगी।उन्होंने बताया कि आगामी 24 जनवरी को भोपाल में भारतीय सशक्त महिला दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा, क्योंकि 24 जनवरी 1966 को श्रीमती इंदिरा गांधी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद यात्रा भोपाल जोन और बुंदेलखंड जोन के जिलों में जाएगी।अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में प्रदेश आयोजन समिति गठित की गई है। डिंडौरी जिले में अमित गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आयोजन समिति बनाई गई है।श्री रोकड़े ने बताया कि सम्यक अभियान के माध्यम से बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और किसानों को जोड़कर समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# सुपरवाइजर सैम बच्चों की ट्रैकिंग ठीक से करें पोषण ट्रैकर पर एण्ट्री सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**छतरपुर।** महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डीपीओ महिला बाल विकास दिनेश दीक्षित, सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने पोषण ट्रैकर पर दर्ज सैम एवं मैम के बच्चों के वजन, ट्रैकिंग की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सैम एवं मैम बच्चों को ठीक से चिन्हांकन करें और पोषण ट्रैकर पर एण्ट्री करें। उन्होंने सैम एवं मैम बच्चों के रजिस्ट्रेशन 7 से 8 दिनों में एमएमबास्क पर शत प्रतिशत कराने के निर्देश परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर को दिए। कलेक्टर ने सैम मैम बच्चों के एसयूडब्ल्यू रिकवरी रेट की समीक्षा करते हुए कहा कि फॉलअप ठीक से करें, जिसमें पोषण देना जिससे बच्चों का वजन बढ़े एवं रिकवरी रेट सुधरे इसके लिए सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को निर्देशित किया और कहा कि फॉलोअप ठीक से नहीं किया गया तो कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कार्यों की ठीक से समीक्षा ना करने पर सीडीपीओ पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने सैम मैम बच्चों के चिन्हांकन में लापरवाही पर छतरपुर ग्रामीण की 4 सुपरवाईजर, बिजावर परियोजना की गुलगंज सुपरवाईजर, राजनगर 1 अंतर्गत 1 सुपरवाईजर की 1-1 दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए।

## नपाध्यक्ष ने पचेर घाट फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

**छतरपुर।** शनिवार को छतरपुर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने पचेर घाट स्थित वाटर सप्लाई फिल्टर प्लांट 24.6रूष्ठ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल शुद्धिकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली एवं पानी की गुणवत्ता जांच टेस्टिंग की प्रक्रिया को देखा। नपाध्यक्ष ने प्लांट में नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन एवं एलम की निर्धारित मात्रा डाले जाने की स्थिति की जांच की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं मानक अनुसार पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने फिल्टर प्लांट परिसर की साफ-सफाई, पौधारोपण अधिक कर सौंदर्यीकरण, आवश्यक मरम्मत व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए स्टाफ को स्वच्छता बनाए रखने एवं उपकरणों के नियमित रखरखाव के निर्देश दिए।

# नौगांव मेला महोत्सव में उमड़ रहा जनसैलाब

### सीतापुर की खाजा मिठाई और खेल प्रतियोगिताएं बनीं आकर्षण

**नौगांव।** नगर में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मेला महोत्सव में इन दिनों उत्सव का माहौल है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग यहाँ मनोरंजन के लिए पहुँच रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह द्वारा शुरू किए गए इस मेले का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है, जो दशकों से बुंदेलखंड की संस्कृति और परंपराओं का गवाह बना हुआ है। लगभग 30 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैले इस मेले में खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और व्यापारिक गतिविधियों का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि नौगांव मेले की नींव वर्ष 1954 में नौगांव निवास के नाम से रखी गई थी, जो आज अपने 70 सफल वर्ष पूरे कर चुका है। इतिहासकार दिनेश सैन के अनुसार, शुरुआती दौर में यहाँ सरकारी विभागों की प्रदर्शनियाँ मुख्य आकर्षण हुआ करती थीं। समय के साथ मेले का स्वरूप बदला और अब यहाँ अंतरराज्यीय व स्थानीय स्तर की कबड्डी, क्रिकेट और बास्केटबॉल जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जिनमें महिला और पुरुष खिलाड़ी उत्साह के साथ भाग लेते हैं। मेले का एक सबसे अनूठा आकर्षण उत्तर प्रदेश के सीतापुर से आने वाली प्रसिद्ध %ख्वाजा% मिठाई की दुकानें हैं, जिनका स्वाद लेने के लिए लोग साल भर इंतजार करते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से नगर पालिका ने पूरे मेला परिसर को 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा है और पुलिस बल के साथ खोया-पाया केंद्र भी स्थापित किया गया है। रात्रि के समय रंगमंच पर होने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मेले की रौनक में चार चांद लगा रही हैं।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ विवाह का प्रलोभन देकर निरंतर शारीरिक शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी ने बताया कि पीड़ित युवती ने सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर प्रशांत सेन नामक युवक के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। युवती का आरोप है कि प्रशांत ने उसे शादी का झांसा दिया और पिछले एक वर्ष से उसका लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। जब युवती ने विवाह के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर प्रशांत सेन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। सीएसपी ने आश्वस्त किया है कि आरोपी की लोकेशन ट्रैक की जा रही है और उसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## सोशल मीडिया टिप्पणी पर प्राथमिक शिक्षक को नोटिस जारी

छतरपुर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, छतरपुर द्वारा एक प्राथमिक शिक्षक पुष्पेंद्र अहिरवार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। नोटिस में उल्लेख है कि कलेक्टर छतरपुर के निर्देशानुसार शीतकालीन मौसम एवं शीतलहर को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का 6 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया था। आदेश के अनुसार शिक्षकों को यह भी निर्देशित किया गया था कि वे इस अवधि में शासन के निर्देशों के अनुरूप ही आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों संचालित करेंगे। इसके बावजूद प्राथमिक शिक्षक डडिया शा.उ.मा.विद्यालय बछौन पुष्पेंद्र अहिरवार द्वारा फेसबुक पर की गई टिप्पणी को वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी आदेशों के प्रति असहमति एवं शासन के निर्देशों की अवहेलना के रूप में देखा गया है।

# जांच अधिकारी नहीं मान रहे आदेश ! लाखों की गड़बड़ी, 5 दिन की जांच 2 महीने बीते, रिपोर्ट गायब




**जागरण डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अजगर में सामने आई वित्तीय अनियमितताओं की जांच अब सवालों के घेरे में आ गई है। जिला पंचायत डिंडौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी द्वारा 30 अक्टूबर 2025 को जारी आदेश में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए थे कि ग्राम पंचायत अजगर से संबंधित शिकायतों की बिंदुवार जांच कर पाँच दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट अब तक प्रस्तुत नहीं की गई है। आदेश जारी हुए दो माह से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद जांच दल द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जाना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है।ग्राम पंचायत अजगर में सरपंच रामकुमार बिंदिया और सचिव जयगोपाल सैयाम पर विकास कार्यों में गड़बड़ी, सरकारी राशि के दुरुपयोग और निर्माण कार्यों में अनियमितता जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। इन शिकायतों के प्रकाश में आने के बाद जिला प्रशासन ने चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था, जिसमें जिला पंचायत के लेखाधिकारी साकेत जैन, मनरेगा के परियोजना अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जनपद पंचायत समनापुर के सीईओ लोकेश कुमार नारनोरे तथा विकासखंड समन्वयक आवास कशिश नायक को शामिल किया गया था। समिति को शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण कर तथ्यों के आधार पर स्पष्ट अभिमत सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

आरोपों के अनुसार ग्राम पंचायत में 5वें एवं 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत लाखों रुपये के विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताएँ की गईं। सीसी सड़क निर्माण के नाम पर सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान तो कर दिया गया, लेकिन संबंधित मजदूरों का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं पाया गया। कई स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरे मिले, जबकि कुछ स्थानों पर कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ। इन तथ्यों की पुष्टि स्वयं उप सरपंच द्वारा भी किए जाने की चर्चा है, जिससे आरोपों को और बल मिलता है।यह पूरा मामला उस समय सामने आया था जब 'जनधारा न्यूज' में ग्राम पंचायत अजगर में कथित लूट और विकास निधि के दुरुपयोग को लेकर खबर प्रकाशित हुई थी। खबर के प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जांच समिति गठित की और त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। हालांकि जांच प्रतिवेदन का अब तक प्रस्तुत न होना इस भरोसे को कमजोर करता प्रतीत हो रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के बीच यह विषय चर्चा का केंद्र बना हुआ है कि यदि लाखों रुपये की सरकारी राशि में गड़बड़ी के आरोपों की जांच ही समय पर पूरी नहीं होगी, तो दोषियों पर कार्रवाई कैसे संभव होगी। जांच दल द्वारा आदेशों की अनदेखी से यह सवाल भी उठने लगे हैं कि कहीं मामले को दबाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा।फिलहाल जांच रिपोर्ट लंबित रहने से पूरे प्रकरण पर अनिश्चितता बनी हुई है। अब जिलेवासियों की निगाहें जिला प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि क्या जांच अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और ग्राम पंचायत अजगर में हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं पर ठोस कार्रवाई होगी या यह मामला भी फाइलों में ही सिमट कर रह गया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 पर द्वादश ज्योतिर्लिंग रुद्राभिषेक संपन्न



**जागरण मंडला।** सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वर्ष 2026 को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज शनिवार को जिला मुख्यालय के पावन माहिष्मती घाट स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग में रुद्र अभिषेक किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। रुद्र अभिषेक के माध्यम से भगवान शिव से राष्ट्र की अखंडता, सांस्कृतिक स्वाभिमान और सनातन परंपराओं की रक्षा के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की आस्था, सहनशीलता और पुनरुत्थान का जीवंत प्रतीक है। हजार वर्षों के संघर्षों के बावजूद सोमनाथ का पुनः वैभव के साथ खड़ा होना हमारी सभ्यता की अदम्य शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से आह्वान किया कि वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत चल रहे जन-अभियान से जुड़ें और 10 जनवरी को अपने-अपने क्षेत्र के शिवालयों में ?कार मंत्र जाप एवं पूजा-अर्चना में भाग लें। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जयदत्त झा,शिवा रानू राजपूत, अखिल सिहारे,थामन बरमैया, विनय मिश्रा, सुधीर कसार, विनय तिवारी, नरेश कछवाहा, उमेश शुक्ला, सौरभ गुप्ता, रवि सोनवानी, सचिन शर्मा, सुधीर मिश्रा, दिनेश चौधरी, सुधीर दुबे, सुनील मिश्रा,बसंत चौधरी,मालती मरावी, बबीता अधिकारी, कमला टांडिया, विकास यादव, विवेक बिन्नू चंद्रोल, आनंद जैन, अमन अग्रवाल, सावन नीखन ऋषभ सिन्हा, अनुपम दीक्षित सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि सोमनाथ मंदिर की अखंडता, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा यह कार्यक्रम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है, जो पूरे वर्ष विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मनाया जाएगा।

## जिपं सीईओ ने योजनाओं की समीक्षा की, सख्त निर्देश जारी

**छतरपुर।** जिला पंचायत छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जनपद पंचायत लवकुशनगर एवं गौरिहार में अलग-अलग समीक्षा बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, एक बगिया मां के नाम योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की । जनपद पंचायत लवकुशनगर के सभाकक्ष में ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक ली गई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत ई-केवाईसी प्रगति, एक बगिया मां के नाम योजना, परिसंपत्तियों की जियोटैगिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास पूर्णता, आवास प्लस सर्वे सत्यापन, समग्र ई-केवाईसी, जल गंगा संवर्धन अभियान, बिजली बिलों के लंबित देयक आदि की गहन समीक्षा की गई। सीईओ ने 60 प्रतिशत से कम ई-केवाईसी प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के वेतन रोकने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही, 20 से कम परिसंपत्तियों की जियोटैगिंग करने वाले सचिवों का वेतन भी रोके जाने का आदेश दिया।

## डेढ़ माह से स्कूल से गायब सहायक शिक्षक पर गिरी गाज, जनजातीय कार्य विभाग ने किया सस्पेंड

**जागरण डिंडौरी।** जनजातीय कार्य विभाग ने प्राथमिक शाला भीमडोंगरी, विकासखंड शहपुरा में पदस्थ सहायक शिक्षक सरिता मेरावी को कर्तव्य से अनाधिकृत अनुपस्थिति के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा द्वारा 9 जनवरी 2026 को किए गए आकस्मिक निरीक्षण के आधार पर की गई।निरीक्षण के दौरान श्रीमती मेरावी विद्यालय में उपस्थित नहीं पाई गईं। शिक्षक उपस्थिति पंजी के अवलोकन एवं उपस्थित ग्रामीणों के कथनों के अनुसार वह पिछले लगभग डेढ़ माह से विद्यालय में अनुपस्थित थीं। सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना तथा बिना सूचना दिए शासकीय सेवक की अनुपस्थिति को नियमों के तहत सेवा में व्यवधान की श्रेणी में माना जाता है।विभागीय आदेश के अनुसार यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1, 2 एवं 3 का उल्लंघन है तथा इसे गंभीर कदाचरण माना गया है। इसी आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत श्रीमती सरिता मेरावी को निलंबित किया गया है।निलंबन अवधि के दौरान श्रीमती मेरावी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। साथ ही निलंबन काल में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शहपुरा निर्धारित किया गया है।यह आदेश कलेक्टर डिंडौरी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि आयुक्त जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश भोपाल, कलेक्टर डिंडौरी, संभागीय उपायुक्त जबलपुर, कोषालय अधिकारी डिंडौरी, अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी शहपुरा को सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

# बिजली इंजीनियर और उपभोक्ता में मारपीट

### स्मार्ट मीटर को लेकर हुआ विवाद, थाने में हुआ समझौता

**जागरण मंडला।** मंडला नगर के लालीपुर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बिजली विभाग के उपयंत्री और एक उपभोक्ता के बीच विवाद हो गया। यह विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। बिजली विभाग की टीम स्मार्ट मीटर लगाने लालीपुर पहुंची थी, जहां उनका सामना उपभोक्ता नरेंद्र कोरी से हुआ। नरेंद्र कोरी सहकारी बैंक के महाप्रबंधक हैं।आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारी जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बना रहे थे, जिसका विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई और हाथापाई हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने कोतवाली थाना पहुंचे।थाने में करीब एक घंटे तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। दोनों पक्षों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग भी थाने पहुंच गए, जिससे स्थिति कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गई थी। हालांकि, थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई।

काफी देर तक चली चर्चा के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से कोई भी शिकायत दर्ज न कराने का फैसला किया। इसके बाद वे समझौता कर थाने से लौट गए।थाना प्रभारी शफीक खान ने इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि लालीपुर निवासी नरेंद्र कोरी और बिजली विभाग के उपयंत्रियों के बीच स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विवाद हुआ था, जो हाथापाई तक पहुंच गया। दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाने आए थे, लेकिन आपसी सहमति बनने के बाद उन्होंने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न चाहने की बात कही और वापस चले गए।

# करंट से बाघिन की मौत, पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**जागरण मंडला।** मंडला जिले के अंजनिया परिक्षेत्र में मिले बाघिन के शव के पोस्टमॉर्टम में बड़ा खुलासा हुआ है। शनिवार को हुई जांच में पुष्टि हुई कि बाघिन की मौत बिजली के करंट से हुई थी। उसकी उम्र 14 से 16 माह के बीच थी।वनकर्मियों ने शुक्रवार शाम गश्त के दौरान अंजनिया बीट क्षेत्र में बाघ का शव देखा था। तत्काल वरिष्ठ वन अधिकारियों को सूचित किया गया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। वन विभाग ने मौके पर डॉग स्कायड बुलाकर प्रारंभिक जांच भी की थी।पूर्व सामान्य वनमंडल की डीएफओ प्रीता एस.एम. ने बताया कि शुक्रवार रात अंधेरा होने के कारण विस्तृत जांच संभव नहीं हो पाई थी। शनिवार सुबह वन्यजीव विशेषज्ञ डॉक्टर ने शव का पोस्टमॉर्टम किया, जिसमें करंट लगने से बाघिन की मौत की पुष्टि हुई।घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने एक जांच टीम गठित की है। टीम घटनास्थल के चार किलोमीटर के दायरे में सघन जांच कर रही है, ताकि करंट फैलने के कारण और जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाया जा सके। मामले में आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।



## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 12 जनवरी को

**पन्ना** । राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को जिला चिकित्सालय एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम स्थल तथा जिला चिकित्सालय पन्ना के ब्लड बैंक में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की गई है, जिससे जिला चिकित्सालय में भर्ती गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं तथा अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

## समाधान योजना अंतर्गत शिविरों का आयोजन जारी

**पन्ना** । समाधान योजनांतर्गत पन्ना संभाग के वितरण केन्द्रों पन्ना शहर एवं ग्रामीण सहित अजयगढ़, धरमपुर, सलेहा, गुनौर और देवेन्द्रनगर एवं बड़े ग्रामों में भी शिविरों का आयोजन निरंतर जारी है। विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता अमितेश मिश्रा ने बताया कि कंपनी द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी समाधान योजना में विद्युत उपभोक्ताओं को तीन माह से अधिक पुराने बिल में शत प्रतिशत सरचार्ज की छूट दी जा रही है। पन्ना संभाग अंतर्गत 61 हजार 400 उपभोक्ताओं पर विद्युत बिल की राशि बकाया है, जिसमें से अब तक 5 हजार 290 उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि जमा कर समाधान योजना का लाभ लिया गया है। आगामी 31 जनवरी तक संचालित योजना में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## संदिग्ध अवस्था में ससुराल आए दामाद की मौत

**पन्ना** । जिले के देवेंद्र नगर थाना अंतर्गत इटवा पुरैना गांव में ससुराल आए दामाद के द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने से उसकी मौत हो गई है मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर संदिग्ध अवस्था में मौत होने के आरोप लगाए हैं जानकारी के अनुसार सतना जिला ग्राम भादे निवासी संदीप पटेल पिता रामनिवास पटेल अपनी ससुराल पुरेना इटवा ग्राम आया हुआ था उसके द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे ससुराल वालों ने तत्काल देवेंद्र नगर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया देवेंद्र नगर में इलाज होने के बाद पीड़ित को जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर इलाज के दौरान मृतक संदीप की मौत हो गई बताया जाता है कि संदीप अपनी ससुराल पत्नी को लेने आया हुआ था जिस समय वह पहुंचा था उस समय पत्नी तथा उनके परिजन खेत गए हुए थे पुलिस द्वारा मार्ग कायम कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है

## पशु चिकित्सक प्रियंका सिंह का इलाज के दौरान दुखद निधन

**पन्ना** । पन्ना जिले के लक्ष्मीपुर ग्राम निवासी शिक्षक राम सिंह यादव की सुपुत्री डॉक्टर प्रियंका सिंह का दुखद निधन हो गया है ज्ञात हो डॉ प्रियंका सिंह का 2 वर्ष पूर्व पशु चिकित्सक के पद पर चयन हुआ था जो भोपाल मुख्यालय में अपनी सेवाएं दे रही थी अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ अनेक स्थानों पर इलाज कराया गया लेकिन उसके बाद जबलपुर में इलाज के दौरान 9 जनवरी को उनका दुखद निधन हो गया प्रियंका सिंह के निधन पर समाज के नागरिकों समाजसेवी जनप्रतिनिधियों ने गहन शोक व्यक्त करते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा पीड़ित परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति ईश्वर से प्रदान करने की कामना की।

## बृहस्पतिकुंड आश्रम में पार्किंग एवं यात्री कर का वैधानिक तरीके से नहीं किया गया टेंडर

**पन्ना** । जिले के बृहस्पति कुंड में पर्यटन विभाग द्वारा पारदर्शिता को अनदेखा कर पार्किंग एवं यात्री कर का टेंडर वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन न करते हुए मात्र रु 30000 में टेंडर की स्वीकृति कर दी गई जबकि अन्य लोग भी इच्छुक थे ठेका लेने के। किसी भी ग्राम पंचायत या समिति ग्रामीण अंचलों में कोई सूचना नहीं दी गई सुना गया है कि पर्यटन विभाग वहां पर अनेक कार्य मनवाने तरीके से कर रहा है ।
जिसमें सरपंच की गुपचुप स्वीकृति देखी गई है। पन्ना विधायक ने भी आवेदन जांच के लिए प्रेषित कर दिया है। नीरज सेन,पन्नालाल,रामपाल,गोपाल यादव,लक्ष्मी यादव,बद्री अहिरवार, ठाकुर प्रसाद,लखन,कंछेदी,संजय बाबूलाल अहिरवार,अंशु आदिवासी देवी सिंह,पन्ना अहिरवार, नत्थू तिवारी, बेटा यादव,सुधीर सिंह ठाकुर, मंगल,गणेश, हरि अहिरवार,कल्लू आदिवासी आदि के द्वारा लिखित शिकायत सांसद, विधायक को सौपी गई है आगे अब देखना होगा समस्त ग्रामीणजन के द्वारा शिकायत पर यथा उचित क्या कार्यवाही की जाती है।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने मिलेट्स फूड फेस्टिवल का किया शुभारंभ



**जागरण, पन्ना** । राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना एवं छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में पन्ना नेशनल पार्क के मड़ला प्रवेश द्वार पर सात दिवसीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने शनिवार को फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलन कर मिलेट्स फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर लगाए गए फूड एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के 14 स्टॉल का निरीक्षण कर स्वसहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और इस आयोजन को सराहनीय बताया। समूह की महिलाओं द्वारा राज्य मंत्री श्री उईके को हस्तनिर्मित विभिन्न उत्पादों और बाजार में इनके विक्रय की कार्ययोजना के संबंध में अवगत कराया तथा आजीविका संबंधी गतिविधियों की जानकारी भी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि एक स्थल पर समस्त उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय से स्थानीयजनों सहित पर्यटकों को भी सुविधा मिली है। वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर शुद्ध खाद्य पदार्थ व उत्पादों के विक्रय से समूह की महिलाएं आार्थिक रूप से सशक्त होंगी। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही महिलाओं द्वारा स्थानीय खाद्य उत्पादों की टोकरी भी भेंट की गई। राज्य मंत्री श्री उईके खजुराहो से सड़क मार्ग द्वारा दोपहर मड़ला पहुंचे। इस अवसर पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा, विधायक पन्ना एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, विधायक राजनगर अरविन्द पटैरिया, पन्ना जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, सतानंद गौतम, कलेक्टर ऊषा परमार, आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक प्रमोद शुक्ला परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। आईपीएल क्रिकेटर शशांक सिंह ने भी मिलेट्स फेस्टिवल में सहभागिता की।

### देसी भोजन एवं पारंपरिक व्यंजनों का उठाया लुत्फ

केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने मिलेट्स फूड फेस्टिवल के लोकार्पण पश्चात जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ देशी भोजन एवं पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान महिलाओं के कौशल की प्रशंसा भी की तथा उपस्थितजनों से भी स्वसहायता समूह की महिलाओं के उत्साहवर्धन की अपील की। फूड फेस्टिवल में स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा श्रीअन्न जैसे कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अलसी सहित विभिन्न जैविक उत्पादों व उनसे बने स्वादिष्ट फूड आईटम्स का विक्रय किया जा रहा है।

## विश्व प्रसिद्ध बल्देव जी मंदिर की व्यवस्थाएं संदेह के घेरे में



**पन्ना** । जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री बल्देव जी मंदिरमें दुकान आवंटन को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। मंदिर परिसर की दुकान क्रमांक-02 को बिना कोई सार्वजनिक निविदा या नीलामी विज्ञापन जारी किए सुरेश कुमार पांडे को दिए जाने का आरोप लग रहा है। इस मामले में अब दो अलग-अलग शिकायतकर्ताओं ने उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है। पहली शिकायत में लोकेश शर्मा ने दावा किया कि वे सुरेश कुमार पाण्डे द्वारा दी जा रही राशि से 12 प्रतिशत अधिक बोली लगाने को तैयार हैं और नीलामी की विधिवत प्रक्रिया अपनाई जाए। दूसरी ओर शलभ मिश्रा ने भी इसी तरह की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि पूरी प्रक्रिया गैर-पारदर्शी है और यह मामला वर्तमान में एसडीएम पन्ना के यहां प्रक्रियाधीन है।मामले पर एसडीएम संजय नागवंशी ने कहा, मेरे पास दिनभर कई फाइलें आती रहती हैं। मुझे अभी इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं है कि किसको कौन सी दुकान आवंटित की जा रही है। ऑफिस पहुंचकर ही मैं इस बारे में बता पाऊंगा।卐मंदिर परिसर में स्थित दुकानें मंदिर की आय का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इसकी रोमन शैली की वास्तुकला (16 कलाओं का प्रतीक) के कारण देश-विदेश में प्रसिद्ध है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं।

## विधायक कप के फाइनल मैच में पन्ना सिटी 2 बनी विधायक कप 2026 की विजेता



**पन्ना** । नज़रबाग स्थित ऐतिहासिक छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित विधायक कप 2026 के फाइनल मुकाबले में पन्ना सिटीङ्क2 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पन्ना ग्रामीणङ्क। को 17 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जिसे देखने बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। विधायक कप 2026 के फाइनल मुकाबले के अवसर पर कार्यक्रम केमुख्य अतिथि दुर्गादास उइके,केन्द्रीय राज्यमंत्री (जनजातीय कार्य विभाग), भारत सरकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विष्णुदत्त शर्मा सांसद खजुराहो लोकसभा क्षेत्र एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा तथा आईपीएल ऑलराउंडर शशांक सिंह (किंग्स पंजाब) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथियों के पन्ना आगमन पर नगर में भव्य स्वागत किया गया। मोहन निवास चौराहा, पुराना पावर हाउस चौराहा और गांधी चौक से होते हुए स्वागत जुलूस छत्रसाल स्टेडियम पहुँचा। स्टेडियम में केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके का स्वागत कार्यक्रम का आयोजक पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। सांसद विष्णुदत्त शर्मा, शशांक सिंह के पिता शैलेंद्र सिंह पूर्व डीजी आईपीएल खिलाड़ी शशांक सिंह का स्वागत विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। अपने उद्बोधन में केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि देश में निरंतर नई खेल प्रतिभाएँ सामने आ रही हैं और अब छोटे शहरों से भी खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलों के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रतिभाओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते थे, लेकिन आज बृजेंद्र प्रताप सिंह जैसे जनप्रतिनिधि युवाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान कर रहे हैं। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद खेल महोत्सव और विधायक कप जैसे आयोजनों के माध्यम से पन्ना की खेल प्रतिभाओं को निरंतर अवसर दिया जा रहा है। इन आयोजनों से खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है और आने वाले समय में पन्ना जिले के खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। आईपीएल खिलाड़ी शशांक सिंह ने कहा कि पन्ना आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी ऐसे ही स्थानीय टूर्नामेंटों से निकलकर आईपीएल जैसे बड़े मंच तक पहुँचे हैं। छिंदवाड़ा में खेले गए ऐसे ही टूर्नामेंटों ने उनके करियर की नींव रखी। उन्होंने कहा कि यदि विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह उन्हें पुनः पन्ना आमंत्रित करेंगे तो वे अवश्य आएंगे, क्योंकि उनके पन्ना से पारिवारिक संबंध हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना के समग्र विकास के साथ-साथ युवाओं को उचित मंच देना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने घोषणा की कि 19 जनवरी से फुटबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर की टीमें भाग लेंगी। साथ ही छत्रसाल स्टेडियम नज़रबाग में फ्लड लाइट लगाई जा रही है, जिससे आगामी गर्मियों में नाइट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पन्ना के युवाओं को निरंतर अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का कार्य लगातार किया जाता रहेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहां कि जनता पार्टी की सरकार बनी है युवाओं को लगातार खेलने के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है जिससे छतरपुर से देश की महिला खिलाड़ी क्रांति गोड़, निकली पन्ना मैं भी खिलाड़ियों की अभी कोई कमी नहीं है पन्ना से भी देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी भविष्य में निकलेंगे

**पन्ना सिटी बनी विधायक कप 2026 की विजेता :** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पन्ना सिटीङ्क2 की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 98 रन बनाए। टीम की ओर से विक्रम 23 रन, रितिक 19 रन और शुभम शर्मा 18 रन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंतिम ओवरों में गुड्डू ने नाबाद 17 रन बनाकर स्कोर को मजबूती दी। पन्ना ग्रामीणङ्क। की ओर से चंदन सिंह यादव ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पन्ना ग्रामीणङ्क। की टीम 15 ओवर में 7 विकेट पर 81 रन ही बना सकी। टीम की ओर से मनु 24 रन और राहुल नाबाद 19 रन ने संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पन्ना सिटी 2 की ओर से गुलाम मोइन ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट झटके।

## पुलिस द्वारा धरमपुर थाना क्षेत्र के फरार स्थाई वारण्टी को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना** । पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार पन्ना जिले में स्थाई, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंट की तामीली हेतु विशेष अभियान चालाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में पन्ना जिले के समस्त थाना / चौकियों में थाना/चौकी प्रभारी के नेतृत्व में अधिक से अधिक वारंटों की तामीली किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा स्थाई वारण्टी के संबंध में सूचना दी गई । पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर स्थाई वारण्टी लालाराम पिता झल्लू लोध निवासी माखनपुर थाना धरमपुर को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । आरोपी माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजयगढ़ के प्रकरण क्रमांक 691/22 धारा 34 आबकारी एक्ट में फरार था । माननीय न्यायालय द्वारा वर्ष 2022 में आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारण्ट जारी किया गया था । उक्त प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली धरमपुर एवं थाना स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के कार्य की प्रशंसा की गई है ।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में स्वच्छ जल अभियान के संबंध में दिए निर्देश



**जागरण, पन्ना** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को सायं वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए स्वच्छ जल अभियान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान नगरीय और ग्रामीण निकाय सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जल सुरक्षा, जल संरक्षण और जलसुनवाई के आधार पर अभियान के व्यापक व बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया गया। इस अभियान के उद्देश्य तथा नागरिकों को स्वच्छ व गुणवत्तापूर्ण पेयजल प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही पानी संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा जल आपूर्ति प्रणाली के लीकेज में सुधार तथा चिन्हांकन इत्यादि के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि प्रत्येक 6 माह में पानी की टंकी की साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में व्हीसी के दौरान कलेक्टर ऊषा परमार एवं नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित अन्य नगरीय निकायों के अध्यक्ष तथा सीएमओ भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने बैठक में अभियान के क्रियान्वयन के दिए निर्देश




**जागरण, पन्ना** । केन्द्र तथा राज्य सरकार की समस्त योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जाएगा। इसमें समस्त विभागों की कुल 106 सेवाओं का लाभ नागरिकों को मिल सकेगा। इस संबंध में कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के लिए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने बैठक में वार्ड व ग्रामवार दल गठन के निर्देश दिए। बताया गया कि अभियान अंतर्गत घर-घर संपर्क कर और शिविर के माध्यम से योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। प्रत्येक आवेदन की पोर्टल पर एंट्री की जाएगी। मैदानी स्तर पर अभियान हेतु एसडीएम द्वारा दल का गठन किया जाएगा। उन्होंने अभियान के प्रत्येक चरण में होने वाली गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोकसेवकों को पुरूस्कृत करने की जानकारी भी दी। जिला कलेक्टर द्वारा बैठक में उपस्थित एवं वर्चुअली शामिल अधिकारियों को अभियान के सफल आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही कार्ययोजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पात्र हितग्राहियों के अधिकाधिक आवेदन प्राप्त कर निराकरण के निर्देश दिए भी दिए।

## श्यामगिरि डैम के पास दक्षिण पन्ना वन विभाग ने आयोजित किया अनुभूति नेचर कैंप



**जागरण, पन्ना** । पन्ना दक्षिण वन मण्डल के कल्दा वन परिक्षेत्र अंतर्गत अनुभूति नेचर कैंप का आयोजन श्यामगिरि डैम के पास किया गया। यह कार्यक्रम वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उप वनमण्डल अधिकारी कल्दा नितिन निगम, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक अंकुर गुप्ता, वन परिक्षेत्र अधिकारी कल्दा परिवेश सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी सलेहा बलबीर सिंह, श्यामगिरि के सरपंच सत्यभान सिंह, कल्दा रेंज के वनकर्मी तथा क्षेत्र के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कैंप का आयोजन मैं भी बाघ हम हैं बदलाव और हम हैं धरती के दूत थीम पर किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों में प्रकृति, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। लगभग 133 छात्र-छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए मिशन लाइफ के अनुरूप जीवनशैली अपनाने और प्रो प्लैनेट पीपल बनने के लिए प्रेरित किया गया। मास्टर ट्रेनर एवं पर्यावरण प्रेमी अजय चौरसिया द्वारा बच्चों को नेचर ट्रेल ट्रेकिंग, पत्तों एवं टहनियों से वृक्ष प्रजातियों की पहचान, पारिस्थितिक तंत्र की समझ, जैव श्रृंखला में बाघ की अम्ब्रेला प्रजाति के रूप में भूमिका, पक्षी दर्शन तथा तेंदुए के पदचिन्ह पहचानने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस व्यावहारिक अनुभव से बच्चों में जंगल और वन्यजीवों के प्रति जिज्ञासा और समझ और अधिक सशक्त हुई। अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना के असली हीरे पहल में विशेष अतिथि के रूप में संतोष पटेल, उप पुलिस अधीक्षक, कुमारी ओशी जैन, मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा 10 की राज्य स्तरीय मेरिट छात्रा तथा डॉक्टर अजय प्रताप सिंह, चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिवालयों में की स्वच्छता व पूजा-अर्चना



**पवई** । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के उपलक्ष्य में आज प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भाजपा पवई मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान शिव के मंदिरों में पहुंचकर साफ-सफाई की तथा विधिवत पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसरों की स्वच्छता का संदेश देते हुए श्रद्धा और सेवा भाव के साथ सहभागिता निभाई। नेताओं ने कहा कि सोमनाथ मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, गौरव और पुनर्जागरण का प्रतीक भी है। इस तरह के आयोजनों से सामाजिक समरसता, स्वच्छता और सांस्कृतिक चेतना को बल मिलता है।पूरे प्रदेश में उत्साह और श्रद्धा के साथ यह अभियान संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली।

## मनरेगा समाप्त कर गरीबों के रोजगार से खिलवाड़ : ज्ञान




**जागरण, सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बुधवार को जवाहर कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर गरीबों के रोजगार के अधिकार से खुला खिलवाड़ किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा की हत्या में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य साजिशकर्ता हैं, जिन्होंने संसद में नया कानून पेश कर ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर सीधा हमला किया है। ज्ञान सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म कर उसकी जगह विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी ग्रामीण अधिनियम 2025 लागू करने की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह नया कानून मजदूर-विरोधी है और महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने का अपमान है। मनरेगा करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की लाइफलाइन था, जिसे भाजपा सरकार ने छीनने का काम किया है।

## कानपुर से डिटर्जेंट लेकर आ रहा तेज रफ्तार ट्रक दीवार से भिड़ा, ड्राइवर खलासी बाल-बाल बचे



**जागरण, सीधी।** चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत कोष्टा ब्रिज पर शनिवार शाम करीब 4:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। कानपुर से निरमा डिटर्जेंट पाउडर लेकर चुरहट की ओर आ रहा तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर ब्रिज की दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन किस्मत ने साथ दिया और ड्राइवर-खलासी दोनों की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक यूपी 78 सीएप 8720 कानपुर से रीवा होते हुए चुरहट आ रहा था। जैसे ही ट्रक कोष्टा ब्रिज के पास पहुंचा, चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और ट्रक सीधे ब्रिज की सुरक्षा दीवार से जा भिड़ा। तेज धमाके की आवाज से आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोष्टा ब्रिज दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। यहां तेज रफ्तार और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के बावजूद न तो स्पीड कंट्रोल के पर्याप्त इंतजाम हैं और न ही चेतावनी संकेत। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गनीमत रही कि हादसे के समय ब्रिज पर अन्य वाहन या राहगीर मौजूद नहीं थे, अन्यथा जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। घटना ने एक बार फिर प्रशासन की यातायात सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# डीबीएल कंपनी कैमूर पहाड़ में वन संपदा का कर रही नुकसान

### डीबीएल कंपनी पर मेहरबान बना प्रशासन

### वन संपदा की क्षति रोंकने दिख रही लापरवाही



**जागरण, सीधी**

वन मंडल पश्चिम सीधी के चुरहट रेंज अन्तर्गत सर्किल बघवार के क्षेत्र में आच्छादित कैमूर पहाड़ की वन संपदा का नुकसान नल जल योजना के कार्यान्वयन की एजेंसी नामित डीबीएल कंपनी द्वारा धड़ल्ले पूर्वक किया गया है और किया जा रहा है। तत्संबंधी जानकारी प्रदाय कराये जाने के बावजूद वन विभागीय कार्रवाई ढाक के तीन पात की भांति बनी हुई है। यह कहना गलत न होगा कि कंपनी की सांठ-गांठ से प्रशासन मेहरबान बना हुआ है। उक्त जानकारी जारी विज्ञप्ति में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा द्वारा दी गई। बताया गया है कि बीते 30 दिसम्बर 2025 को वन मंडलाधिकारी पश्चिम सीधी के कार्यालय में उक्त के संबंध का पत्र प्रेषित कर उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत पटना की सीमा सरहद पर नामित कंपनी द्वारा हजारों वन प्रजातीय वृक्षों को काट दिया गया है। साथ ही मनमाफिक खुदाई कर पत्थर मुरूम का निजीकरण कर शासन के मानक बिंदुओं को दरकिनार करते हुए नल जल योजना का कार्यान्वयन तथा क्रियान्वयन किया जा रहा है। बताया गया कि बाणसागर परियोजना के नहर मार्ग के पूर्वी किनारे की सुरक्षित तीस मीटर की पटरी भूमि पर अनाधिकृत रूप से पानी की टंकी का निर्माण तथा नहर सड़क मार्ग के किनारे पाइप लाइन के बिछाव हेतु खुदाई की गई जो नितांत गलत तथा अत्यंत जोखिम युक्त है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा कैमूर पहाड़ की एक किलोमीटर की परिधि में मनमानी ढंग से वन संपदा का नुकसान कर तथा कथित रूपक कार्य किया गया तथा किया जा रहा है। ऐसे कार्यों तथा कारनामों की जानकारी हो जाने के बाद भी प्रशासनिक कार्यवाही का न होना विभागीय मिला पटी होने को परिभाषित करता है। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि बीते छः जनवरी को उक्त के संबंध की जानकारी से संभागायुक्त, वन संरक्षक रीवा को भी अवगत कराया गया है। समय रहते जांच एवं कार्रवाई हेतु ध्यान आकृष्ट है। जिससे कैमूर पहाड़ में मनमानी तौर पर काटे गए हजारों हरे वृक्षों के मामले में संबंधित डीबीएल कंपनी पर आरोप तय हो सके। जिस तरह से पहाड़ में बेसकीमती हरे वृक्षों को काटा गया है। उससे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंची है। जांच के बाद जिन स्थानों से हरे वृक्षों को काटा गया है कि उस पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

### डीबीएल कंपनी पर सुनिश्चित हो कार्रवाई: ऋषिराज



जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा ने कहा है कि नल जल योजना का कार्य कैमूर पहाड़ के नीचे पटना में डीबीएल कंपनी द्वारा शुरू किया गया था। कंपनी द्वारा ऊंचाई पर पानी टंकी का निर्माण करने तथा ऊपर भारी-भरकम लोहे की पाइपों को चढ़ाने के लिए हजारों की संख्या में बेसकीमती विभिन्न प्रजातियों के हरे वृक्षों को कटवा दिया गया। कंपनी के उक्त कृत्य से पर्यावरण को जहां भारी क्षति हुई है वहीं पुराने बेसकीमती वृक्षों को भी काटने के लिए अनुमति मिलने का इंतजार नहीं किया गया। कार्य करने के बाद अनुमति प्राप्त करने के लिए औपचारिक रूप से हरे वृक्षों की कटाई करने का आवेदन दिया गया। श्री मिश्रा ने कहा कि उनके शिकायती पत्र देने के बाद भी कंपनी के विरुद्ध अभी तक कोई जांच कार्रवाई शुरू नहीं की गई है।

# बालिका सशक्तीकरण अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सशक्त यात्रा : संदीप नायक

## बालिका सशक्तीकरण अभियान एनटीपीसी सिंगरौली में ग्रामीण बेटियाँ बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल



जागरण, शक्तिनगर

एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में शीतकालीन बालिका सशक्तीकरण मिशन 25–26 की साप्ताहिक पुनश्चर्या कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन अवसर पर बालिकाओं ने प्रशिक्षण अवधि में अर्जित कौशलों का प्रेरक और प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा देशभक्ति सामाजिक जागरूकता एवं कुरीतियों के विरोध जैसे विषयों पर आधारित नृत्य गीत प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति में आत्मविश्वास अनुशासन और मंच.प्रबंधन की झलक स्पष्ट दिखाई दी। समारोह के मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक ने बालिकाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बालिका सशक्तीकरण अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सशक्त यात्रा है जो बेटियों को आत्मनिर्भर आत्मविश्वासी एवं सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इस पुनश्चर्या कार्यशाला के अंतर्गत बालिकाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु विविध गतिविधियाँ संचालित की गईं। उन्हें आत्मरक्षा पेंटिंग स्केचिंग कला.कौशल गणित भूगोलए सॉफ्ट स्किल्स स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण मॉड्यूल बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। उल्लेखनीय है कि चयनित बालिकाएँ एनटीपीसी परिसर स्थित विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। वहींए मई–जून 25 में आयोजित आवासीय बालिका सशक्तीकरण अभियान के अंतर्गत आसपास के गाँव कोटा तारापुर रणहोर लोझरा चिल्काडांड खड़िया एवं कोहरौल से कक्षा 6 में अध्ययनरत 120 बालिकाओं को आवासीय सुविधा सहित प्रशिक्षण खेल आत्मरक्षा कला कौशल व्यक्तित्व विकास तथा चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान की गई थीं। उसी कड़ी में यह साप्ताहिक पुनश्चर्या प्रशिक्षण आयोजित किया गया। समापन समारोह में जोसफ बास्टियन मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण श्रीमती प्रज्ञा नायक अध्यक्षा वनिता समाज सी.एच. किशोर कुमार महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं ऐश डाइक प्रबंधन रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक परियोजना सहित विभागाध्यक्ष वनिता समाज की सदस्याएँ एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी ग्राम प्रधानगण यूनियन/एसोसिएशन प्रतिनिधि विद्यालय प्रधानाचार्य थाना प्रभारी शक्तिनगर तथा शांति निकेतन जन सेवा समिति वाराणसी से जेम कोऑर्डिनेटर्स सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने रक्तदान शिविर में किया रक्तदान

**जागरण, वैढ़न।** कलेक्टर गौरव बैनल स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस सेवा कार्यक्रम अंतर्गत इंडियन रेडक्रास सोसयटी सिंगरौली द्वारा अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण दवा वितरण एवं दिव्यांग जनो हेतु सहायक उपकरण वितरण समारोह के दौरान रक्तदान शिविर में पहुचकर रक्तदान किया एवं युवाओ को प्रेरित करते हुयें कहा कि रक्तदान महादान है समाज सेवा का यह सबसे श्रेष्ठ उदाहरण है। कलेक्टर ने कहा कि रक्त की उपलब्धता से गंभीर रूप से बीमार मरीजों प्रसवकालीन जटिलताओं से गुजर रही महिलाओं तथा दुर्घटना पीड़ितों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होने ब्लड डोनर की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। वही इस आयोजन हेतु रेडक्रास के सदस्यो को भी प्रोत्साहित किया।

## उप सरपंच के निर्वाचन हेतु पंचों का सम्मिलन 16 को

**रीवा।** पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा हो चुकी है। जिले में पूर्व से उप सरपंच के रिक्त पदों को वर्तमान के रिक्त पदों में सम्मिलित करते हुए निर्वाचित पंचों का सम्मिलन 16 जनवरी को आयोजित किये जाने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल द्वारा दिये गये हैं।

# सिंगरौली की मानवाधिकार टीम को राष्ट्रीय गौरव सम्मान



## विस्थापितों के अधिकारों के लिए संघर्ष को मिली राष्ट्रीय पहचान

**जागरण, सिंगरौली।** नई दिल्ली में आयोजित एक वृहद समारोह में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की सिंगरौली टीम को सेवा एवं संघर्ष के लिए राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगठन द्वारा विस्थापितों के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। समारोह में देश के कई सांसदोंए उत्तराखंड के मुख्य न्यायाधीश तथा दिल्ली के पूर्व पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति रही। अतिथियों ने मानवाधिकारों के संरक्षण के क्षेत्र में संगठन के योगदान की सराहना करते हुए सिंगरौली के कार्यकर्ताओं को सम्मान प्रदान किया। सिंगरौली जिले से सम्मानित होने वाले मानवाधिकार कार्यकर्ताओं में अमित तिवारी सत्येंद्र पासवान रमन सिन्हा सुशील वर्मा राकेश राय एवं पंकज जायसवाल शामिल रहे। इन सभी ने विस्थापित परिवारों के अधिकारो पुनर्वास और न्याय की लड़ाई को निरंतर आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। सम्मान प्राप्त करने के बाद संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह पुरस्कार उनके संघर्ष को नई ऊर्जा देगा और वे भविष्य में भी मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। समारोह का आयोजन नई दिल्ली में किया गया जहाँ देशभर से सामाजिक कार्यकर्ता एवं अतिथि उपस्थित रहे।

# रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगे ट्रेक्टर को खनिज विभाग द्वारा किया गया जब्त



**जागरण, वैढ़न।** कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार एवं खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनिज अधिकारी रामसुशील चौरसिया के द्वारा अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण के जांच के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 1 वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर पुलिस थाना कोतवाली बैढ़न में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। वाहनों में खनिज नियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**जागरण, सीधी।** युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिलास्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, सीधी के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस (युवा दिवस) के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य, नगर पालिका पार्षद, वरिष्ठ नागरिकों सहित जनसामान्य सहभागिता करेंगे और सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9 बजे से 10.30 बजे तक किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में योग, स्वास्थ्य एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लेना है।

# बिलौली में रक्तदान एवं दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण शिविर आयोजित

## रेडक्रास सोसयटी द्वारा जिले मे मानव सेवा हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रभारी मंत्री ने की सराहना

### रक्तदान शिविर में 102 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण




**जागरण, वैढ़न।** स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस सेवा कार्यक्रम अंतर्गत इंडियन रेडक्रास सोसयटी सिंगरौली द्वारा अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण दवा वितरण एवं दिव्यांग जनो हेतु सहायक उपकरण वितरण शिविर में शामिल होकर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके मंत्री मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने अपनी सहभागीता दी। प्रभारी मंत्री ने शिविर में रक्तदान कर रहे रक्तदाताओ से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही दिव्यांग जनो हेतु सहायक उपकरण शिविर के साथ साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है रक्तदान से मिलने वाले रक्त का एक भी कण बर्बाद नहीं होता। इसे रेड ब्लड सेल्स प्लाज्मा और प्लेटलेट्स में अलग किया जाता है जिनका इस्तेमास अलग.अलग मेडिकल कंडीशन के इलाज के लिए किया जाता है। स्ट्रोक पीड़ितों कैंसर रोगियों पेरिऑपरेटिव लोगों और पुरानी खून की बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हॉस्पिटल में बड़े पैमाने पर रक्तदान की जरूरत होती है। इसलिए रक्तदान न केवल एक मेडिकल प्रोसेस है बल्कि एक नैतिक और सामाजिक दायित्व भी है। उन्होने रेडक्रास सोसयटी द्वारा किए जा रहे मानवीय कार्यो की सराहना की। साथ ही शिविर में उपस्थित दिव्यांग जनो को सहायक उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिका खुला आश्रय के छात्राओं द्वारा दी गई सस्कृतिक प्रस्तुतियो की सराहना करते हुयें प्रभारी मंत्री ने अपने जनसम्पर्क निधि से 11 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देनी घोषणा कर बालिकाओ के उज्जवल भविष्य की कामना की। रक्तदान शिविर में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री न्यायधीश मनोरम तिवारी तहसीलदार सविता यादव सहित करणी सेना सेपीएन विद्यालय भारत विकास परिशद सिंगरौली सृष्टि फाउंडेशन के सदस्य ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर में 102 यूनिट ब्लड का संग्रहण हुआ।

### 35 पंजीकृत दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राईसिकल उपकरण का वितरण

दिव्यांगजन शिविर के दौरान 35 पंजीकृत दिव्यांगो को मोटराईज्ड ट्राईसिकल कृतिम अंग वाकिंग स्टीक श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण का वितरण किया गया। इसी के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण के माध्यम से 151 हितग्राही का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओ का वितरण किया गया। इस अवसर सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह अध्यक्ष नगर परिषद बरगवा प्रमिला बर्मा कलेक्टर गौरव बैनल पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोम भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह एसडीएम सुरेश जाधव नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह चेयर मैन एस.डी सिंह सचिव डॉ.ओपी राय डा. डी.के मिश्रा ओपीएन सिन्हा डॉ.आरडी द्विवेदी संजय प्रताप सिंह भूपेन्द्र गर्ग डॉ. आर.डी पाण्डेय विवेक त्रिपाठी मनोरमा शाहवाल मुकुल जैन सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# विकसित भारत जी राम जी से गांवों में आएगी रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई क्रान्ति : सम्पतिया उइके

## प्रभारी मंत्री ने सूर्या भवन में प्रेस वर्ता को किया संबोधित



**जागरण, वैढ़न।** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने सूर्या भवन एनटीपीसी विन्ध्यनगर में आयोजित प्रेस वर्ता को संबोधित किया। प्रभारी मंत्री ने प्रेस वर्ता में उपस्थित पत्रकार साथियों का स्वागत करते हुयें केन्द्र सरकार द्वारा लाई गई नवीन योजना विकसित भारत. जीरामजी योजना से ग्रामीण जीवन मे आने वाले क्रांतिकारी बदलावओ के संबंध में अवगत कराते हुयें कहा कि विकसित भारत. जीरामजी योजना केवल रोजग़ार का वादा नहींए बल्कि स्थायी आजीविका की गारंटी है। उन्होने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत करेगी। गरीब जनजाति और पिछड़ा वर्ग को रोजगार मिल उसके लिए यह क़ानून आया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। इस कानून में पुराने प्रावधानों को संशोधित करते हुए गाँवों को अधिक अधिकार और स्वायत्तता दी गई है। उन्होने कहा कि यह विधेयक वस्तुतः भारत के ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास की दिशा में एक ठोस कदम है। भ्रष्टाचार.मुक्त ग्राम पंचायतए सुशासन और जनभागीदारी इसके प्रमुख उद्देश्य हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस योजना से आत्मनिर्भर और सशक्त गाँवों का निर्माण संभव होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गरीब किसान और मजदूर का विकास ही हमेशा से प्राथमिकता पर रहा है विकसित गाँव के लक्ष्य को लेकर शुरू की गई विकसित भारत.जी राम जी योजना् का मुख्य उद्देश्य पुराने कानूनों की कमियों को दूर करना व्यवस्था में पारदर्शिता लाना भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाना और राज्यों के सहयोग से इस योजना का डिजिटलीकरण करना है। इसके साथ ही विकसित ग्राम पंचायतों का निर्माण ग्राम पंचायतों को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार विकास योजनाएँ तैयार करने का अधिकार देना और ग्रामीण सभाओं को सशक्त बनाना भी इस योजना के प्रमुख लक्ष्य हैं।उन्होने कहा कि योजना अंतर्गत मजदूरों को वर्ष में 125 दिन का रोजगार प्रदान किया जाएगा। मजदूरी की राशि सात दिनों के भीतर सीधे बैंक खातों में भेजी जाएगी और यदि भुगतान में देरी होती है तो मजदूरों को ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा। योजना के तहत एक नया ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी किया जाएगा जो काम मांगने मजदूरी प्राप्त करने और अपने अधिकारों की मांग के लिए एक मजबूत और वैध दस्तावेज होगा। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक गाँव आत्मनिर्भर बने और देश के समग्र विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। इस योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत राशि उपलब्ध कराई जायेगी। प्रेस वार्ता के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह पूर्व विधायक राम लल्लू बैस भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह उपस्थित रहे।

# डीएवी सूर्य विहार में विश्व हिंदी दिवस समारोह संपन्न

**जागरण, वैढ़न।** डीएवी पब्लिक स्कूल सूर्य विहार परियोजना प्रभावित बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कटिबंध है इसी तारतम में आज विद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य प्रशांत गिरी के मुख्य अतिथि में एवं नंदकिशोर सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए दीप प्रज्वलन वैदिक मंत्रोचार के साथ विश्व दिवस विश्व हिंदी दिवस समारोह प्रारंभ हुआ कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं हिंदी महिमा गीत के साथ.साथ हिंदी कविता पाठ हिंदी नाटकों का मंचन किया गया जो बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धन रहा मुख्य अतिथि ने प्राचार्य अपने उद्बोधन में छात्र.छात्राओं के प्रस्तुति का एवं विद्यालय के छात्रों में हिंदी प्रेम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए हिंदी भाषा के विविध विधाओं पर और श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं गुणवत्ता सुधारने की अनुशंसा करते हुए आशा व्यक्त किए की हिंदी साहित्य का अधिक से अधिक अध्ययन एवं व्यवहार में लाएंगे भविष्य में और श्रेष्ठ प्रदर्शन होगा इसी के साथ विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों की प्रस्तुति की भूरि भूरि प्रशंसा किए साथ ही विद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए हिंदी आज की आवश्यकता है संस्कार विहीन समाज को श्रेष्ठ बनाने का एक हिंदी ही सशक्त माध्यम है यह भाषा जन.जन तक पहुंचे इसमें डीएवी सूर्य विहार इस समाज के लिए सूर्य के समान है ऐसा कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी इसी आशा विश्वास के साथ धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति पाठ के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# श्रीमद्भागवत कथा श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाह में भक्त जमकर थिरके, कन्यादान किया

## श्रीमद्भागवत कथा का आज समापन



**जागरण, वैढ़न।** जिला मुख्यालय स्थित राम लीला मैदान में पिछले 6 दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन रास लीला कंस वध और श्रीकृष्ण.रुक्मिणी विवाह का भव्य और रंगारंग प्रस्तुति संपन्न हुई। भागवत कथा के व्यासपीठ पर श्रीधाम वृन्दावन से कथावाचक डॉ ण्संजय कृष्ण सलिल जी महाराज ने पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गए जानेवाले पंचगीत भागवत के पांच प्राण हैं जो भी ठाकुर जी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भवसागर पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। महाराज ने कथा मेमहर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना उद्धव. गोपी संवाद द्वारका की स्थापना रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। उन्होंने इस प्रसंग के दौरान कहा कि आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक है।भगवत प्राप्ति के लिये निश्चय और परिश्रम भी जरूरी है। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। डॉ सलिल महाराज ने आगे कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथावाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। उन्होंने जीवात्मा. परमात्मा के मिलन के गूढ़ रहस्य को बड़ी सरलता से समझाया । कथा मंडप में यजमान परिवार श्याम सुंदर अग्रवाल सपत्नीक संजीव अग्रवाल तृप्ति अग्रवाल दुष्यंत सिंह के परिवारिजन वरिष्ठ अधिवक्ता रामबहादुर दुबे अवनीश दुबे सजन अग्रवाल गोपाल अग्रवाल ताराचंद कारीवाल सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने जानी विद्युत संयंत्र की बारीकियां

## शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय गड़हरा के बच्चों ने किया सासन पावर लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण



**जागरण, वैढ़न।** सासन पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्टेशन डायरेक्टर के दिशा-निर्देशन में सीएसआर विभाग द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में कई सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं उसी कड़ी में सीएसआर विभाग एवं टेर्ऊनिंग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालयों के बच्चों को निरंतर औद्योगिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण करवाया जाता है। आज शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय गड़हरा के लगभग 40-50 छात्रों ने सासन पावर प्लांट का शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उददेश्य छात्रों को बिजली उत्पादन की प्रक्रियाओं, औद्योगिक कार्यप्रणाली एवं उन्नत तकनीकों की जानकारी देना था। दौरे की शुरूआत सुरक्षा इंडक्शन सत्र से हुई, जिसमें प्लांट के सुरक्षा अधिकारियों ने औद्योगिक सुरक्षा मानकों, आपतकालीन प्रक्रियाओं और व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को हेलमेट और रिफ्लेक्टिव के विषय में जानकारी दी गई। तद्परांत छात्रों को हेलमेट रिफ्लेक्टिव जैकेट और अन्य सुरक्षा उपकरण प्रदान किए गए जिसमें वे सुरक्षित रूप से प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किये। इसके बाद छात्रों ने पावर प्लांट के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया कोयला आधारित तापीय ऊर्जा संयंत्रों की कार्यप्रणाली एवं पर्यावरण संरक्षण के उपायों की जानकारी प्राप्त की। प्लांट के इंजीनियरों ने छात्रों को तकनीकी पहलुओं को विस्तार से समझाया और उनके सवालों के उत्तर दिए। विद्यालय के शिक्षक शितेष दुबे ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक दौरों से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। जिससे उनके भविष्य को दिशा मिलती है। छात्रों ने भी इस दौरे को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोचक बताया। इस औद्योगिक भ्रमण के आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधक द्वारा सासन पावर लिमिटेड का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षक श्रीमती प्रीति सिंह तोमर,उर्षिला शाह, राकेश बंसल आदि ने छात्रों के दल का मार्गदर्शन किया। विदित हो कि सासन पावर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्टेशन डायरेक्टर एवं सीएसआर विभाग से फुज़ैल अहमद, आशीष कुमार गुप्ता, नृपेन्द्र पाण्डेय, अवनीश कुशवाहा, श्यामसुन्दर बसोर, मिथिलेश शाह, टेनिंग डिपार्टमेन्ट से निषांत गुप्ता, पुष्पेन्द्र मिश्रा, आलोक उपाध्याय, ऑपरेशन डिपार्टमेन्ट प्रमुख सुनील मिश्रा, आई.टी. डिपार्टमेंट से उमेशधर दुबे, अनिल यादव, सृष्टि मौर्य, हिमांशु, एडमिन डिपार्टमेंट से विवेक प्रधान, सेफ्टी डिपार्टमेंट से गुलाम मोइउद्दीन, टीजीएम डिपार्टमेन्ट से मनोज शाह इत्यादि ने सहभागिता कर अपने ढेर सारे अनुभव साझा किए तथा शिक्षकगण एवं बच्चों स्वल्पाहार तत्पश्चात् उपहार स्वरूप कॉपी,प्रिंटेड कप एवं पेन, डायरी देकर भावी जीवन के लिए मार्गदर्शन देते हुए शुभकामनाऍ दी और उनकी सफ्ल एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भारतीय सितारों के सामने न्यूजीलैंड की अनुभवहीन टीम की कड़ी परीक्षा

**दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे आज दोपहर 1:30 बजे से, प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर, निगाहें कोहली और रोहित पर**

जेएनएन, वडोदरा

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में रविवार को खेले जाने वाले शुरुआती मैच में भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा की शानदार लय के साथ आगे बढ़ने की उम्मीद करेगी। न्यूजीलैंड की टीम नए और युवा खिलाड़ियों की भरमार है, लेकिन पूरी ताकत के साथ उतर रही भारतीय टीम के लिए रोहित और कोहली के नजरिये से सीरीज अहम है। अगले महीने वाली टी-20 विश्व कप के कारण वनडे सीरीज की अहमियत थोड़ी कम है, लेकिन अगले सात दिनों में होने वाले तीन वनडे मैचों में कोहली और रोहित आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दोनों दिग्गजों को हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी के लीग चरण में अच्छा मैच अभ्यास मिला है। उन्होंने इस घरेलू टूर्नामेंट में बड़े स्कोर बनाकर यह जता दिया कि उनका दौर अभी खत्म नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड के लिए चीजें काफी अलग हैं, क्योंकि उनकी टीम के 15 में से आठ खिलाड़ी अब तक भारत में पहले कभी नहीं खेले हैं। दो ऐसे भी हैं, जो अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ही नहीं खेले हैं, तो वहीं एक ने कभी वनडे नहीं खेला है। पांच ऐसे हैं, जिन्होंने 10 से कम मैच खेले हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि टी-20 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद कप्तान शुभमन गिल कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। उनकी फॉर्म पहले से ही चिंता का विषय रही है, वहीं पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में वह चोट के कारण बाहर रहे थे। गिल की वापसी से यशस्वी जायसवाल को शीर्ष क्रम से बाहर बैठना पड़ सकता है। श्रेयस अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में चल रहे प्रयोगों पर विराम लगने की उम्मीद है और 31 वर्षीय इस बल्लेबाज का एक बार फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना लगभग तय है। केएल राहुल की निचले क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में भूमिका जारी रहने से रिषभ पंत के अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावना कम है। मैच से पहले रविंद्र जडेजा ने पूरे दमखम के साथ अभ्यास किया, जिससे उनकी उपलब्धता के संकेत मिले। तेज गेंदबाजी का दारोमदार मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा पर रहेगा। कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर और जडेजा स्पिन विभाग संभालेंगे।



मैं वहीं हूं, जहां मुझे होना है। मेरी तकदीर में जो लिखा है, उसे कोई मुझसे नहीं छीन सकता। एक खिलाड़ी हमेशा यह मानता है कि वह देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देगा। चयनकर्ताओं ने अपना निर्णय लिया है। मैं हमेशा वर्तमान में रहने की कोशिश करता हूं, इससे जीवन आसान हो जाता है। जब हमने पिछली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे खेले थे, तब मेरा पदार्पण हुआ था और मैं हमेशा उस दिन को संजोकर रखता हूं। किसी भी प्रारूप को आसान नहीं मानना चाहिए। अगर आप देखें, तो भारतीय टीम ने 2011 के बाद कोई वनडे विश्व कप नहीं जीता है। ऐसे में कोई भी प्रारूप आसान नहीं होता और इसके लिए बहुत मेहनत और दृढ़ संकल्प की जरूरत होती है। कप्तान के रूप में बहुत कुछ करना होता है, आपको गति बनानी होती है और उसी पर निर्माण करना होता है।

**- शुभमन गिल**

## नए खिलाड़ियों के साथ आई न्यूजीलैंड की टीम

न्यूजीलैंड के लिए पिछले साल चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत से मिली हार का खास महत्व नहीं है, क्योंकि यह सीरीज और दूसरे दर्जे के खिलाड़ियों को परखने का अच्छा मौका है। टीम 2024-25 में भारत दौरे पर टेस्ट सीरीज में मिली 3-0 की ऐतिहासिक जीत की योजना को वनडे सीरीज में भी आजमाना चाहेगी। कई प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की अगुआई करेंगे। नियमित कप्तान मिचेल सैंटनर ग्रोइन इंजरी के कारण वनडे सीरीज से बाहर हैं, जबकि टॉम लाथम अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए हैं। पूर्व कप्तान केन विलियमसन दक्षिण अफ्रीका में एसए20 लीग में टी-20 प्रतिबद्धताओं को निभा रहे हैं। रचिन रवींद्र और तेज गेंदबाज जैकब डफी को आराम दिया गया है। पिंडली की चोट से वापसी कर रहे मैट हेनरी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टी-20 सीरीज पर ध्यान दे रहे है। इस दौरान लंबे कद के हरफनमौला काइल जैमीसन और 23 वर्षीय लेग स्पिनर आदित्य अशोक के प्रदर्शन पर भी नजरें रहेंगी। जेडन लेनॉक्स को सैंटनर के समान विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड टीम में कई नए और अनुभवहीन चेहरों के बीच डेवोन कॉन्वे, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल यंग और ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी से बल्लेबाजी मजबूत है।





### पिच और परिस्थिति

शाम की ओस और सपाट पिचों की प्रकृति को देखते हुए इस प्रारूप में आक्रामक विकेट लेने की बजाय रन रोकने पर अधिक जोर रहेगा। यह पहला मौका होगा, जब कोटाम्बी स्थित बड़ौदा क्रिकेट संघ के नए स्टेडियम में पुरुषों का कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले यह मैदान भारत और वेस्टइंडीज के बीच महिला वनडे सीरीज की मेजबानी कर चुका है।

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), रिषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), मिचेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फॉल्क्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लर्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनॉक्स, माइकल रे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मुक्केबाज मलिका, अंजलि और माही लामा सेमीफाइनल में पहुंची



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश अकादमी की खिलाड़ी मलिका मोर, अंजलि सिंह और माही लामा ने 9वीं एलीट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ एक-एक पदक पक्के हो गए। ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस चैंपियनशिप में मलिका ने 45-48 किग्रा भारवर्ग में मिजोरम, असम और अखिल भारतीय पुलिस की खिलाड़ी को हराकर अंतिम चार में जगह प्रवेश किया। वहीं अंजलि सिंह ने 54-57 किग्रा भारवर्ग में दिल्ली, पंजाब और पश्चिम बंगाल की खिलाड़ी को हराया। माही ने 57-60 किग्रा वर्ग में झारखंड, चंडीगढ़ और तमिलनाडु की खिलाड़ी को हराया। यह सभी खिलाड़ी अकादमी में मुख्य कोच रोशनलाल से प्रशिक्षण हासिल करते हैं।

### मनोज और लोकेश को रजत




**भोपाल, खेप्र।** शहर के लोकेश कुमार और मनोज शर्मा ने 46वीं थ्रोबाल सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीते। मध्य प्रदेश थ्रोबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में लक्ष्मीपति महाविद्यालय के छात्र लोकेश एवं मनोज ने मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक जीते। महाविद्यालय के चेयरमैन ओपी बंसल पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### आज फिट इंडिया, संडे ऑन साइकिल का 56वां एडिशन




**भोपाल, खेप्र।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 56वां एडिशन 11 जनवरी को मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) में आयोजित किया जाएगा। इसमें 1200 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, बॉलीबुड अभिनेत्री पायल रोहतगी, जूडो खिलाड़ी और ओलंपियन गरिमा चौधरी, क्रिकेटर अनिकेत उमाशंकर वर्मा, हॉकी खिलाड़ी अब्दुल अहद, कैनो स्प्रिंट एथलीट हर्षवर्धन सिंह, जूडो खिलाड़ी श्रद्धा कडुबल चोपड़े, यश गंगहास और योगिता मांडवी और कयाकिंग एथलीट जसप्रीत सिंह शामिल होंगे। यह जानकारी साई भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान एवं सहायक निदेशक अंशिका जैन ने पत्रकार वार्ता तें दी। इस अवसर पर पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम उपस्थित रहे। भोपाल के कॉलेजों, स्कूलों, युवा संगठनों और सामुदायिक संगठनों के युवा इस सामूहिक साइकिल रैली में इन खास मेहमानों के साथ साइकिल चलाएंगे।

### मध्यप्रदेश की तृप्ति ने जीता स्वर्ण



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की तृप्ति पांडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में पेनकैक सिलाट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता दमन और दीव में 10 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। उन्होंने यह पदक महिला टॉडिंग 55-60 किलोग्राम वर्ग में जीता।

## सबालेंका ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में, खिताबी मुकाबला मार्ता कोस्तयुक से

**ब्रिसबेन, जेएनएन।** विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने शनिवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को फाइनल में उनका सामना यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक से होगा, जो 2024 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची। 23 साल की कोस्तयुक ने चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-0, 6-3 से शिकस्त दी। मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने पैट राफ्टर एरिना में खेले गए मुकाबले में चौथे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। इससे पहले शुक्रवार को सबालेंका ने मैडिसन कीज को 6-3, 6-3 से मात दी थी। कीज ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम महिला एकल खिताब जीता था।





### स्वितोलिना की भिड़ंत वांग शिंजु से

**ऑकलैंड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने शनिवार को अमेरिकी युवा इवा जोविक को 7-6 (5), 6-2 से हराकर दूसरी बार ऑकलैंड डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज स्वितोलिना इससे पहले 2024 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं, जिसमें उन्हें अमेरिकी स्टार कोको गॉफ से हार का सामना करना पड़ा था। अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्वितोलिना का मुकाबला चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिंजु से होगा।

## जाएंट्स की विजयी शुरुआत, वॉरियर्स को 10 रन से हराया

**नवी मुंबई, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड के 40 गेंद में 78 रन बेकार गए और गुजरात जाएंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में शनिवार को यूपी वारियर्स को 10 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर कप्तान एशले गार्डनर के 65 रन और जॉर्जिया वेयरहैम के 10 गेंद में नाबाद 27 रन की मदद से गुजरात जाएंट्स ने चार विकेट पर 207 रन बनाए। जवाब में लिचफील्ड ने यूपी को दौड़ में बनाए रखा, लेकिन 16वें ओवर में उनके आउट होने के बाद गुजरात ने मैच पर शिकंजा कस लिया। लिचफील्ड ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाए। यूपी वारियर्स ने आठ विकेट पर 197 रन बनाए। आशा शोभना ने 10 गेंद में नाबाद 27 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गुजरात जाएंट्स के लिए आस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने 30 रन देकर दो विकेट लिए। रेणुका सिंह और सोफी डेवाइन को भी दो-दो विकेट मिले, जबकि गार्डनर और राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक-एक विकेट लिया। यूपी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज किरन नवगिरे को रेणुका ने पांचवीं गेंद पर आउट कर दिया। कप्तान और सलामी बल्लेबाज मेग लैनिंग (27 गेंद में 30 रन ) और लिचफील्ड ने दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़े। यूपी ने पांच गेंद और एक रन के भीतर लैनिंग, हरलीन देयोल (0) और दीप्ति शर्मा (1) के विकेट गंवा दिए। यूपी का स्कोर नौवे ओवर में एक विकेट पर 73 रन था, लेकिन दसवें ओवर में चार विकेट पर 74 रन हो गया। लिचफील्ड और श्वेता सहरावत (25) ने 69 रन की साझेदारी की लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इससे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई गुजरात की टीम की तरफ से अनुष्का शर्मा (44) और गार्डनर ने तीसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी की। अनुष्का ने 30 गेंद में 44 रन बनाए जबकि गार्डनर ने 41 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। इससे पहले सलामी बल्लेबाज सोफी डेवाइन छठे ओवर में 38 के स्कोर पर आउट हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी बल्लेबाज गार्डनर 18वें ओवर में सोफी एक्लेस्टोन का शिकार बनी लेकिन वेयरहैम ने एक चौके और तीन छक्के समेत आक्रामक पारी खेलकर गुजरात जाइंट्स को 200 रन के पार पहुंचाया। भारती फुलमाली सात गेंद में 14 रन बनाकर नाबाद रही।

## नवदुनिया, एलीट व महाबलि वारियर्स की विजयी शुरुआत

**भोपाल, खेप्र।** नवदुनिया ने 31वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में दैनिक जागरण को 47 रनों से हराया। दिन के अन्य मैचों में एलीट वारियर्स ने ब्लेजिंग यार्कर को दो विकेट से तथा महाबलि वारियर्स ने सुपर हीटर्स को 5 विकेट से शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर नवदुनिया ने निर्धारित 18 ओवर में प्रदीप भट्ट (57) और सुरेश (45) की पारियों की बदौलत छह विकेट पर 171 रन बनाए। जागरण की ओर से अंशुमान गुप्ता ने दो विकेट लिए। जवाब में जागरण 9 विकेट पर 124 रन बना सकी। कप्तान अजीत सिंह ने 22 और अजय बरार ने 21 रन बनाए। नवदुनिया के मुकेश विश्वकर्मा और कमलेश ने 3-3 विकेट लिए। दूसरे मैच में ब्लेजिंग यार्कर ने चार विकेट पर 126 रन बनाए। पुरु प्रधान ने 42 रन की पारी खेली। जवाब में एलीट वारियर्स ने आठ विकेट पर जरूरी रन बना लिए। बाबेअली मैदान पर सुपर हीटर्स ने 19.1 ओवर में 140 रन बनाए। जवाब में महाबलि वारियर्स ने 15.5 ओवर में 5 विकेट पर जरूरी रन बना लिए।



## मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन: पीवी सिंधू सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग की जोड़ी हारी

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शुक्रवार को जापान की अकाने यामागुची के चोट के कारण क्वार्टरफाइनल से रिटायर होने के बाद मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली, जबकि पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी क्वार्टर फाइनल हार गए। सिंधू ने पहला गेम 21-11 से जीत लिया था, लेकिन इसके बाद तीन बार की विश्व चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची ने मैच से हटने का फैसला किया। वह घुटने में ब्रेस पहने हुए थीं। इससे विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधू का यामागुची के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 15-12 हो गया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद सिंधू अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अब सेमीफाइनल में उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी से होगा। वहीं दो बार विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक विजेता भारत के सात्विक और चिराग पुरुष युगल में इंडोनेशिया के फजर अल्फेन और मुहम्मद फिकरी की निचली रैंकिंग वाली जोड़ी से 10-21, 21-23 से हार गए। पिछले साल हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग पहले गेम में ही दबाव में नजर आए। इंडोनेशिया की जोड़ी ने लगातार पांच अंक बनाए, जिसके बाद भारतीय जोड़ी ने खाता खोला। इंडोनेशियाई जोड़ी ने जल्दी ही 12-4 से बढ़त बना ली और फिर आखिरी पांच अंक लेकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने वापसी की, कोशिश की और दो बार बढत भी बनाई। स्कोर एक समय 19-19 से बराबरी पर था, लेकिन इंडोनेशियाई जोड़ी ने आखिरी दो अंक लेकर जीत दर्ज की।



## नेशनल ड्रैगन वोट में मप्र ओवरऑल चैंपियन

### 14वीं सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला चैंपियनशिप में जीते 11 स्वर्ण पदक

**भोपाल, खेप्र।** मेजबान मध्यप्रदेश (140 अंक) ने 14वीं राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में 11 स्वर्ण, चार रजत व एक कांस्य सहित कुल 16 पदक जीतकर ओवरआल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। हरियाणा (52 अंक) सीनियर पुरुष में तीन स्वर्ण व दो रजत जीतकर रनरअप रहा, जबकि सीनियर मिक्स में मप्र (चार स्वर्ण व एक रजत, कुल 48 अंक) तथा महिला वर्ग में हरियाणा विजेता रहा। जूनियर पुरुष वर्ग में मप्र तीन स्वर्ण के साथ 30 अंक प्राप्त किए।

जूनियर महिला वर्ग में महाराष्ट्र तथा जूनियर मिक्स में मप्र व राजस्थान ने 18-18 अंक के साथ संयुक्त विजेता बने। मप्र कयाकिंग एंव कैनोइंग संघ के सचिव मयंक ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार को अंतिम दिन 200 मी. रेस में कुल नौ मुकाबलों के फाइनल हुए। मप्र ने पांच स्वर्ण व एक रजत पदक सहित कुल छह पदक जीते। विजेता खिलाड़ियों को विधायक रामेश्वर शर्मा ने पुरस्कार प्रदान किए।



## बैडमिंटन: पार्थ, देवेंद्र, अमिताव ओम सोनी अगले दौर में पहुंचे

**भोपाल, खेप्र।** पार्थ तिवारी, देवेंद्र गोलिया, अमिताव मिश्रा, ओम सोनी ने 11वीं भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने पहले दौर के मुकाबले जीतकर दूसरे दौर में जगह बनाई। लाल परेड ग्राउंड स्पोरता क्लब द्वारा पुलिस जिम्नेशियम हॉल में आयोजित प्रतियोगिता में बालक अंडर-17 एकल में पार्थ ने सार्थक खरे को 15-6, 15-5 से, देवेंद्र ने रेयांश बगजाई को 12-15, 15-9, 15-10 से, अमिताव ने आयुष्मान शर्मा को 15-14, 15-6 से, ओम ने शिरोमणि को 15-5, 15-10 से, दैविक बत्रा ने यश चंदेल को 15-6, 15-10 से, अर्धन्दु उपाध्याय ने सार्थक पारे को 15-8, 15-4 से और अथर्व मालवीया ने अलेक्स खालको 15-9, 15-5 से हराया। वहीं अंडर-15 में शिव लिटोरिया ने सात्विक मिश्रा को और अंडर-19 में शौर्य सूद ने निसग्र दुबे को हराया। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ रिटायर्ड डीजी डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, रिटायर्ड डीजी पवन जैन, स्पेशल डीजी एमके झा, डीआईजी पंकज श्रीवास्तव, एसपी क्राइम शैलेन्द्र चौहान और मदन ने किया।



## प्रभारी मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

**सतना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने शनिवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। प्रभारी मंत्री ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बाद में प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मैहर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को भी संबोधित किया।

## कलेक्टर ने तीन स्थानीय अवकाश किए घोषित

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने वर्ष 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 4 मार्च बुधवार को होली का दूसरा दिन, 19 अक्टूबर सोमवार को दशहरा (महानवमी) तथा 11 नवम्बर बुधवार को भाईदूज को स्थानीय अवकाश रहेगा। कोषालय तथा बैंकों पर यह अवकाश लागू नहीं होंगे।

# रेलवे की आराजी से हटाया गया अतिक्रमण

## दो मंजिला गोदाम ध्वस्त, 21 लाख लागत की मुक्त कराई जमीन



जागरण सतना

गंगवारिया गांव में रेलवे की अधिग्रहीत सरकारी जमीन से शनिवार को अतिक्रमण हटाया गया। राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में एक दो मंजिला गोदाम को ध्वस्त कर दिया। यह जमीन ललितपुर.सिंगरौली रेल लाइन के सतना.पन्ना खंड के बीच स्थित है।

एसडीएम नागौद जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में तहसीलदार आरआई और पटवारी मौके पर पहुंचे। टीम के साथ रेलवे द्वारा जेसीबी और चैन माउंटेन मशीनें भी लाई गई थीं। इस कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। बताया जाता है कि उक्त अतिक्रमण गंगवारिया निवासी नीरेंद्र सिंह परिहार पिता भूपेंद्र सिंह परिहार द्वारा आराजी नंबर 934 और 934ध1 के कुल 0ण्517 हेक्टेयर रकबे पर किया गया था। न्यायालय के निर्देश पर इस अवैध कब्जे को राजश्व व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के बाद ध्वस्त कर दिया गया। इस निर्माण से रेलवे लाइन का निर्माण कार्य काफी समय से बाधित था। कलेक्टर सतना ने भी मौका मुआयना कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। मुक्त कराई जमीन की अनुमानित कीमत 21 लाख रुपए बताई गई है। यह कार्यवाही शनिवार की सुबह लगभग साढ़े 10 बजे शुरू हुई जो शाम तकरीबन साढ़े तीन बजे तक चली।

> गगवरिया में रेलवे का काम बाधित करने वाले अतिक्रमण को न्यायालय के निर्देश पर हटाया गया है। संबंधित को मुआवजा भी दिया जा चुका है। इस कार्यवाही के बाद 21 लाख रुपये कीमत की जमीन मुक्त कराई गई है।
> **जितेंद्र वर्मा एसडीएम नागौद**

# चोरी के उद्देश्य से घर मे घुस कर महिला के साथ मारपीट करने वाले 3 गिरफ्तार

## कोलगवां टीआई ने कार्यवाही कर दबोचा



**जागरण सतना।** चोरी करने के उद्देश्य से घर मे घुसे आरोपियों द्वारा महिला के साथ न सिर्फ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया बल्कि सोने चांदी के जेवरात भी पार किया था। कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना का खुलासा सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान द्वारा टीआई सुदीप सोनी की मौजूदगी में कोलगवां थाना में किया गया है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह व सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

### ये थी घटना

घटना का खुलासा करते हुए बताया गया है कि 9 जनवृको फरियादी बृजकिशोर सोनी पिता राम खेलावन सोनी उम्र 73 वर्ष निवासी माधवगढ ललान मोहल्ला थाना कोलगंवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि माधवगढ में मेरे घर के दो तीन घर के अंतर में मेरी चाची देवमनी सोनी का घर है जहां पर देवमनी सोनी घर पर अकेली रहती है उनके बाल बच्चे सतना में रहते हैं। 9 जनवरी की सुबह बृजकिशोर सोनी नदी तरफ जा रहा था तभी देखा कि चाची देवमनी सोनी के घर का ताला खुला था तब पास जाकर देखा तो उनके घर के अंदर का सामान बिखरा पडा था दूसरे कमरे में देखा तो चाची देवमनी सोनी बिस्तर के पास जमीन में पड़ी थी उनके मुंह में कपडे ठूसे थे देवमनी के सिर माथे एवं चेहरे में गंभीर चोट थी खून निकला था बेहोशी की हालत में थी मौके पर एक चाकू तथा राड पडा हुआ था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोलगवां में अपराध धारा 331 ;8द्ध बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपियों ने कुबूला जुर्म

पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पृथक.पृथक टीमें गठित की गई। प्राप्त जानकारी के आधार पर संदेही इन्द्रजीत उर्फ छोटू चिकवा उदय द्विवेदी एवं प्रांशू उर्फ अल्लू चिकवा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने घटना घटित करना स्वीकार किया। 08 और .09 जनवरी की दरम्यानी रात लगभग 11.12 बजे तीनो लोग मड़फा मंदिर माधवगढ़ नदी के किनारे बैठकर गांजा सिगरेट पी रहे थे उसी दौरान तीनों आरोपियों ने मिलकर उदय द्विवेदी के घर के सामने अकेले रहने वाली सोनी वृद्ध महिला के घर में चोरी करने की योजना बनाये। फिर तीनो लोग रात करीवन 2 बजे उदय द्विवेदी के घर से ताला तोड़ने के लिये एक लोहे का सरिया व एक चाकू अपने पास रखकर वृद्ध महिला घर पहुंचे जहां चैनल गेट मे अंदर से ताला बंद था।

### तीनों ने मिलकर तोड़ा ताला

तीनों आरोपियों ने मिलकर ताला तोड़ा और अंदर घूसकर शटर बंद कर लिया। आवाज सुनकर महिला जग गई और आरोपियों को पहचान गई तब आरोपियों ने महिला को पकड़कर बिस्तर में पटक कर अपने पास रखे चाकू एवं सरिया से महिला के सिर एवं पेट में घातक बार किए जिससे महिला बेहोश हो गई। उसके बाद आरोपीगणों ने उसके घर से सोने चांदी के जेवरात जिसमें चांदी की दो तीन पायल एक चांदी का बाज एवं सोने के लाकेट वाला मंगलसूत्र जो लाल धागे मे गुथा हुआ था तथा एक काली गुरिया वाला मंगलसूत्र जिसमे दो सोने के छोटे लाकेट लगे हुये थे उसे चोरी कर अपने अपने घर भाग गए और आपस में बंटवारा कर लिए। आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर विस्तृत पूछताछ जारी है एवं चोरी गया मशरुका बरामद किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**ये आरोपी गिरफ्तार :** इन्द्रजीत उर्फछोटू चिकवा पिता मैकू चिकवा उम्र 21 वर्ष निवासी माधवगढ़ चिकान मोहल्ला उदय द्विवेदी पिता गणेशधर द्विवेदी उम्र 18 वर्ष दो माह निवासी माधवगढ़ ललान मोहल्ला प्रांशू उर्फअल्लू चिकवा पिता लल्ला चिकवा उम्र 19 वर्ष निवासी माधवगढ़ चिकान मोहल्ला सभी निवासी थाना कोलगवां जिला सतना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। निरीक्षक सुदीप सोनी उनि अखिलेश्वर तिवारी प्र आर बृजेश सिंह प्र आर रजनीश साकेत आरक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर आरक्षक आकाश द्विवेदीए आरक्षक शिवम शुक्ला आरक्षक धर्मेन्द्र पटेलए आरक्षक शहंसाह खान आरक्षक सुरेश मिश्रा आरक्षक प्रशांत परौहा आरक्षक विवेक पाण्डेयए सैनिक ओमप्रकाश द्विवेदी सैनिक विजय सिंहए सायबर सेल सतना से उनि अजीत सिंहए सउनि दीपेश कुमार प्र आर संदीप तिवारी एवं प्रआर विपेन्द्र मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# वृहद रोजगार मेले के लिए युवाओं का आनलाइन पंजीयन 15 जनवरी तक



**सतना।** सतना जिले के युवाओं को स्वावलंबी बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले सतना रोजगार पर्व 2026 की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। शनिवार को सर्किट हाउस में सांसद श्री गणेश सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, रोजगार अधिकारी बीडी तिवारी, महाप्रबंधक आरएल पाण्डेय, एकेएस यूनिवर्सिटी के कुलपति हर्षवर्धन श्रीवास्तव, जिला रोजगार अधिकारी अजय सिंह बागरी एवं हर्षवर्धन श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उद्योग के प्रतिनिधियों में मनविंदर ओबेरॉय, प्रिज्म जॉन्सन से श्री सिन्हा, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सोहन शर्मा एवं सतना-मैहर क्षेत्र के समस्त प्रतिष्ठित उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद श्री सिंह ने बताया कि सतना में एकेएस यूनिवर्सिटी परिसर में 20-21 जनवरी को वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रदेश और प्रांत के बाहर की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने सहभागिता देने का ऑफर किया है। अब तक लगभग 60 से 70 बड़ी कंपनियों ने मेले में भाग लेने की सहमति और पंजीयन कराया है। सांसद ने बताया कि सतना रोजगार पर्व 2026 रोजगार मेला में सतना संसदीय क्षेत्र के लगभग 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। मेले में लिंक के माध्यम से 4 जनवरी से 15 जनवरी तक युवाओं के पंजीयन ऑनलाइन किए जा रहे हैं। अब तक लगभग 2 हजार से अधिक युवा-युवतियों ने रोजगार के अवसर प्राप्त करने अपना ऑनलाइन पंजीयन कराया है। युवाओं की सुविधा के लिए प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में क्यूआर कोड, बारकोड एवं ऑनलाइन पंजीयन लिंक के माध्यम से सीधे रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सांसद ने कहा कि सतना और मैहर के लगभग प्रत्येक वृहद औद्योगिक संस्थान और प्रतिष्ठान अपनी सहभागिता मेले में करेंगे। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग संस्थाओं को भी मेले में सहभागिता के लिए कहा गया है।

## संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक

**सतना।** आमजनता की समस्याओं को हल करने तथा विकास योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश भर में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग के सभी जिलों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान चलाया जाएगा। अभियान चार चरणों में चलेगा। अभियान के प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में नोडल अधिकारी तैनात रहेगा। सभी आवेदन पत्रों को नोडल अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज कराया जाएगा।

# सम्पत्ति कर वृद्धि नहीं, सहूलियत पर विचार करें

**सतना।** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने नगर निगम सतना के सम्पत्ति कर ब्रद्धि प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वैसे भी पूर्व से बढे टैक्सो की बजह से जनता पीड़ित और परेशान हैं उस पर आगामी वित्तीय वर्ष में और बोझ बढ़ाना उचित नहीं है वैसे भी नगर निगम जनहित के लिए बनी संस्था है जिससे सहूलियत की अपेक्षा नागरिकों को ज्यादा रहती है उस पर भारी भरकम टैक्स थोपना असहनीय हो जाता है नागरिक सुविधा सहूलियत के साथ मिलना निगम प्रशासन की जिम्मेवारी है इसलिए निगम में जनता के चुने जनप्रतिनिधि इस विषय पर गम्भीरता से विचार करें तो बेहतर होता इसलिए नगर निगम सम्पत्ति कर ब्रद्धि के वजाय सहूलियत पर विचार करे। पहले नगर निगम 1994 की गठित परिषद में एक पार्षद के रूप में मैंने हमेशा टैक्सोंए बैठकी सहित जनहित से जुड़े विषयों पर जनहित की सर्वोच्चता को ही प्राथमिकता देता रहा जरुरत पड़ी तब तब विरोध भी किया वहीं विचार आज भी कायम है।

# 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस

**सतना।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। समस्त शिक्षण संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार कराया जाएगा। यह आयोजन एक संकेत पर एक साथ संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्, स्वामी विवेकानंद की वाणी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रिकार्डेड संदेश तथा नमस्कार एवं प्राणायम का रेडियो के माध्यम से प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। 12 जनवरी को आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

# एसपी की अध्यक्षता में खेलो एमपी यूथ गेम्स की बैठक संपन्न



**सतना।** संचालनालय खेल युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल की निर्देशानुसार सतना जिले में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह की अध्यक्षता में खेलों के आयोजन की रूपरेखा के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रितिका दुबे, एसपी तिवारी, वॉलीबॉल संघ के सचिव संतोष सिंह, एथलेटिक्स सचिव अजय मिश्रा, ताइक्वांडो सचिव डॉ. संदीप भारती, लगोरी सचिव संदीप टंडन, कबड्डी कॉर्पोरेशन सचिव मिथलेश चतुर्वेदी, जूडो सचिव अंबुज सिंह, बॉक्सिंग सचिव वीरेंद्र सिंह, कबड्डी संघ सचिव धीरेंद्र सिंह सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस खेल आयोजन को चार चरणों में संपन्न कराया जाएगा। सबसे पहले ब्लॉक स्तर पर खिलाड़ियों का चयन होगा, जिसके बाद चयनित खिलाड़ी जिला स्तर, फिर संभाग स्तर और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला मुख्यालय पर कुल 21 खेलों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। जबकि अन्य 7 खेलों के लिए सीधे राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बैठक में बताया गया कि ब्लॉक स्तरीय चयन के लिए 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक सतना एवं मैहर जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों के नेतृत्व में चयन प्रक्रिया चलेगी। इसमें शिक्षा विभाग के व्यायाम निदेशक, वरिष्ठ खिलाड़ी और खेल संघों के पदाधिकारी सहयोग करेंगे। जिला स्तर प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर से चयनित खिलाड़ी 18, 19 एवं 20 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह आयोजन दादा सुखेंद्र सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जवाहर नगर, सतना में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से होगा।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
11 जनवरी, रविवार
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
लकवा, मिर्गी, फॉलिस, बेहोशी व चक्कर आना, सिर दर्द (माइग्रेन), अंगो में कंपन, झुनझुनी-सुन्नता, मांसपेशियों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हेमरेज, नसों व स्नायु रोग अन्य दिमागी रोगों की जांच, सायटिका, सर्वाइकल स्पोंडीलाइटिस, रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर, पीठ का दर्द एवं कमजोरी आदि रोगों का इलाज व परामर्श
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
मो.: 9399312433, 9981287311

मेट्रो हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रीवा
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana — Ayushman Bharat PM-JAY
उपलब्ध विभाग
हड्डी रोग (आर्थोपेडिक्स)
प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
कैंसर रोग एवं कीमोथैरेपी
जनरल मेडिसिन
जनरल सर्जरी
यूरोलॉजी
पीडियाट्रिक
पॉलीट्रामा
पल्मोनरी मेडिसिन
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
एंडोस्कोपी
कोलोनोस्कोपी
फाइब्रोस्केन
ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ़्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक : शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

आर्थोपिडिक OPD
डॉ. पवन कुमार मिश्रा
MBBS, DNB (Orthopaedic)
ऑर्थोपेडिक सर्जन, सह-प्राध्यापक, चिरायु मेडिकल कालेज, भोपाल
ट्रामा, आर्थोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
11 जनवरी को नि:शुल्क परामर्श समय: 10AM-2PM
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
घुटने, कूल्हे, कंधे, कमर, गर्दन एवं पीठ का दर्द • सर्वाइकल स्पोडोलाइटिस • गठियाबात • जोड़ों के घिसने एवं टेढ़ेपन का ईलाज • घुटने व कुल्हे का अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ प्रत्यारोपण • घुटने के लिगामेंट इंजुरी का अत्याधुनिक ईलाज • ट्रामा एवं फ्रेक्चर • अर्थराइटिस, हड्डियों की कमजोरी
पता: श्री सांवरिया फार्मेसी, न्यू बस स्टैण्ड से 300 मी. आगे आशीयाना मैरिज गार्डेन गेट के सामने, गुलाब नगर समान रीवा (म.प्र.)
संपर्क सूत्र: 9630597027

विन्ध्य हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
VHRC
चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ते कदम
अब विंध्य हॉस्पिटल, रीवा में प्रतिदिन कैंसर सर्जन उपलब्ध
समय : सुबह 10:30 से 01:30, शाम 04:00 से 6:00
"मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली-एनसीआर से प्रशिक्षित"
क्या आप कैंसर से परेशान है ?
• मुख एवं गले का कैंसर • बच्चेदानी का कैंसर
• स्तन कैंसर • लिवर कैंसर
• फेफड़े का कैसर • पेट का कैंसर
यदि ऐसा है तो आज ही संपर्क करें
07662-406000, 9589899826
पुराना बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक, बांसघाट, रीवा
www.vindhyahospital.org
डॉ. विनीत कुमार तिवारी (ओंकोसर्जन)
MBBS, MS Surgery (Medical College Jabalpur), FALS, FIAGES DrNB Superspeciality (Surgical Oncology), New Delhi

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com